

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 7 फरवरी 2024 ■ मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-12 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-309 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 8 फरवरी 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## सरकार ने माना तेलीबांधा डिवाइडर निर्माण में हुई गड़बड़ी

### पीडब्ल्यूडी मंत्री ने उच्च स्तरीय जांच का किया ऐलान

■ तरुण छत्तीसगढ़



**रायपुर,7 फरवरी।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बुधवार को रायपुर में तेलीबांधा से वीआईपी चौक तक डिवाइडर निर्माण का मामला उठा. पीडब्ल्यूडी मंत्री अरुण साव ने इस मामले में सदन में संभागीय आयुक्त की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति बनाकर जांच कराने के साथ दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कही.भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने दो करोड़ रुपए का अवैध टेंडर का मामला उठाते हुए कहा कि देश में पहली बार जादू से सड़क बन गई. इस सड़क से मुख्यमंत्री की, नेताओं की, अफ़सरों की गाड़ियाँ चलती है. वो कौन सा आदमी है, जिसके जादू के प्रभाव में इधर-उधर सभी है. अजय चंद्राकर ने पूछा कि नेशनल हाईवे पर रोड बना रहे थे. इसके पहले क्या अनुमति ली गई थी. पीडब्ल्यूडी मंत्री अरुण साव ने कहा कि 13 जून 2022 को नगर निगम ने एनएचएआई को पत्र लिखा था. एनएचएआई ने पत्र का जवाब भी दिया. अफ़सरों की टीम ने मौक़े का जायज़ा भी लिया था. काम कौन कर रहा है ये पता नहीं चला. काम को निरस्त कर दिया गया. नगर निगम के अनटाइड फंड से इसका निर्माण किया जा रहा था. अरुण साव ने कहा कि संभागीय आयुक्त की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय जांच समिति बनाकर जांच की जाएगी. दोषियों के ख़िलाफ़ कड़ी कार्रवाई की जाएगी. अजय चंद्राकर ने कहा कि दो करोड़ के टेंडर को दस टुकड़ों में किया था. जांच समिति में रायपुर शहर के विधायकों को भी शामिल किया जाए.

## सदन में उठा वन विभाग में धोखाधड़ी का मामला

■ तरुण छत्तीसगढ़




**रायपुर 7 फरवरी ।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज वन विभाग की अनियमितता का मुद्दा गूंजा। नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने वन मंडल मरवाही में अनियमितता का मुद्दा उठाया। नेता प्रतिपक्ष ने सवाल उठाया कि, 40 करोड़ की धोखाधड़ी के मामले में जांच में देरी क्यों हुई है। उन्होंने ये सवाल उठा कि इस मामले में दोषी अधिकारियों को कौन बचा रहा है। कार्रवाई आखिर क्यों नहीं हो रही है।

जवाब में वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा कि जल्द मामले में कार्रवाई कर ली जाएगी, किसी को बचाने का कोई सवाल ही नहीं है। मंत्री के जवाब के बाद नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा कि आखिर मेहरबानी किस पर की गई? आपका विभाग अनियमितता पर कब कार्रवाई करेगा? जिसके बाद मंत्री केदार कश्यप ने भरोसा दिलाया कि 6 माह में जांच पूरा कर ली जायेगी। इस मामले में 35 लोगों पर जांच चल रही है।

इससे पहले नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने मामला उठाते हुए कहा कि लिखित जवाब में कहा गया है कि 72 प्रकरण जांच के लिये लंबित है। लगभग 40 करोड़ रुपये की गड़बड़ी का आरोप है। ये मेहरबानी किसके लिये है। वन मंत्री केदार कश्यप ने जवाब देते हुए कहा- ये पूरा मामला हमारे संज्ञान में आया है। सभी मामलों में जल्द से जल्द जाँच पूरी कर कार्रवाई की जाएगी। महंत ने कहा- 2020 में सिर्फ़ छह शिकायतों की बात हुई थी। तब कहा गया था कि 15 दिनों में जांच कर ली जाएगी। इस प्रकरण में विभाग के अधिकारी उत्तरदायी हैं। ज़िम्मेदार कौन है? मेहरबानी किसके लिये की जा रही है। जवाब में वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि 79 मामले सामने आये थे। 7 मामलों में जांच प्रक्रियाधीन हैं। बाक़ी 72 मामलों में जांच आने वाले छह महीनों के भीतर कर ली जाएगी। 7 मामलों में 35 अधिकारियों को दोषी पाया गया है। इसी सवाल पर सप्लीमेंट्री सवाल उठाते हुए भाजपा विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि यह बहुत गंभीर विषय है। मरवाही इकलौता वन मंडल था जहां रेंजर और एसडीओ डीएफ़ओ के पद पर बैठे थे। ये इतना बड़ा मामला है कि जांच के लिये दुबई तक जाना होगा। ईडी की तरह जांच विस्तृत करना होगा। धर्मजीत सिंह की बात को सुनकर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि मंत्रीजी ने इशारा समझ लिया है, इस मामले में जब कार्रवाई की जायेगी।

## संक्षेप

### पुलिस-नक्सली मुठभेड़

**कवर्धा 7 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में नक्सलियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई. करीब आधे घंटे तक की फायरिंग के बाद फोर्स को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल की आड़ लेकर भाग गए. एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव ने घटना की पुष्टि की है. मिली जानकारी के अनुसार, कवर्धा जिले के चिल्फी थाना अंतर्गत माराडबरा जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई. फायरिंग के बाद नक्सली वहां से भाग गए. इसके बाद फोर्स ने एरिया सर्च किया तो मौके पर से 7 एके 47 रायफल के साथ ही भारी मात्रा में दैनिक उपयोगी सामान बरामद किया गया. वहीं दो दिन पहले कांकेर जिले में नक्सलियों ने जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए स्पाइक होल में फंसाने की साजिश रची थी लेकिन जवानों ने उनके इरादों पर पानी फेर दिया. दरअसल, कांकेर के छोटे बेठिया थाना क्षेत्र के जंगलों में जवान सर्चिंग पर निकले थे। इस दौरान उन्हें करीब 20 गड्ढे मिले, जिन्हें पत्तों से छिपा कर रखा गया था. नक्सलियों ने जवानों को स्पाइक में फंसाने की साजिश रची थी.

### वीणा वर्मा के निधन पर सीएम ने शोक व्यक्त किया

**रायपुर, 7 फरवरी।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्यसभा की पूर्व सांसद वीणा वर्मा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।



वर्मा का कल नई दिल्ली के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। बिलासपुर सहित छत्तीसगढ़ के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वे प्रसिद्ध कवि स्वर्गीय श्रीकांत वर्मा की पत्नी थीं। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवार जनों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

### अयोध्या से रायपुर लौटा रामभक्तों का पहला जत्था

**रायपुर,7 फरवरी।** प्रदेश के रामभक्तों को राम मंदिर के दर्शन कराकर आस्था स्पेशल ट्रेन रायपुर लौट आई है। दर्शन कर लौटे श्रद्धालुओं का रेलवे स्टेशन में तिलक और माला पहना कर भव्य स्वागत किया गया। ट्रेन के रायपुर पहुंचते ही बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने लोगों पर फूल बरसा कर कर स्वागत किया। लोग ढोल नंगाड़ों की गूंज पर नाचते हुए जय श्रीराम के नारे लगाते रहे। बता दे कि रामभक्तों को रामलला के दर्शन कराने पहली ट्रेन इसी महीने की 4 तारीख को रवाना हुई थी। दुर्ग से रवाना हुई इस आस्था स्पेशल ट्रेन में 1344 श्रद्धालु सवार थे। यह ट्रेन दुर्ग से रवाना हुई थी जो दो दिन बाद वापिस लौट आई। यह यात्रा राज्य सरकार के घोषणा अनुसार श्री रामलला दर्शन योजना के तहत कराई गई थी।

### हाईकोर्ट ने अरपा नदी को लेकर राज्य सरकार पर जताई नाराजगी

**बिलासपुर,7 फरवरी।** हाइकोर्ट की डिवीजन बैंच में अरपा नदी को साफ रखने के साथ ही संरक्षण और संवर्धन को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई. इस दौरान कोर्ट ने राज्य सरकार पर जमकर नाराजगी जताई. कोर्ट ने कहा कि जिम्मेदार अधिकारी इसे गंभीरता से नहीं ले रहे. कोर्ट ने शासन से पूछा कि इसके लिए क्या कार्ययोजना है. सुनवाई के दौरान सालसा की ओर से इकोलाजिस्ट नीरज तिवारी की तरफ से अरपा को साफ रखने संबंधी एक रिपोर्ट पेश की गई. कोर्ट ने वकीलों की एक टीम बनाने की बात कही है, जो अरपा नदी के संरक्षण को लेकर चल रहे कार्यों और प्रयासों पर नजर रखेगी. कोर्ट ने कहा कि शासन-प्रशासन यह व्यवस्था करे कि ड्रेनेज वाटर क्लीन होकर ही अरपा नदी में छोड़ा जाएगा. बता दें कि हाईकोर्ट के अधिवक्ता अरविंद कुमार शुक्ला और पेंड्रा निवासी राम निवास तिवारी ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका लगाते हुए अरपा नदी में बाहरमासी पानी रहे और इसके साथ ही उसे सजाने और संवारने के साथ साफ पानी छोड़ने की मांग की है.

## क्या आईएएस और आईपीएस के बच्चों को आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए?

### सुको में दलित जज ने ही पूछा बड़ा सवाल



**चंडीगढ़,7 फरवरी।** पंजाब में अनुसूचित जाति वर्ग के आरक्षण को लेकर 2006 में एक फैसला लिया गया था। इसके तहत वाल्मीकि और मजहबी सिखों को महादलित का दर्जा दिया गया था और कुल 15 फीसदी आरक्षण में से आधा हिस्सा उनके लिए रिजर्व किया गया था। इस तरह दो समुदायों को एससी आरक्षण में प्राथमिकता मिली थी, लेकिन 2010 में हाई कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया था। अब पंजाब सरकार इसके बचाव में उच्चतम न्यायालय पहुंची है, जहां आरक्षण को लेकर दिलचस्प बहस चल रही है।

सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक बेंच ने इस मामले में अहम टिप्पणी करते हुए सवाल किया कि पिछड़ी जातियों के जिन लोगों को आरक्षण का फायदा मिल चुका है, क्या वे इसे अब छोड़ नहीं सकते ताकि उनके ही वर्ग के दूसरे लोगों को इसका फायदा मिले? खुद दलित समुदाय से आने वाले और अगले साल मई में चीफ जस्टिस बनने जा रहे बीआर गवई ने कहा, अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग का एक शख्स यदि आईएएस या आईपीएस बन जाता है तो उसके पास बेहतरीन सुविधाएं होती हैं। कोई अभाव नहीं रह जाता। इसके बाद भी उसके बच्चों और फिर बच्चों के भी बच्चों को आरक्षण मिलता है। सवाल यह है कि क्या यह जारी रहना चाहिए?

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली 7 जजों की बेंच के आगे पंजाब सरकार का पक्ष रखते हुए पंजाब के एडवोकेट जनरल गुरमिंदर सिंह ने कहा कि पिछड़ों में भी अति पिछड़ों की अलग से पहचान करनी चाहिए। उन्हें रोजगार के अवसरों में प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इसी बहस में सीनियर एडवोकेट निधीश गुप्ता ने कहा कि पंजाब में 33 फीसदी दलित आबादी है। इनमें भी वाल्मीकि, भंगी और मजहबी सिख 29 फीसदी हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की नौकरियों में 81 फीसदी पदों पर 43 पर्सेंट एससी समुदाय के लोग हैं। इनके अलावा अन्य 57 फीसदी लोगों का प्रतिनिधित्व 19 फीसदी ही है।

उन्होंने कहा कि यदि पिछड़े समाज के किसी व्यक्ति के 56 फीसदी अंक आते हैं और फॉरवर्ड क्लास वाले के 99 पर्सेंट आते हैं तो फिर पिछड़े को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। इसकी वजह यह है कि फॉरवर्ड वाले के पास एरोप्लेन से लेकर तमाम सुविधाएं रहती हैं। वहीं पिछड़े वर्ग के व्यक्ति को तमाम अभावों के बीच संघर्ष करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इसी तरह जिन लोगों को एक बार स्ट कोटे का फायदा मिल जाता है, उनके पास सुविधाओं की पहुंच होती है। ऐसे में उन्हें दूसरे लोगों के लिए राह बनानी चाहिए। गुरमिंदर सिंह ने कहा कि संविधान निर्माताओं का भी यह इरादा नहीं था कि आरक्षण यदि एक बार किसी को मिल जाए तो फिर वह लगातार उसका लाभ उठाता ही रहे।

### शरद गुट से पहले ही सुप्रीम कोर्ट पहुंचा अजित पवार गुट

**नई दिल्ली,7 फरवरी।** चुनाव आयोग ने अजित पवार वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को ही असली एनसीपी करार दिया है। आयोग के इस फैसले के बाद महाराष्ट्र में शरद पवार के गुट ने फैसले पर नाराजगी जताई है। बताया गया है कि विपक्ष इस मुद्दे पर जल्द ही सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकता है। हालांकि, इससे पहले ही अजित पवार गुट ने बुधवार को कोर्ट में कैविएट दाखिल कर दी। उनकी तरफ से मांग की गई है कि विपक्ष की तरफ से मामले में दायर किसी भी याचिका पर उन्हें भी सुना जाए।

गौरतलब है कि छह महीने से अधिक समय तक चली 10 से ज्यादा सुनवाई के बाद चुनाव आयोग ने एनसीपी में विवाद का निपटारा किया और अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट के पक्ष में फैसला सुनाया था। अब एनसीपी का नाम और चुनाव चिह्न 'घड़ी' अजित पवार के पास रहेगा। इस फैसले पर शरद पवार के धड़े ने नाराजगी जताई थी। वहीं, महाविकास अघाड़ी में उनकी साथी रही उद्धव शिवसेना और कांग्रेस ने भी चुनाव आयोग के फैसले का विरोध किया था और कोर्ट जाने की बात कही थी। दूसरी तरफ अजित पवार ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि लोकतंत्र में बहुमत को ही प्राथमिकता दी जाती है।

## जनता से किए सारे वादों को करेंगे पूरा : कौशिक

**रायपुर,7 फरवरी।** विधानसभा बजट सत्र को लेकर भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि इस सत्र में प्रदेश की जनता किए हुए वादे हैं, उन्हें पूरा करने के लिए सारी चीज दी गई है, और जो अपेक्षा प्रदेश की जनता का है. चुनाव के समय जो वादे किए हैं, उन सारे वादे को हम लोग पूरा करेंगे. इस लिहाज से बजट सत्र हमारे लिए महत्वपूर्ण है. महतारी वंदन योजना को लेकर धरमलाल कौशिक ने कहा कि फॉर्म भरा जा रहा है. हम चाहते हैं कि पात्रता रखने वाले एक भी महिला वंचित न हो. इसलिए जितना जल्दी हो सके, उनका फॉर्म फिलअप हो सके. इससे लाभ से वंचित न हो, बल्कि उनका लाभ मिलना शुरू हो जाए. इसलिए प्रदेश में काफी उत्सुकता के साथ यह लोग फॉर्म भरा रहे हैं. अयोध्या जाने के लिए दुर्ग से जाने वाली ट्रेन के संबंध में धरमलाल कौशिक ने कहा कि उसे ट्रेन को झंडी दिखाने के लिए हमारे मंत्री दयालदास बघेल, श्याम बिहारी जयसवाल, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव और मैं स्वयं रहूंगा. हमारे सहयोगी रहेंगे. जितने विधायक सांसद हम सबको आमंत्रित किए हैं, और बड़े संख्या में हमारे जनप्रतिनिधि साथ शामिल होंगे. हम लोग राम भक्तों का स्वागत करने के बाद में उनको रवाना करेंगे.



प्रदेश प्रभारी के दौरे को लेकर कौशिक ने कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद लोकसभा के चुनाव है. और लोकसभा के चुनाव में कभी भी आचार संहिता लग सकती है, इसलिए आचार संहिता लगने के पहले जो पूर्व तैयारी होनी चाहिए, हम कर रहे हैं. हमारे प्रदेश प्रभारी बहुत गंभीरता से इस चुनाव को ले रहे हैं, जिसके कारण में वह लगातार आते रहेंगे. हमारे बीच में रहेंगे. जिस प्रकार से विधानसभा चुनाव मार्गदर्शन में जीते हैं. हम इस बार 11 के 11 सीट उनके मार्गदर्शन में जीतेंगे. 9 फरवरी बजट पेश करने को लेकर धरमलाल कौशिक ने कहा कि जो प्रदेश की जनता के गांव है गरीब हैं, किसान हैं.खास करके हमारे युवा साथी हैं, महिलाएं हैं. इन सभी को समाहित करते हुए बहुत ही अच्छा बजट प्रस्तुत होगा. जो रुके हुए विकास के कार्य हैं, अवरुद्ध कार्य हैं, उसकी गति मिल सके, बढ़ावा मिल सके. इस प्रदेश को ऊंचाइयों में लेकर आया सके. उसके अनुरूप हमारा बजट प्रस्तुत होगा.

## राजिम कुंभ: मीना बाजार का स्थान बदलने जिलाधीश ने दी सहमति : चन्दूलाल साहू

**गरियाबंद,7 फरवरी।** आगामी राजिम कुंभ मेला स्थल से मीना बाजार व को अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को अन्यत्र स्थानांतरित करने के लिए आज पूर्व सांसद एवं पिछड़ा वर्ग भाजपा आयोग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंदूलाल साहू के नेतृत्व में अनेक लोगों ने जिलाधीश दीपक अग्रवाल से भेंट की। मेला में होने वाली अवस्थाओं को देखते हुए इस भीड़ वाले स्थान से मीना बाजार व अन्य व्यावसायिक संस्थानों को अन्यत्र स्थान प्रदान करने की मांग जिलाधीश को ज्ञापन सौंपते हुए कि जिलाधीश ने उन्हें आश्वस्त किया है की यथासंभव जल्द ही इस पर फैसला ले लिया जाएगा उल्लेखनीय है पूर्व में धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल द्वारा ली गई। अधिकारियों की बैठक के अवसर पर भी यह बात सामने आई थी जिस पर जितेंद्र सोनकर ने अपनी बात रखते हुए कहा था कि मेला स्थल एकदम आत्मानंद स्कूल अस्पताल व नेशनल हाईवे के करीब होने के कारण काफी



आवागमन में बाधा उत्पन्न होती है इसे देखते हुए अन्यत्र स्थापित किया जाए जिस पर मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा था कि जल्द ही नई चयनित मेला स्थल जो की पास है वहां पर मीना बाजार व अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठा लगाने का निर्देश जिलाधीश को दिया था संभवत जल्द ही इस पर पहला हो जाएगी।

## कोल परिवहन की एनओसी और परमिट अब से ऑनलाइन : सीएम



**रायपुर,7 फरवरी।** भाजपा विधायक राजेश मूणत ने कोयला परिवहन और उससे संबंधित परमिट और स्वीकृति का मसला ध्यानाकर्षण के जरिए सदन में उठाया. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पारदर्शिता और सुशासन को अपनी सरकार की प्राथमिकता बताते हुए तात्कालिक संचालक की ओर से 15 जुलाई 2020 में लिए गए फैसले को रद्द करते हुए अब से ऑनलाइन टीपी जारी करने की घोषणा की. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सदन में बताया कि खनिज विभाग द्वारा एक आदेश जारी हुआ था. संचालक के द्वारा 15 जुलाई 2020 को इस आदेश के द्वारा यह व्यवस्था दी गई थी कि खनिज सम्मिलित द्वारा ई परमिट का भौतिक सत्यापन करने के बाद ही इस ट्रांजिट पास किया जा सकेगा. इसके पहले जो ऑनलाइन प्रक्रिया थी, उसे बंद कर कर ऑफलाइन किया गया, जिसके कारण परिवहन में भी लेट होता था, और भ्रष्टाचार का भी समावेश हो गया था. मुख्यमंत्री ने कहा कि कोयला परिवहन में भ्रष्टाचार हुआ था, छवि खराब हुई थी. ईडी उस पर जांच भी कर रही है. कई लोग, संचालक, माइनिंग ऑफिसर आज जेल के अंदर हैं. इससे प्रदेश की छवि खराब हुई. लेकिन आज मुझे बताते हुए गौरव हो रहा है कि हमारी सरकार पारदर्शिता, भ्रष्टाचार मुक्त और सुशासन को ध्यान में रखते हुए 15 जुलाई 2020 के कानून को निरस्त किया है, और अब ऑनलाइन टीपी जारी होगा. इसके पहले सदन में राजेश मूणत ने कोयला परिवहन का मुद्दा उठाते हुए सवाल किया कि खनिज विभाग के किस अधिकारी ने और किसकी सहमति से ऑनलाइन प्रक्रिया में संशोधन को हरी झंडी दी? कोल परिवहन के नाम पर अवैध वसूली का खेल चला. कौन-कौन अधिकारी जांच के घेरे में है, और क्या कार्रवाई हुई है? मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बगैर परिवहन पास प्राप्त किए परिवहन किया जा रहा था. संचालक आईएएस समीर विश्नोई ने 2020 में नये निर्देश दिए थे, जो जेल में है. राजेश मूणत ने कहा कि ऐसी क्या वजह थी कि ऑनलाइन प्रक्रिया को ऑफलाइन किया गया? क्या डायरेक्टर ऑफलाइन करने के लिए अधिकृत हैं? क्या भारसाधक मंत्री से अनुमति ली गई? 15 साल में नये-नये तरीके से भ्रष्टाचार किया गया. क्या ये केस सीबीआई को सौंपा जाएगा, और ऑफलाइन प्रक्रिया को ऑनलाइन करेंगे? सीएम ने कहा कि खनिज विभाग के संचालक ने सरकार से अनुमोदन नहीं लिया था. हमारी सरकार सुशासन के लिए संकल्पित है.

## विधानसभा: मरवाही वनमंडल में अनियमितता का मामला गरमाया

**रायपुर,7 फरवरी।**मरवाही वनमंडल के अंतर्गत अनियमितता का मामला सदन में उठा. नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के सवाल के जवाब में वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि ये पूरा मामला हमारे संज्ञान में आया है. सभी मामलों में जल्द से जल्द जांच पूरी कर कार्रवाई की जाएगी. नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत मामला उठाते हुए कहा कि लिखित जवाब में कहा गया है कि



72 प्रकरण जांच के लिए लंबित हैं. लगभग 40 करोड़ रुपए की गड़बड़ी का आरोप है. ये मेहरबानी किसके लिए है. पुराने मुख्यमंत्री के लिए?, नये मुख्यमंत्री के लिए है?, या किसी और के लिए है? महंत ने कहा कि 2020 में सिर्फ़ छह शिकायतों की बात हुई थी. तब कहा गया था कि 15 दिनों में जांच कर ली जाएगी. इस प्रकरण में विभाग के अधिकारी उत्तरदायी हैं. ज़िम्मेदार कौन है? मेहरबानी किसके लिये की जा रही है. वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि 79 मामले सामने आये थे. 7 मामलों में जांच प्रक्रियाधीन हैं. बाक़ी 72 मामलों में जांच आने वाले छह महीनों के भीतर कर ली जाएगी. 7 मामलों में 35 अधिकारियों को दोषी पाया गया है. बीजेपी विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि ये बहुत सेंसिटिव मामला है. मरवाही इकलौता वन मंडल था, जहां रेंजर और एसडीओ, डीएफ़ओ के पद पर बैठे थे. ये इतना बड़ा मामला है कि जांच के लिये दुबई तक जाना होगा. ईडी की तरह जांच विस्तृत करना होगा.

# हसदेव: पेड़ों की कटाई पर स्थगन अग्राह्य, हंगामा

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर 7 फरवरी ।** विधानसभा में आज हसदेव अरण्य में कटाई के मुद्दे पर खूब हंगामा हुआ। स्थगन अग्राह्य होने के बाद विपक्षी विधायकों ने जमकर नारेबाजी की। इस दौरान सभी विधायक गर्भगृह में पहुंच गये, जिसकी वजह से विपक्षी विधायक स्वमेव निलंबित हो गये। इससे पहले विपक्ष ने आज हसदेव अरण्य में कटाई पर स्थगन लाया। शून्यकाल में नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने इस मुद्दे को उठाया। विधानसभा अध्यक्ष ने स्थगन की ग्राह्यता पर चर्चा की अनुमति दी। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि नई सरकार बनने के पहले ही वन संरक्षक ने पेड़ काटने की अनुमति दे दी। छत्तीसगढ़ विधानसभा ने शासकीय संकल्प पारित किया था, इसके बावजूद पेड़ों को काटा जाना बेहद गंभीर है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि ये लोकहित का मुद्दा है, इसलिए विधानसभा के सभी कामों को रोककर स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा कराई जाये। वहीं स्थगन पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कौन सी अदृश्य शक्ति है जिसने बगैर आदेश पेड़ों की कटाई शुरू कर दी गयी। कौन सी अदृश्य शक्ति है, जिसने बगैर आदेश तोड़फोड़ शुरू कर दिया। भूपेश बघेल ने कहा कि पूरे प्रदेश में गोबर की खरीदी बगैर आदेश रोक दी गई। हसदेव अरण्य में पेड़ों की कटाई रोका जाना चाहिए। भूपेश बघेल ने भी मांग की, इस विषय पर सभी काम रोककर चर्चा कराई जाए। ग्राह्यता पर चर्चा के बाद हसदेव अरण्य में पेड़ों की कटाई के मुद्दे पर लाये गये स्थगन को विधानसभा अध्यक्ष ने अग्राह्य कर दिया। सदन में विपक्षी सदस्यों ने नारे लगाये। हंगामे बीच सदन की कार्यवाही पांच मिनट के लिए स्थगित कर दी गयी। लेकिन, हंगामा जारी रहा। हसदेव में कटाई में मामले में सदन में जोरदार हंगामा, नारेबाजी करते हुए विपक्ष के विधायक गर्भगृह में पहुंचे। गर्भगृह पहुंचकर विपक्ष के सदस्यों ने नारेबाजी शुरू कर दी। गर्भगृह में पहुंचने से विपक्ष के विधायक हुए निलंबित।

इससे पहले नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने कहा-हसदेव क्षेत्र में सभी कोल ब्लॉक रद्द करने को लेकर इस सदन में ही संकल्प पारित किया गया. 26 जुलाई 2022 को पारित किया गया था. केंद्र सरकार को पत्र प्रेषित किया गया था. इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई. सरकार बनने और मुख्यमंत्री बनने के पहले वन विभाग ने हसदेव में पेड़ काटने की अनुमति दे दी. 15 हज़ार 307 पेड़ों को काटने की अनुमति दे दी. विधानसभा ने अशासकीय संकल्प पारित कर दिया था, इसके बाद भी इस तरह का आदेश जारी करना दुखद है. ये गंभीर समस्या है. हसदेव ख़त्म होने से बांगो बांध ख़त्म हो जाएगा. वन ख़त्म हो जाएगा. वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा- इसी सदन में सर्व सम्मति से अशासकीय संकल्प पारित किया गया था. इसके बाद भी कटाई की अनुमति दे दी गई. ये कौन सी अदृश्य शक्ति है जिसमें पेड़ों की कटाई की अनुमति दे दी गई. इससे वन्यजीव प्रभावित होंगे. वहाँ के आदिवासी प्रभावित होंगे. बांगो बांध

### विपक्ष के विधायक निलंबित

प्रभावित होने की वजह से कई ज़िले सिंचाई से प्रभावित होगा।

कांग्रेसी विधायक कुंवर निषाद और विक्रम मंडावी ने कहा- जंगल ख़त्म होने से जीवन प्रभावित होगा. हसदेव में हाथी मानव द्वन्द चल रहा है. हसदेव क्षेत्र के आदिवासी अपनी बात नहीं रख पा रहे हैं. आदिवासियों के जल जंगल और ज़मीन पर खतरा मंडरा रहा है. वहीं, कांग्रेसी विधायक अनिला भेड़िया ने कहा- उद्योगपतियों के लिए जंगल काटा जा रहा है. केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार है. हसदेव को बचाने और आदिवासियों के संरक्षण के लिए काम करना चाहिए.

अंबिका मरकाम ने कहा कि- हमारे मुख्यमंत्री आदिवासी हैं. हसदेव में आदिवासियों का सबसे बड़ा नुक़सान हो रहा है. हम मानते हैं कि आदिवासी मुख्यमंत्री होने का लाभ मिलता. अटल श्रीवास्तव ने कहा कि आदिवासियों की ज़मीन उजाड़ने का काम किया जा रहा है. पुलिस के पहरे में पेड़ों की कटाई हो रही है. अदाणी को दिये गये एमडीओ में ये स्पष्ट रूप से लिखा है कि सालों तक कोल का खनन किया जा सकता है फिर एक नये ब्लॉक की क्या ज़रूरत? लालजीत सिंह राठिया ने कहा- आदिवासी मुख्यमंत्री राज्य के आदिवासियों का सुरक्षा कवच हैं. उन्हें आदिवासियों की इस समस्या का निराकरण करना चाहिए. हसदेव की कटाई से बांगो बांध पूरी तरह से ख़त्म हो जाएगा.

हर्षिता बघेल और सावित्री मंडावी ने कहा- हसदेव को केंद्र और राज्य का विषय ना बनाकर आदिवासियों के हित में फ़ैसला लिया जाना चाहिए. हमारे पूर्वजों ने हज़ारो सालों से इस जंगल को बचाकर रखा है. ये वन्य जीवों के साथ साथ आदिवासी संस्कृति को ख़त्म करने जैसा है.राघवेंद्र सिंह ने कहा- वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट में कहा गया था कि हसदेव क्षेत्र के किसानों की कमाई 160 फ़ीसदी बढ़ी है. ये सघन क्षेत्र के जंगल हैं. खड़गवा क्षेत्र में वन अधिकार पट्टे बंटे हैं. राजस्थान के पास पर्याप्त कोयला है. इस भंडार से काम चल सकता है. इसके बाद भी काटने की अनुमति देती है तो ये गंभीर मुद्दा होगा.बीजेपी विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा- नेता प्रतिपक्ष ने हसदेव के लिये उस वक़्त मुझे विशेष अनुमति दिया था जब वह खुद आसंदी पर बैठे थे. बिसाहू दास महंत, रामचंद्र सिंहदेव जैसे नेताओं ने बांगो बांध की कल्पना की थी. सारे विकास के काम गंगरेल में हो रहे थे बागों में नहीं हो रहे थे. जो आज आदिवासी हितों को रक्षा की बात कर रहे हैं उनमें से एक आदमी भी बोलने खड़ा नहीं हो रहा था. मैंने ये भी कहा था कि राहुल गांधी जब मदनपुर आये थे तब जिस चबूतरे में बैठे थे वहाँ के किसानों की ज़मीन बेदख़ल करने का आदेश भी पिछली सरकार ने दिया था. पिछली सरकार ने तीन आदेश देकर पेड़ों को आरी देने का काम किया था. ये काम विष्णुदेव साय सरकार ने नहीं किया है. उस दिन मैं चीख चीख कर कह रहा था कि पेड़ों की कटाई के सभी आदेशों को रद्द कर दिया जाये. उस दिन ही सख़्ती से सरकार अपने सभी आदेशों को रद्द कर देती तो ज़्यादा बेहतर होता.नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने कहा- यदि आसंदी पर ही प्रश्नचिन्ह लग जाये तो ये चिंता का विषय है. देश में साढ़े तीन लाख मिट्रिक टन कोयले का भंडार है, जो हसदेव क्षेत्र के बाहर हैं. हसदेव को बचाकर भी कोयले की ज़रूरत पूरी की जा सकती है. हसदेव में सौ से अधिक प्रकार के वनस्पति है. सैकड़ों प्रकार के जीव जंतु हैं. मुख्यमंत्री का हाथ ना उधर का शामिल है ना इधर का शामिल है.

एक नजर

## सौरव की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने किया ईनाम घोषित



**भिलाई, 7 फरवरी।** भिलाई महादेव सट्टा एप के संचालक व फरार आरोपित सौरभ चंद्राकर की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने इनाम की घोषणा की है आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक दुर्ग द्वारा 10 हजार और पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग द्वारा 25 हजार रुपये नगद इनाम दिया जाएगा आरोपित को गिरफ्तार कराने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जाएगा महादेव सट्टा एप के फरार आरोपित सौरभ चंद्राकर (27 ) के खिलाफ जामुल थाना में जुआ एक्ट का अलग-अलग मामला दर्ज है उसके खिलाफ 12 अप्रैल 2022, 23 जून 2023 व 4 जून 2023 को अपराध दर्ज किया गया है छावनी थाना अंतर्गत मदर टेरेसा नगर मयूर पार्क के पास भिलाई निवासी सौरभ चंद्राकर लंबे से फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक दुर्ग द्वारा दो फरवरी 2024 को 10 हजार रुपये नगद इनाम की घोषणा की गई है दुर्ग रेंज आईजी राम गोपाल गर्ग द्वारा प्रकरण की गंभीरता दो देखते हुए फरार आरोपित को गिरफ्तार कराने वाले व्यक्ति को 25 हजार रुपये नगद राशि से पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की है ।

## एसपी जितेंद्र शुक्ला ने लिया चार्ज



**भिलाई, 7 फरवरी।** भिलाई नव पदस्थ एसपी जितेंद्र शुक्ला ( आईपीएस) अपना चार्ज ले लिया पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने मीडिया से चर्चा की उन्होंने कहा कि दुर्ग जिले की प्राथमिकता एक हफ्ते बाद ज्यादा अच्छा बता पाउंगा दुर्ग जिले में मेरी पहली पोस्टिंग है इससे पहले मैं राजनांदगांव एसपी जरुर रहा लेकिन दुर्ग जिले में ज्यादा अटैचमेंट नहीं था पुलिस अधीक्षक के रुप में मेरा यह छठवां जिला है और हमेशा मेरी प्राथमिकता बेसिंग पुलिसिंग रही है उन्होंने कहा कि 5 जिले में सफल रहा हूं दुर्ग जिला थोड़ा चैलेंजिंग है नए पुलिस कप्तान जितेन्द्र शुक्ला ने सभी से परिचय लेने के बाद पुलिस अफसरों से चर्चा की इसके बाद एसपी ने सेक्टर-6 स्थित पुलिस कंट्रोल रुम में थानेदारों व चौकी प्रभारियों की मीटिंग ली इस दौरान उन्होंने कई मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए वहीं जिले के वस्तु स्थिति से भी अवगत हुए अपने आप में ब्रांड है पुलिस दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने बताया कि बेसिंग पुलिसिंग एक ऐसा कॉन्सेफ्ट है जिसमें आप अपना काम करते हो तो अन्य कोई काम अतिरिक्त कुछ करने की जरुरत नहीं पड़ती उन्होंने कहा पुलिस को किसी के नाम की जरुरत नहीं वह अपने आप में ब्रांड है उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार का नशा सोसायटी को खराब करता है और आने वाली पीढ़ी को भी खराब करता है ज्यादातर क्राइम नशे से हो रहे हैं मारपीट से लेकर छोटे-छोटे मामले होते हैं फिर धीरे-धीरे बड़े क्राइम तक पहुंच जाते हैं नशे पर कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी नशे के सख्त एक्शन के साथ नशा बंद कराने की प्राथमिकता रहेगी ।

## दर्शनार्थी अयोध्याधाम रामलला दर्शन के लिए बस से किया प्रस्थान





**कवर्धा, 7 फरवरी।** कवर्धा से अयोध्या धाम रामलला दर्शन हेतु कवर्धा से संतोष पटेल जिला भाजपा महामंत्री के साथ 80 दर्शनार्थियो के साथ कवर्धा से बस द्वारा दुर्ग पहुचेंगे और दुर्ग से आस्था स्पेशल ट्रेन से अयोध्या धाम जायेंगे ।

## बार एण्ड रॉड मिल में हिंदी कार्यशाला आयोजित

**भिलाई, 7 फरवरी।** भिलाई इस्पात संयंत्र के बार एण्ड रॉड मिल विभाग के सभागार में मुख्य महाप्रबंधक मुकेश कुमार गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग को प्रोत्साहन एवं भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित राजभाषा नीतियों के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में महाप्रबंधक शिखर तिवारी, महाप्रबंधक एस. एन. त्रिपाठी, महाप्रबंधक आशीष ठाकुर, महाप्रबंधक एस. मोहंती, महाप्रबंधक के. के. ठाकुर तथा वरिष्ठ प्रबंधक सुनील सोनी, सुश्री उप प्रबंधक ग्लेमिका पटेल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक मुकेश कुमार गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम घर और कार्यक्षेत्र में सारा वार्तालाप अपनी भाषा हिंदी में करते हैं। आवश्यकता केवल कागज़ात में हिंदी लिखने की है। वरिष्ठ प्रबंधक एवं विभागीय हिंदी समन्वय अधिकारी बीरेन्द्र कुमार सिंह ने बार एण्ड रॉड मिल विभाग द्वारा हिंदी के क्षेत्र में की जा रही पहल, विशेष उल्लेखनीय कार्यों एवं संयंत्र स्तरीय प्रतियोगिताओं के विजेताओं की जानकारी दी व विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने राजभाषा के सांविधिक प्रावधानों की जानकारी दी तथा ऑनलाइन गूगल वॉइस टाइपिंग एवं ऑनलाइन नोटशीट प्रणाली 'सैप' में हिंदी में नोटशीट बनाने का प्रदर्शन किया।

# जिले में आवास निर्माण का कार्य जोरों पर, ग्रामीणों में उत्साह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,7 फरवरी।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की सहायता से ग्रामीणों द्वारा अपना आवास बनाया जा रहा है। ग्रामीणों को आवास निर्माण में सहायता के लिए जिले के सभी तकनीकी सहायक एवं ग्राम रोजगार सहायक लगातार अपने क्षेत्रो में मुस्तादी से कार्य कर रहे हैं। प्रतिदिन लाभार्थियों से संपर्क कर निर्माण की बारीकियां देखते हुए ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया जा रहा है कि निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करें। उल्लेखनीय है कि जिले के वनांचल क्षेत्र के लिए विशेष पिछड़ी जनजाति बैग समुदाय के लाभार्थियों के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत आवास की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी तरह शेष ग्रामीण क्षेत्रों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से आवास की स्वीकृति दी गई थी। वर्तमान में उक्त दोनों मद से निर्माण कार्य लगातार चल रहे हैं। इन योजनाओं से राशि जारी होने पर ग्रामीणों को अपने आवास बनाने के लिए आर्थिक मदद मिल रहा है, जिससे उनका पक्के मकान का सपना पूरा हो रहा है। प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि वनांचल क्षेत्र में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के लाभार्थियों के लिए प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान जनमन योजना से आवास की स्वीकृत किया गया है। उक्त आवास 2 लाख रुपए की लागत से स्वीकृत है और इसके अतिरिक्त 12 हजार रुपए शौचालय निर्माण के लिए साथ मे अपना आवास बनाने के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से 95 दिवस का रोजगार और इसकी मजदूरी अलग से प्राप्त होगा। इसी तरह अन्य ग्रामीण क्षेत्र के लिए आवास निर्माण के लिए 1 लाख 30 हजार रुपए लाभार्थियों को दिया जा रहा है। राशि का आवंटन चार किस्तों में हो रहा है जैसे-जैसे आवास निर्माण की प्रगति होती है राशि हितग्राहियों के खाते में जारी किया जाता है।सीईओ अग्रवाल ने बताया कि विभाग के तकनीकी कर्मचारी लाभार्थियों को आवास निर्माण के लिए सहयोग प्रदान कर रहे हैं एवं इसके लिए लगातार अपने कार्यक्षेत्र का भ्रमण कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आवास निर्माण में कबीरधाम जिला पूरे राज्य में तीसरे स्थान पर है। उन्होंने लाभार्थियों से अपील करते हुए कहा कि वह अपने आवास का निर्माण स्वयं करें किसी के बहकावे में नहीं आते हुए गुणवत्ता के साथ आवास निर्माण का कार्य समय पर पूर्ण करें । प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान जनमन योजना अंतर्गत अभी तक कुल 7 हजार 981 परिवारों का सर्वे किया गया है। सर्वेक्षण उपरांत 3 हजार 554 परिवारों के आवास की स्वीकृति प्रदान किया गया। जिसमे जनपद पंचायत बोड़ला क्षेत्र के 2 हजार 81 एवं जनपद पंचायत पंडरिया क्षेत्र के 1473 आवास शामिल है। स्वीकृत आवास में से 2996 आवास के लिए प्रथम क़िस्त की राशि जारी किया गया है, जिसमे जनपद पंचायत बोड़ला क्षेत्र के 1 हजार 699 एवं जनपद पंचायत पंडरिया क्षेत्र के 1 हजार 297 आवास शामिल है। लाभार्थियों द्वारा निर्माण कार्य प्रारंभ कर अपना आवास बनाए जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत कुल 48 हजार 657 आवास स्वीकृत किया गया जिसके विरुद्ध 48 हजार 623 हितग्राहियों को प्रथम किस्त 47 हजार 146 हितग्राहियों को द्वितीय किस्त 45 हजार 631 हितग्राहियों को तृतीय क़िस्त एवं 21 हजार 240 हितग्राहियों को चतुर्थ किस्त की राशि उनके खाते में ऑनलाइन डीबीटी के माध्यम से जारी किया गया है। इनमें से 43 हजार 881 आवास का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है, जो की लक्ष्य का 90.18 प्रतिशत है। कबीरधाम जिला आवास पूर्णता के मामले में राज्य में पांचवे स्थान पर है।

## वैशाली नगर मंडल ने किया बिचपुरिया का स्वागत



**भिलाई, 7 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी वैशाली नगर मंडल द्वारा भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रजेश बिचपुरिया के प्रदेश कार्य समिति मनोनीत होने पर और महेश वर्मा के नवीन जिला अध्यक्ष बनने पर स्वागत और अभिनंदन समारोह रखा गया द्य जिसमें भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य ब्रजेश बिचपुरिया ने अपने उद्बोधन में सभी कार्यकर्ताओं को यह संकल्प दिलाया कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की उपलब्धियां और योजनाओं को हमें गांव-गांव तक घर-घर तक पहुंचाना है और उनके नेतृत्व में तीसरी बार मोदी सरकार बना कर लाना है और मोदी जी का जो लक्ष्य है 400 पार का उसे हमें छत्तीसगढ़ से 11 की 11 लोकसभा सीट जीताकर सफल बनाना है और कमल खिलाना है 2019 में जितनी बहुमत से हम जीते थे उससे ज्यादा बहुमत से 2024 में हम दुर्ग लोकसभा जीत कर आएंगे द्य निश्चित रूप से ब्रजेश बिचपुरिया के अनुभव का फायदा दुर्ग लोकसभा चुनाव में मिलेगा क्योंकि वह पहले चार बार भाजपा भिलाई जिला अध्यक्ष रह चुके हैं और उनके 1996 में जिला अध्यक्ष रहते हुए स्वर्गीय ताराचंद साहू ने पहली बार लोकसभा में जीत हासिल की थी और उसके बाद लगातार ब्रजेश बिचपुरिया के चुनाव संचालन में दुर्ग लोकसभा में भाजपा ने 1998, 1999,2004 और 2009 में ऐतिहासिक जीत हासिल की थी। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से वैशाली नगर मंडल के अध्यक्ष विजय शुक्ला, जिला महामंत्री योगेंद्र सिंह, महामंत्री दिनेश मिश्रा, अर्जुन साहू, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज तिवारी, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रविंद्र चौहान, शिव बघेल, विनय सेन, विश्व रंजन सिंह, शशि बघेल, शशी भगत, राहुल परिहार, पार्षद नोहर वर्मा, यश सोनी, अर्पित तिवारी, विनोद निर्मलकर, गुरुनाम सिंह, स्वीटी कौशिक, प्रमिला दुबे आदि बड़ी संख्या में जिला पदाधिकारी, युवा मोर्चा पदाधिकारी, महिला मोर्चा पदाधिकारी एवं देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महतारी वंदन योजना से आत्मनिर्भर बनेंगी महिलायें:उमंग पांडेय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 7 फरवरी।** नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष व वार्ड क्रं. 03 के पार्षद उमंग पाण्डेय द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना के तहत आज अपने कैलाश नगर स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में वार्ड की पात्र महिलाओं का महतारी वंदन योजना फार्म भराया गया।आंगनबाड़ी केन्द्र में उपस्थित महिलाओं को वार्ड पार्षद उमंग पाण्डेय द्वारा महतारी वंदन योजना के बारे में बताया गया। राज्य की महिलाओं के लिए छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा बहुत ही सराहनीय कल्याणकारी हितकारी योजना की घोषणा की गई। जिसका नाम महतारी वंदन योजना है। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत राज्य की महिलाओं को सालाना 12000 प्रदान किए जाएंगे। राज्य की महिलाओं को मिलने वाली यह सहायता राशि सीधे उनके बैंक खाते में बैंकिंग सुविधा की माध्यम से उपलब्ध करा दी जाएगी।यह योजना सभी के लिए है जो इनका पात्रता रखते है इस योजना से महतारी वंदन योजना का लाभ प्राप्त करने से महिलाओं की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी एवं सभी महिलायें निर्भर भी बन सकेंगे। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उषा शर्मा, सहायिका दुर्गा साहू उपस्थित रही साथ ही गंगा यादव, दुर्गा साहू, रूपा रजक, संतोषी देवांगन, मोनिका पांडेय, असमत साहू, नेहा साहू, सातो साहू, शांता श्रीवास, ललिता श्रीवास सहित वार्ड के महिलाओं का फार्म भराया गया।

### महतारी वंदन योजना से महिलाएं बनेंगी सशक्तः माया बेलचंदन



**उतई,7 फरवरी।** जिला पंचायत सदस्य पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती माया बेलचंदन ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना को लागू करने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह योजना प्रदेश की लाखों महिलाओं के लिए आर्थिक सशक्तिकरण का एक माध्यम बनेगी। माया बेलचंदन ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने विधानसभा चुनाव के अपने घोषणा पत्र के अनुरूप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक और गारंटी को पूरा करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में कैबिनेट में महतारी वंदन योजना को लागू करने का निर्णय लिया है। राज्य की लाखों महिलाओं को इस योजना का लाभ मार्च महीने से मिलना प्रारंभ हो जाएगा। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को सालाना 12 हजार रुपए दिया जाएगा जिससे महिलाएं सशक्त व आर्थिक रूप से सक्षम बनेंगी। माया बेलचंदन ने आगे कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से सुशासन का सूर्योदय हुआ है।

## यूआरएम कार्मिक को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मिली सराहना



**भिलाई, 7 फरवरी।** भिलाई इस्पात संयंत्र के यूनिवर्सल रेल मिल विभाग के राजेश कुमार पाण्डेय ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया है। मुख्य महाप्रबंधक अनीश सेनगुप्ता ने, मास्टर ओसीटी राजेश कुमार पाण्डेय को डेटा संकलन में उल्लेखनीय कार्य हेतु प्रशंसा पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया। सेनगुप्ता ने राजेश कुमार पाण्डेय की सराहना करते हुए, प्रशस्ति पत्र में यह उल्लेख किया, कि 1 फरवरी को आपके द्वारा किया गया कार्य उल्लेखनीय है। वर्तमान समय में जहां, डेटा एक महत्वपूर्ण संसाधन है, आपने उत्पादन डेटा के महत्व की गहरी समझ का प्रदर्शन करते हुए, डेटा का अच्छी तरह से अनुरक्षण किया है। आपके प्रयासों ने ना केवल सहज डेटा विश्लेषण प्रक्रियाओं को सुविधाजनक बनाया है, बल्कि उत्पादन कार्यालय में एक मजबूत रिकॉर्ड-कीपिंग प्रणाली की स्थापना में भी योगदान दिया है। विभिन्न स्रोतों से डेटा एकत्र करने में आपके समर्पण और दक्षता के साथ साथ डेटा प्रविष्टि और उसके बाद के विश्लेषण में भी आपकी सटीकता ने, डेटा विश्लेषण, रिकॉर्ड रखने और समग्र परिचालन दक्षता में हमारी क्षमताओं को बढ़ाया है। डेटा प्रबंधन के प्रति आपके सावधानीपूर्वक दृष्टिकोण ने, प्राप्त सूचना के आधार पर उचित निर्णय लेने के लिए, शॉप को एक ठोस नींव प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आपने समय सीमा से पहले ही आईआर से संबंधित गतिविधियों का अनुपालन सुनिश्चित करने में सक्रिय तरीका अपनाया है। आपकी इस दूरदर्शिता ने ना केवल नियामक आवश्यकताओं के प्रति आपके समर्पण को प्रदर्शित किया है, बल्कि हमारे संगठन को गैर-अनुपालन से जुड़े संभावित खतरों से भी बचाया है। मैं आपके द्वारा किए गए अच्छे काम की सराहना करता हूं।

## भाजपा उत्तर मंडल पाटन ने की गांव चलो अभियान की शुरुआत

**उतई, 7 फरवरी।** भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व एवम प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर एव जिला नेतृत्व के निर्देशानुसार



4 फरवरी से 11 फरवरी तक पूरे देश में गाँव चलो अभियान को लेकर सम्पर्क किया जा रहा है इसी कड़ी में उत्तर मंडल पाटन की रेस्ट हाउस तर्रा में बैठक आयोजित किया गया। बैठक में प्रभारी रविशंकर सिंग सदस्य भाजपा प्रदेश कार्यसमिति, श्रीमती हर्षा चंद्राकर सदस्य प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रभारी रविशंकर सिंग ने बताया कि पार्टी 4 फरवरी से 11 फरवरी तक पूरे देश मे गांव चलो अभियान चलाएगी जिसमे ग्राम के प्रत्येक कार्यकर्ता को टोली बनाकर गांव के प्रत्येक घर मे प्रत्येक घर जाकर केन्द्र की मोदी सरकार की 9 साल की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताना है। इसके लिए एक स्थानीय कार्यकर्ता एव एक प्रवासी कार्यकर्ता जो कि 24 घंटे का समय देंगे ऐसे दो कार्यकर्ताओं को प्रत्येक बूथ में भेजेंगे का लिस्ट जारी किया गया।इस अवसर पर उपस्थित श्रीमती हर्षा चंद्राकर ने कहा कि हम सब ने मिलकर अपने अपने स्तर पर विधानसभा चुनाव में भाजपा एव प्रत्याशी रहे विजय बघेल के लिए भरपूर मेहनत किये हार जीत लगा रहता है निराश होने की आवश्यकता नही है लोकसभा चुनाव नजदीक है पुनः मिलकर मेहनत करेंगे और कमल छाप को विजयी बनाएंगे।

## चित्रकार बृजेश तिवारी को मिला विश्व रत्न सम्मान







**भिलाई, 7 फरवरी।** चित्रकार बृजेश तिवारी को कला के क्षेत्र में उनके आजीवन एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए विश्व रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान कला, संगीत, सामाजिक कार्य, खेल आदि में विश्व में अपने विशिष्ट योगदान के लिए दिया जाता है। बृजेश पैंतीस सालों से पेंटिंग करते आ रहे हैं, उन्हें कला के क्षेत्र मे अनेक राष्ट्रीय, अंतराष्ट्रीय पुरस्कार एवं सम्मान मिल चुके हैं। छत्तीसगढ़ में कला के विकास के लिए वे निरन्तर प्रयासरत हैं। इसलिए बाइस सालों से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों मे जाकर बच्चों को निशुल्क चित्रकला और शिल्पकला का प्रशिक्षण देते आ रहे हैं और अब तक लगभग आठ हजार बच्चों एवं महिलाओं को कला की बारीकियां सीखा चुके हैं। वर्तमान में वे डी. पी. एस दुर्ग में फाइन आर्ट्स के शिक्षक के पद पर अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

## कोक ओवन के कर्मचारी शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित



**भिलाई, 7 फरवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में शिरोमणि पुरस्कार योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट तथा अनुकरणीय कार्य निष्पादन के लिए कर्म शिरोमणि पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इसी के तहत संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में 5 फरवरी को पाली व कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक तरुण कनरार उपस्थित थे। कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक द्वारा बेहतर कार्यशैली के लिए शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समारोह में अक्टूबर से दिसंबर 2023 के लिए सहायक प्रबंधक अक्षय खेमराज देवारकर को पाली शिरोमणी पुरस्कार से सम्मानित किया तथा दिसंबर 2023 के लिए मास्टर ऑपरेटर सुरेश कुमार बनवासी एवं ओसीटी राम पलट को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया। पुरस्कार विजेताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र तथा उनके जीवनसाथी के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। तरुण कनरार ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने सभी पुरस्कार विजेताओं को सुरक्षा को प्राथमिकता देकर इसी तरह लगन से कार्य करते रहने तथा अपने अधीनस्थ कार्मिकों को भी कार्य में निपुण करने के लिए प्रेरित किया। समारोह में कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग के अनुभाग प्रमुख व महाप्रबंधक समीर राय चौधरी, महाप्रबंधक पी वी वी एस मूर्ति, महाप्रबंधक बी पासवान, महाप्रबंधक झगर सिंह, महाप्रबंधक अतुल गोस्वामी, महाप्रबंधक ए आर साहू, महाप्रबंधक बी सी मंडल, महाप्रबंधक एस के पंचभाई, महाप्रबंधक पी एम राजेन्द्र कुमार, महाप्रबंधक टी उमाशंकर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। संचालन कार्मिक अधिकारी सुश्री एम तन्मई द्वारा द्वारा किया गया। अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी प्रवीण शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### महतारी वंदन योजना से महिलाएं बनेगी सशक्त :कृष्णा साहू

**राजनांदगांव।** समीपस्थ ग्राम भेड़ीकला में महतारी वंदन योजना के पंजीयन फॉर्म भरने के लिए महिलाओं में भारी उत्साह का माहौल है। सरपंच कृष्णा साहू ने बताया कि गांव में तीन आंगनबाड़ी एवं ग्राम पंचायत भवन में महतारी वंदन योजना हितग्राही पंजीयन 2024 फॉर्म बहुत ही अच्छी तरह सावधानी पूर्वक गांव की महिलाओं के सहयोग से फार्म भरने का कार्य किया जा रहा है। महतारी वंदन योजना प्रदेश की लाखों महिलाओं के लिए आर्थिक सशक्तिकरण का एक माध्यम बनेगी। प्रदेश की भाजपा सरकार ने अपने घोषणा पत्र के अनुरूप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक और गारंटी को पूरा करते हुए महतारी वंदन योजना को लागू करने का निर्णय लिया है। वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्णा साहू ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना को लागू करने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आगे कहा कि राज्य की लाखों महिलाओं को इस योजना का लाभ मार्च महीने से मिलना प्रारंभ हो जाएगा। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को सालाना 12 हजार रुपए दिया जाएगा।

## नाबालिग व मोडिफाइड साइलेंसर के 50 मामले में यातायात पुलिस ने 19000 रुपए समन शुल्क वसूला



**कवर्धा, 7 फरवरी।** कबीरधाम यातायात पुलिस की अब तक के सबसे बड़ी कार्यवाही हेलमेट ट्रिपल सीट नाबालिक मोडिफाइड साइलेंसर पर ताबड़तोड़ कार्रवाई अभी तक के सबसे ज्यादा चालानी करवाई 50 प्रकरण में 19000 समन शुल्क वसूले गए । मॉडिफाई बुलेट का साइलेंसर मौके पर चेंज कराया गया 10 गाड़ियों में मौके पर नंबर प्लेट लिखवाया गया एवं नाबालिक लड़कों को उसके पालकों को बुलाकर आवश्यक समझाइए दिया गया एवं स्कूल कॉलेज में जाकर यातायात जागरूकता संबंधी आवश्यक जानकारी दिया गया है,उक्त कार्यवाही में यातायात प्रभारी उनि अजयकांत तिवारी एएसआई विक्रांत गुप्ता, प्रधान आरक्षक राजेश गौतम ,पीयूष मिश्रा ,वैभव सिंह,महेंद्र चंद्रवंशी ,दीपक कुंभकार, अनित मांडवी,कमलेश कछवाहा आरक्षक रवि मानिकपुरी कृष्णा साहू संजू चंद्रवंशी एवं समस्त यातायात स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा ।

## निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने वाली एजेंसी एवं ठेकेदार पर करें कड़ी कार्रवाई:कलेक्टर

**दुर्ग, 7 फरवरी ।** जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत प्रबंधकारिणी समिति की बैठक कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित प्रबंधकारिणी समिति की बैठक में कलेक्टर ने डीएमएफ मद से स्वीकृत कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि खनिज विकास निधि राशि का उपयोग विकास कार्यों में करने को कहा।कलेक्टर ने राशि स्वीकृत होने के पश्चात् लंबे समय से अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के समस्त अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जिले में प्रगतिरत निर्माण कार्यों एवं अपूर्ण कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करते हुए निर्माण कार्यों की स्वयं समीक्षा करें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने वाले एजेंसी एवं ठेकेदार पर कड़ी कार्यवाही करने को कहा। डीएमएफ मद से जीर्णोद्धार कार्य जैसे आंगनबाड़ी, इमारत व शौचालय इत्यादि कार्यों की जांच के लिए जिला स्तर पर तकनीकी समिति का गठन कर उक्त कार्यों का निरीक्षण कर अनुशंसा प्राप्त होने के बाद कार्यवाही करने को कहा।कलेक्टर ने अप्रारंभ कार्यों की सूची तैयार रखते हुए शासन के निर्देशों के तहत कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि डीएमएफ अंतर्गत जो भी कार्य स्वीकृत किए गए हैं, उसमें शासन द्वारा निर्धारित निविदाओं के नियमों का पालन करते हुए कार्य करना है। किसी भी कार्य में नियमों की अनदेखी अथवा लापरवाही पर संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

सखी वन स्टॉफ सेंटर में नाली निर्माण, आदिम जाति कल्याण विभाग को प्रयास विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, आईटीआई कैम्पस में पेयजल व्यवस्था, जामगांव (आर) में पंचायत भवन के जीर्णोद्धार का कार्य, सेजेस में अन्य निर्माण कार्यों को अतिशीघ्र पूर्ण करने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अश्वनी देवांगन, विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### भाजपा का गांव चलो अभियान 11 फरवरी तक : शिव वर्मा

**राजनंदगांव 7 फरवरी।** जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष शिव वर्मा ने बताया



कि कल से भाजपा का गांव चलो अभियान शुरू होगा उन्होंने कहा कि राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में 7 फरवरी से 11 फरवरी तक गांव चलो अभियान चलेगा। जिसके अंतर्गत क्षेत्र के हर गांव में कोई न कोई भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ता 24 घंटे का प्रवास करेंगे तथा रात्रि विश्राम भी वहां करेंग। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्र के वार्डन को भी इस अभियान में शामिल किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा तथा लाभार्थियों से संपर्क किया जाएगा भाजपा नेतृत्व ने बुथ में 10त्न वोट बढ़ाने का लक्ष्य भी दिया है। इसके लिए मैदानी कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। श्री वर्मा ने आगे कहा कि गांव चलो अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लागू की गई मोदी की गारंटी से आम जनता को अवगत कराया जाएगा तथा पात्र हितग्राहियों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास होगा। प्रदेश की विष्णु देव सरकार ने काम काज संभालते ही 18 लाख आवास स्वीकृत किए, 12 लाख किसानों को 2 साल कब लंबित बोनस प्रदान किया तथा धान खरीदी की सीमा 20 कुंतल से बढ़कर एक किस कुंतल कर दिया गया है। साथ ही महतारी वंदन योजना का लाभ विवाहित महिला को देने का यह योजना प्रारंभ किया गया है। सरकार के अनेक जनकल्याणकारी योजना को कार्यकर्ता वहां के स्थानीय लोगों को यह सभी जानकारी उपलब्ध कराएंगे।

### राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के प्रदेश कार्यालय का लभांडी में उद्घाटन

**रायपुर 7 फरवरी।** राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के प्रदेश ईकाई द्वारा प्रदेश कार्यालय उद्घाटन समारोह ग्राम-लभांडी रायपुर वार्ड क्र. 51(गुरू घासीदास मंदीर के पास) पंडित विद्याचरण वार्ड में संपन्न हुआ। जिसके मुख्य अतिथि - मा. लखमूराम टंडन, राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अध्यक्षता- मा. रामप्रसाद कोसले, प्रदेश अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि - एड सिद्यराम लहरे, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, एस. आर. बंजारे (पूर्व जज) प्रदेश प्रभारी, विरेन्द्र वैध राष्ट्रीय महासचिव, पिताम्बर मारकन्डे, राष्ट्रीय सचिव, आत्मादास महेश्वरी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष , श्री सुमन खाण्डे प्रदेश उपाध्यक्ष, रिझेन्द्र डहरिया , प्रदेश महासचिव, डॉ. राजेश बंजारे प्रदेश कोषाध्यक्ष, श्री एल.पी. ओंगरे, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य , विष्णु बारले, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य , एल. आर टंडन जिला महासचिव विशेष रूप से आमंत्रित हैं। सरीक होने वाले हैं। प्रदेश कार्यालय - राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के संचालन व्यवस्था एवं दल की गतिविधियॉ संचालित करने के उद्देश्य से अत्यंत आवश्यक हैं।

### सफाई जनजागरूकता अभियान चलाकर सफाई मित्र को कचरा देने का किया आव्हान

**रायपुर 7 फरवरी।** नगर पालिक निगम रायपुर के स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी जोनों के समस्त वार्डों में जहां स्वच्छता अभियान प्रतिदिन सतत जारी है, वहीं जोनों की स्वास्थ्य विभाग की टीमें वार्डों में नागरिकों के मध्य स्वच्छता को लेकर लगातार जनजागरूकता अभियान प्रतिदिन चला रही है। इस क्रम में आज नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के आदेशानुसार एवं नगर निगम जोन क्रमांक 9 के जोन कमिश्नर श्री संतोष पाण्डेय के निर्देशानुसार जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री आत्मानंद साहू के नेतृत्व, स्वच्छता पर्यवेक्षक श्री भोला तिवारी की उपस्थिति में जोन क्रमांक 9 के तहत आने वाले पण्डित मोतीलाल नेहरू वार्ड क्रमांक 8 के क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना एवं बीएसयूपी आवासीय कॉलोनी परिसर में पहुंचकर जोन 9 स्वास्थ्य विभाग की टीम ने वहाँ के रहवासियों को प्रतिदिन नियमित रूप से अपने घरों का सूखा और गीला कचरा पृथक - पृथक करके सफाई मित्र को सफाई वाहन में देकर आवासीय कॉलोनी क्षेत्र को स्वच्छ बनाने का आव्हान किया है. सूखा और गीला कचरा पृथक करके ना देने की स्थिति में जुर्माना की कार्यवाही नियमानुसार किये जाने की जानकारी रहवासियों को दी गयी है। सफाई मित्र सफाई वाहन डोर टू डोर कलेक्शन हेतु आवासीय परिसर में ना आने की स्थिति में अनुबंधित कंपनी रामकी ग्रुप के टोल फ्री नम्बर 18002709992 पर कॉल करके इस सम्बन्ध में शिकायत दर्ज करवाने कहा गया है, ताकि ऐसी स्थिति में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की व्यवस्था को शिकायत के आधार पर सुधारकर शिकायत का त्वरित निदान समुचित माध्यम से करवाया जा सके।

### निगम ने 4 दुकानों की सील खोलने की कार्रवाई की

**रायपुर 7 फरवरी।** नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 9 के अंतर्गत पण्डित मोतीलाल नेहरू वार्ड नम्बर 8 के आमासिवनी में अशोक कुमार साहू पर वास्तव में 95992 रूपये का बकाया था. यह बकाया राशि त्रुटिवश 9 लाख रूपये होने की जानकारी टंकण त्रुटिवश प्राप्त हुई थी, वास्तव में बकायादार पर निगम का रूपये 95992 बकाया था, जो उन्होंने निगम को अदा कर दिया है. निगम जोन 9 राजस्व विभाग की टीम ने बकायादार अशोक कुमार साहू से वास्तविक बकाया राशि रूपये 95992 को नियमानुसार वसूलने सम्बंधित बकायादार की 4 दुकानों में विगत दिवस दिनांक 5 फरवरी 2024 को सीलबंदी की कार्यवाही की. सीलबंदी के बाद सम्बंधित बकायादार श्री अशोक कुमार साहू ने सम्पूर्ण वास्तविक बकाया रूपये 95992 का नगर पालिक निगम जोन 9 के राजस्व विभाग की टीम को तत्काल भुगतान कर दिया. सम्पूर्ण बकाया राशि रूपये 95992 का भुगतान प्राप्त होते ही इसके तत्काल पश्चात नगर निगम जोन 9 राजस्व विभाग की टीम ने श्री अशोक कुमार साहू की सम्बंधित 4 दुकानों की सील खोलने की कार्यवाही जोन के सहायक राजस्व अधिकारी श्री विजय शर्मा एवं अन्य सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में की।

# महतारी वंदन योजना महिलाओं के परिश्रम का सम्मान, छोटी-छोटी ख्वाहिशें अब नहीं रहेंगी अधूरी

**रायपुर, 7 फरवरी।** महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश में महतारी वंदन योजना लागू की गई है। योजना के अंतर्गत पात्र विवाहित महिलाओं को 1000 रूपए प्रतिमाह डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया जाएगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने नारा दिया है कि हमने ही बनाया है हम ही संवारेंगे। एक महिला जब मजबूत होती है तब एक परिवार संवरता है, परिवार के संवरने से समाज संवरता है और समाज के संवरने से राज्य संवरता है इसलिए मोदी जी ने महतारी वंदन योजना की गारंटी दी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इसे शुरू किया ताकि महिलाओं के परिश्रम का सम्मान करते हुए उन्हें सम्मान स्वरूप स्नेह राशि भेंट की जाए।



महतारी वंदन योजना छत्तीसगढ़ की महिलाओं के सम्मान का प्रतीक है। छत्तीसगढ़ की परंपरा रही है कि यहां बेटियों को अगाध स्नेह और सम्मान दिया जाता है। बेटियों का हर घर में विशेष स्थान होता है। तीज-त्यौहारों में बेटियों और बहनों को स्नेह से भेंट और राशि दी जाती है। छत्तीसगढ़ सरकार ने भी महतारी वंदन योजना के जरिए प्रदेश की लाखों महिलाओं का मान-सम्मान बढ़ाया है। सरकार ने स्नेह स्वरूप महिलाओं को सालाना 12 हजार रूपए देने का निर्णय लिया है इससे महिलाओं में खासा उत्साह है। महतारी वंदन योजना लागू होने से महिलाओं के विश्वास की जीत हुई है। अब उनकी छोटी-छोटी ख्वाहिशें अधूरी नहीं रहेंगी। राज्य भर में महतारी वंदन योजना को लेकर महिलाओं में खुशी का माहौल है। महिलाओं को इस योजना ने उम्मीद की एक ऐसी किरण दी है जिससे उनके आगे की राह प्रशस्त होगी। बिलासपुर जिले के मस्तूरी विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम वेद परसदा निवासी श्रीमती प्रीति सिंह ने भी महतारी वंदन योजना के लिए आज फॉर्म भरा है। उन्होंने बताया कि वैसे तो उनके पति उनकी हर जरूरत पूरी करते हैं। उनसे स्नेह भी बहुत करते हैं, लेकिन कहीं न कहीं उन्हें इस बात की कसक थी कि उनकी स्वयं की कोई पहचान नहीं है। उनकी खुद की कोई आय नहीं है। महतारी वंदन योजना से मिली राशि उन्हें पहचान दिलाएगी। वे अपनी-अपनी छोटी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए किसी पर निर्भर नहीं रहेगी। श्रीमती गायत्री आदित्य का कहना है कि हम महिलाएं चौबीसों घंटे घर का काम करती हैं लेकिन इसके एवज में हमारे परिश्रम और त्याग के लिए हमें कोई प्रोत्साहन राशि नहीं मिलती है। छत्तीसगढ़ सरकार ने हमारी सुध ली है और महतारी वंदन योजना के जरिए हमारे श्रम का सम्मान किया है।

# बच्चों में देशभक्ति की भावना जगाना गुरुजन का दायित्व:बृजमोहन अग्रवाल

■ पंडित शंकरानन्द झा मेमोरियल स्कूल के वार्षिकोत्सव में हुए शामिल स्कूल शिक्षा मंत्रीस्कूल शिक्षा मंत्री

**रायपुर 7 फरवरी।** स्कूल शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल पंडित शंकरानन्द झा मेमोरियल स्कूल के 27वें वार्षिकोत्सव में शामिल हुए। उन्होंने इस मौके पर स्कूली बच्चों को सम्बोधित करते हुए पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों में देश सेवा और राष्ट्रभक्ति की भावना जगाने का दायित्व हमारे गुरूजनों पर है। यही भावना हमें देश के लिए कुछ कर गुजरने की प्रेरणा देती है। स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि विद्यार्थी एक पौधे के समान होते हैं और शिक्षक उस माली की तरह होता है जिसकी देखभाल से पौधे पनपकर एक फलदार वृक्ष का रूप ले लेते हैं। ऐसे में शिक्षकों की यह जिम्मेदारी है कि विद्यार्थियों को स्कूल



में एक अच्छा वातावरण उपलब्ध कराए, उनसे अच्छा व्यवहार करें और उनकी छुपी प्रतिभा को सामने लाए। वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने देशभक्ति, लोकनृत्य सहित मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक श्री रविन्द्र झा, प्राचार्या डॉ. बबीता झा, प्रशासनिक प्रमुख श्री ऋषि झा, शैक्षणिक प्रमुख श्रीमती विनिता अग्रवाल तथा शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# अवैध शराब पर पुलिस चौकी सुरगी की कार्रवाई

■ ग्राम सुरगी में कचरा गोदाम के पास अवैध शराब बिक्री करते एक आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव 7 फरवरी।** पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अभियान अवैध शराब बिक्री करने वालों के ऊपर कार्यवाही हेतु आज दिनांक 06.02.2024 को चौकी प्रभारी निरीक्षक पुरुषोत्तम ध्रुव के नेतृत्व में चौकी सुरगी पुलिस के द्वारा चौकी सुरगी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सुरगी में कचरा गोदाम के पास लोकेश पान ठेला के पीछे एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में मात्रा से अधिक शराब रखकर अवैध रूप से बिक्री करने की मुखबीर सूचना पर आरोपी अजय ढीमर उर्फ जुग्गा ढीमर पिता शंकर ढीमर उम्र 23 वर्ष निवासी लखोली, स्कूल के पास देवार पारा वार्ड नंबर 32 राज. थाना कोतवाली हाल पता ग्राम सुरगी जिला राजनांदगांव को घेराबंदी कर अवैध रूप से मात्रा से अधिक शराब रखे हुए रंगे हाथ पकड़ा गया, आरोपी के कब्जे से एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में रखे 26 पौवा देशी प्लेन



शराब कुल मात्रा 4.680 बल्क लीटर कीमती ?2600 एवं बिक्री रकम ?500 जप्त किया गया ! आरोपी के विरुद्ध पुलिस चौकी सुरगी में धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है ! उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक विजय साहू एवं आर. 1520 हिरम सिंह चंद्रवंशी की भूमिका सराहनीय रहा।

# सटटा खेलाने वाले पर पुलिस ने की कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 7 फरवरी।** पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल के मार्गदर्शन में अवैध गांजा - शराब बिक्री, जुआ, सटटा, तथा असामजिक तत्वों के विरूद्ध चलाए जा रहे सतत अभियान के तहत दिनांक 06.02.2024 को ग्राम गठुला तालाब पार में एक व्यक्ति सट्टा पट्टी लिख रहा है कि शिकायत पर हमराह स्टाफ के ग्राम गठुला तालाब पार में दबिश देकर आरोपी राजू विश्वकर्मा पिता स्व. परदेशी विश्वकर्मा उम्र 32 साल निवासी ग्राम गठुला ओपी चिखली राजनांदगांव को रुपए पैसे का दाव लगवाकर सट्टा पट्टी लिखते पकड़ा गया आरोपी के पास से सट्टा पट्टी, डॉट पेन और नगदी रकम 910 रुपए जप्त कर आरोपी को गिरफतार कर वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी चिखली उपनिरीक्षक नरेश कुमार बंजारे, महिला प्रधान आरक्षक वंदना पटले, म.आर .सुल्ताना बेगम आर. राजकुमार बंजारा,छत्रपाल वर्मा का महत्वपूर्ण भूमिका एवं सराहनीय योगदान रहा है।



# नक्सली मिलिशिया कमांडर सहित तीन संघम सदस्यों ने किया आत्मसमर्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला 7 फरवरी।** जिला पुलिस मोहला मॉनपुर अं चौकी पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह (भापुसे) द्वारा नक्सलवाद के उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे अभियान कार्यवाही में बड़ी सफलता मिली है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन प्रशांत कतलम, उप पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ताजेश्वर दीवान के नेतृत्व में पूर्व में कुछ समय पहले नक्सली को आत्मा समर्पण करने और शासन की पुनर्वास नीति से संबंधी पर्चे अंदरूनी ग्रामों में पर्चे वितरित किए गए थे , जिसका व्यापक असर हुआ है, जिससे प्रभावित होकर आतंक का रास्ता छोड़ कर नेशनल पार्क एरिया बीजापुर के मिलिशिया कमांडर लखमु पल्लये पिता केये पल्लये ग्राम उस्का पटनम थाना



बेदरे जिला बीजापुर, मिलिशिया सदस्य राजेश कुमार कोरमा पिता मांडो कोरमा ग्राम अठवली थाना कुटरू जिला बीजापुर,मिलिशिया सदस्य सोनुराम कड़ियाम पिता विजय कड़ियाम ग्राम तोयेनार थाना तोयेनार जिला-बीजापुर ने अपने भरमार बंदूक के साथ दिनाँक 06.02.2024 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय मोहला में पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह (भापुसे) के सामने आत्मसमर्पण किये हैंद्य तथा पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह (भापुसे) के द्वारा समर्पित तीनो नक्सलियों को प्रोत्साहन राशि भी प्रदाय किया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन प्रशांत कतलम, उप पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ताजेश्वर दीवान , उप पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर वासनिक, रक्षित निरीक्षक भुनेश्वर कश्यप उपस्थित रहे।

■ प्रतियोगिता के 33 वर्ष के सफल आयोजन के लिये समिति के सभी सदस्यों का श्रीफल व अतिथियों को मोमेंटो के साथ सम्मान

# मानस गान व टीका प्रतिस्पर्धा में डोटोपार व चिरपोटी प्रथम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 7 फरवरी।** तरुण मानस मंच कुमर्दा व ग्रामीणों के संयुक्त तत्वावधान में मानस गान व टीका प्रतिस्पर्धा का आयोजन लगातार 33 वां 3 व 4 फरवरी को अयोध्या धाम कुमर्दा में समन्न हुआ। कार्यक्रम का उदघाटन क्षेत्रीय विधायक भोला राम साहू के मुख्यातिथ्य व नरेश शुक्ला के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।विशेष अतिथि के रूप में जनपद सदस्य देव पन्द्रों लालचन्द साहू पूरण नेताम राजू सिन्हा उपस्थित थे।मुख्यातिथि श्री भोलाराम साहू ने आयोजन की तारीफ करते हुए भगवान श्री राम के आदर्शों को मानव जीवन मे उतार कर स्वयं को भगवान राम की तरह मर्यादा पुरुषोत्तम व माता सीता की तरह बनने की नसीहत दी और आयोजक समिति की मांग पर 10 लाख की मानस भवन व 5 लाख की सी सी रोड निर्माण हेतु राशि प्रदान करने की घोषणा की।प्रतियोगिता में



राज्य स्तर की मानस मंडलिया हिस्सा लिया जिसमे पुरूष वर्ग से डोटो पार प्रथम खिसोरा द्वितीय चरोदा तृतीय रिसामा चतुर्थ रिसाली पंचम मुसरा कला षष्टम व गनियारी की मंडली को सप्तम स्थान प्राप्त हुआ ।

इसी तरह महिला वर्ग में चिरपोटी नहर खपरी धनोरा मोहला मोंगरा की मंडली को प्रथम पांच स्थान प्राप्त हुआ।प्रतियोगिता में अन्य आकर्षक विशेष पुरस्कारो में श्रेष्ठ व्याख्या में चरोदा गायन में मुसरा कला हारमोनियम में भटगांव तबला में डोटो पार बांसुरी के लिये चरोदा बेंजो में कोरगाव बस्तर ढोलक में रिसाली अनुशासन के लिये प्लान्दूर की मंडली को विशेष पुरस्कार से नवाजा गया।प्रतियोगिता के 33 वर्ष के सफल आयोजन के लिये समिति के सभी सदस्यों का श्रीफल व अतिथियों को मोमेंटो के साथ सम्मान किया गया।समापन समारोह के अतिथियों में हिरेन्द साहू बोधन साहू अंजली शर्मा अनन्त तिवारी समेत सभी भाजपा के नेता गन उपस्थित थे।।उक्ताशय की जानकारी समिति के अध्यक्ष ज्ञानचन्द साहू व सचिव लष्मी नारायण साहू ने एक प्रेस विज्ञप्ति में दी।

तरुण मानस मंच कुमर्दा व ग्रामीणों के संयुक्त तत्वावधान में मानस गान व टीका प्रतिस्पर्धा का आयोजन लगातार 33 वां 3 व 4 फरवरी को अयोध्या धाम कुमर्दा में समन्न हुआ। कार्यक्रम का उदघाटन क्षेत्रीय विधायक भोला राम साहू के मुख्यातिथ्य व नरेश शुक्ला के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।विशेष अतिथि के रूप में जनपद सदस्य देव पन्द्रों लालचन्द साहू पूरण नेताम राजू सिन्हा उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### एनआईटी में 9 फ़रवरी को होगा इनोवेशन सेल के कार्यक्रम 'अविन्या' का आयोजन

**रायपुर 7 फरवरी।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर के इनोवेशन सेल (आई सेल) के द्वारा इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए एकदिवसीय मुख्य कार्यक्रम 'अविन्या' का आयोजन दिनांक 09 फरवरी 2024 को दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में किया जाएगा। टीम इनोवेशन सेल ने अपने इस फ्लैगशिप इवेंट की थीम मैजिक ऑफ साइंस - अनलॉक द चैंबर ऑफ सीक्रेट्स रखी है। कार्यक्रम का आयोजन इनोवेशन सेल के फैकल्टी इन चार्ज डॉ. सौरभ गुप्ता के मार्गदर्शन में किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान इनोवेशन केंद्रित विभिन्न प्रतियोगिताएं और प्रदर्शनी आयोजित की जायेंगी जिसमें पिचिंग इवेंट, इनोवेशन एक्सपो, पैनल डिस्कशन और स्पीकर सेशन शामिल हैं। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डीबीओआई के निदेशक अजय कुमार अग्रवाल, क्लाइमेटेंज़ा सोलर के संस्थापक अक्षय मकर, ज़ोफ़फूड्स के संस्थापक आकाश अग्रवाल जो की टीवी रियलिटी शो शार्क टैंक में भी आ चुके हैं, आइसबर्ग क्रियेशन के सह-संस्थापक दीपक पारीक और डेटा साइंस एट कैटेनेट के डायरेक्टर समीर रंजन होगें। फाइनेंस, इनोवेशन, नवीकरणीय ऊर्जा, टेक्नोलॉजी और डेटा साइंस जैसे विषयों पर केंद्रित यह कार्यक्रम प्रतिभागियों को एक व्यापक और समृद्ध अनुभव प्रदान करेगा। इसके साथ ही यह कार्यक्रम इनोवेशन, तकनीकी प्रगति, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान के क्षेत्र में एनआईटी रायपुर के समर्पण को प्रदर्शित करेगा।

### घुमका पुलिस ने असामाजिक तत्वों के विरुद्ध की कार्रवाई



**राजनांदगांव 7 फरवरी।** जिले मे अपराधों की रोकथाम एवं गुंडे बदमाशों पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस विभाग द्वारा जिले मे लगातार कार्यवाही की जा रही है उसी क्रम मे थाना घूमका पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा , अनुविभागीय पुलिस अधिकारी श्री दिलीप सिसोदिया के मार्गदर्शन में थाना घूमका क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खैरझिटी में ग्रामीण लोगों को डराने धमका कर लड़ाई झगड़ा कर बेवजह विवाद करने वाले व्यक्तियों 1.युगल किशोर 2. शिव सागर सिन्हा एवं 3. किशोर सिन्हा सभी निर्वासी खैरझिटी को आज दिनांक 06.02.24 को धारा 151 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत गिरफ्तार किया गया एवं क्षेत्र मे शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु दोनों अनावेदको को प्रतिबंधित करने हेतु पृथक से धारा 107,116(3) दंड प्रक्रिया संहिता के तहत प्रतिबंधित कार्यवाही कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट घूमका के समक्ष पेश किया गया है।

### स्कूटी चोरी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने कोर्ट में किया पेश



**राजनांदगांव 7 फरवरी।** आरोपी मोहम्मद सिराज पिता मोहम्मद मुस्लिम उम्र 35 साल साकिन आवास प्लाट नम्बर 74 वार्ड नम्बर 158 थाना मोहन नगर दुर्ग एवमं मनीष यादव पिता कैलास यादव उम्र 33 साल साकिन धमधा नाका कैलास नगर दुर्ग महाकाल आटो पार्ट थाना मोहन नगर दुर्ग को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया श्रीमान पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुलदेव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अमित पटेल के नेतृत्व में थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक श्री कृष्णा पाटले स्ढ्ढ जलालुद्दीन खान, आर0 1138 शहबाज़ सिद्दीकी 120 बिसराम वर्मा 533 विनोद महिलांगे आर0 1419 मनोज ठाकुर की टीम गठित की गई इस्तगासा क्रमांक 01/24 धारा 41(1+4) जा0फौ0 379 कायम कर विवेचना में लिया गया इसी तारतम्य में आरोपी को पकड़कर पूछताछ किया गया जो बिना नम्बर एक्टिवा कीमती चालीस हजार रुपये को चंदू लाल चंद्राकर अस्पताल भिलाईसे चोरी कर बेचने लाये थे जिसे विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय राजनांदगांव में पेश किया गया।

### स्काई वॉक के निर्माण को पूर्ण करने की मांग

**रायपुर 7 फरवरी।** एक सर्वे में राजधानी के लोगों ने राय जाहिर की है कि स्काई वॉक के निर्माण को पूरा किया जाए। इसके आधे-अधूरे



निर्माण पर अब तक आम जनता की गाढ़ी कमाई का 45 करोड़ रू. खर्च हो चुका है। यह सर्वे नहरपारा विकास समिति इंदिरा गांधी वार्ड के अध्यक्ष व पूर्व पार्षद रमेश आहूजा ने कराया है। समिति के अध्यक्ष आहूजा कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप सिंह चावला, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा महामंत्री सुभाष अग्रवाल ने कहा है कि स्कायवॉक पर अब तक लगी राशि आम जनता की गाढ़ी कमाई है। यह रकम किसी पार्टी के चंदे का नहीं है। आम जनता ने टैक्स के रूप में शासन को दिया है। अतः जनता का स्कायवॉक पर निर्णय ही अंतिम निर्णय होगा। लोगों ने अपने सुझाव में साफ कहा है कि इतना खर्च करने के बाद काम रोकना उचित नहीं है। स्काय वॉक को पूरा करना उचित होगा। समिति भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से इसे अंतिम रूप देने की मांग करती है।

संपादकीय

# जीत का इतना विश्वास तो तब ही होता है

आमतौर पर तो जब चुनाव होने वाले रहते हैं,उसमें बहुत से राजनीतिक दल भाग लेते हैं। सभी चुनाव जीनते के लिए मैदान में उतरते हैं, इसलिए जब तक चुनाव का रिजल्ट नहीं आ जाता है तब तक सारे राजानीतिक दल यही कहते रहते हैं कि चुनाव तो वही जीत रहे हैं। चुनाव तो वही राजनीतिक दल जीतता है जिस पर जनता भरोसा करती है कि यही वह दल है जो उसकी सेवा सबसे बेहतर कर सकता है। इसमें एक दल का दावा सही होता है तथा दूसरे तमाम दलों का दावा हवाहवाई होता है, वह इसलिए जीत का दावा करते रहते हैं कि उनके हारने की पुष्टि नहीं हुई है, उनका हारना तय है, लेकिन वह जीत का दिखावा करते रहते हैं। दावा तो उसी दल का सही माना जा सकता है जिसने जनता के लिए काम किया है, राज्य के विकास के लिए काम किया है, देश की बेहतरी के लिए विकास किया है। लोकसभा चुनाव में अभी एक दो माह का समय है। ऐसे में परंपरा तो यही है कि कोई भी राजनीतिक दल चुनाव में जीत का दावा नहीं करता है। चुनाव प्रचार जब शुरू हो जाता है तो राजनीतिक दल चुनाव में जीत का दावा करते हैं। यही वजह है कि भारत के चुनावी इतिहास में ऐसा कभी हुआ नहीं हैं कि किसी दल ने चुनाव के कुछ महीने पहले ही अपनी जीत का दावा कर दिया हो। उसने कहा हो कि इस बार तो हमारी सरकार बनेगी। देश के चुनावी इतिहास में पीएम मोदी ही अकेले ऐसे नेता हैं जिन्होंने चुनाव के तीन चार महीने पहले से ही यह दावा करना शुरू करना दिया है कि अगली सरकार तो उनकी ही बनेगी। उनकी सरकार बनेगी तो भारत दुनिया की सबसे बड़ी तीसरी अर्थव्यवस्था होगी। विधानसभा चुनाव के दौरान भी पीएम मोदी ने इस बात को दोहराया है लोकसभा चुनाव भी हम ही जीतेंगे। कहां भाजपा के विधानसभा चुनाव जीतने पर सवालिया निशान लगाया जा रहा था और कहां पीएम मोदी विधानसभा चुनाव जीतने के बाद लोकसभा चुनाव जीतने का दावा कर रहे थे। उनका विधानसभा चुनाव जीतने का दावा तो सही साबित हुआ है। सभी सर्वे में बताया जा रहा था कि कांग्रेस जीत रही है, ऐसे में पीएम मोदी का अपने काम पर भरोसा ही जीत का दावा था और काम का दावा ही सही साबित हुआ जनता ने मोदी के काम पर वोट दिया। मोदी की गारंटी पर भरोसा किया और भाजपा को तीन राज्यों में सत्ता सौंप दी। इससे स्वाभाविक है कि भाजपा का उत्साह बढ़ना है। वह तो जीत का दावा करेगी ही। किसी दल में अपने काम व जीत के बाद ही जीत का भरोसा पैदा होता है। पीएम मोदी ने संसद के बाहर लोकसभा चुनाव में जीत का दावा करने के बात संसद के भीतर भी जीत का दावा कर सभी को चौका दिया है। किसी को उम्मीद नहीं थी कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्तावा के दौरान वह लोकसभा चुनाव में जीत का दावा ही नहीं करेंगे यह बताएंगे कि भाजपा को कितनी सीटें मिल सकती हैं नहीं कितनी सीटें मिल रही हैं। संसद में पीएम मोदी ने बड़े विश्वास के साथ कहा है कि अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा को 370 सीटें मिलेंगी तथा एनडीए को 400 पार सीटें मिलेंगी। किसी को समझ नहीं आ रहा है कि पीएम मोदी ने यह घोषणा किस आधार पर की। क्योकि मोदी विरोधी तो हर तरह गुणा भाग करके देख चुके है, उनको लगता है कि पीएम मोदी कह रहे हैं कि एनडीए को चार सौ पार सीटें मिलेंगी तो वह किसी तरह से मिल नहीं सकती। भाजपा को 370 सीटें भी विरोधी दल असंभव मानते हैं। दरअसल मोदी क्यों इतनी सीटे मिलेंगी कह रहे हैं यह मोदी के अलावा कोई नहीं जानता है। भाजपा को 370 सीटें कैसे मिलेंगी यह भी कोई सोच नहीं पा रहा है तो उनका कहना है कि यह पीएम मोदी की मनोवैज्ञानित लड़ाई है। वह जीतने के पहले जीत का दावा कर राजनतिक दलों के मनोबल को कम कर रहे हैं तथा ऐसे वोटर जो जीतने वाले को ही वोट देते हैं, उनको प्रभावित कर रहे हैं कि किसी और दल के बारे में सोचो मत,लोकसभा चुनाव तो भाजपा जीत रही है, इसलिए लोकसभा चुनाव में भाजपा को ही वोट देना सही फैसला होगा। यह मनोवैज्ञानिक लड़ाई भी है तो यह लड़ाई पीएम मोदी लड़ तो रहे हैं। अपनी जीत सुनिश्चित करने का प्रयास तो कर रहे हैं। पीएम मोदी ने चुनाव जीतने के लिए कहीं कोई कमी नहीं रखते है, जमीन हकीकत का उनको पता रहता है, इसलिए वह समय से पहले जीत का दावा करते हैं और जीत कर दिखाते हैं। दो बार वह चुनाव जीते चुके हैं। वह इतन काम कर चुके हैं, उसी के आधार पर भी जीत का दावा कर सकते हैं। यानी पीएम मोदी का जीत का निराधान नहीं है।

# उई बाबा ! सोशल मीडिया का उपयोग करने वाले सावधान रहिएगा जी

सोशल मीडिया

किशन सनमुखदास भावनानी



वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां में तेज़ी से विस्तारित हो रहे डिजिटलाइजेशन के कारण विभिन्न प्रकार के ऐप्स और प्लेटफॉर्म्स तेज़ी से बढ़ते जा रहे हैं, जिन्हें हम सोशल मीडिया के नाम से जानते हैं।आज करीब करीब हरमोबाइल धारकों के पास व्हाट्सएप फेसबुक इंस्टाग्राम सहित ऐसी अनेकों ऐप्स है जिनके माध्यम से वे अपने भावों को व्यक्त करतें है। सोशल मीडिया पर किसी पोस्ट को शेयर करना ,फॉरवर्ड करना या फिर उसे रिट्वीट कर देना काफी आम बात है। किसी भी सोशल मीडिया यूजर को जैसे ही कोई पोस्ट पसंद आता है। अक्सर वह ऐसा ही करते हैं। सोशल मीडिया पर एक विचार का समर्थन दर्शाना अर्थात वह स्वयं का विचार बन जाता है। ऐसे में जानकारी रखना काफी आवश्यक है कि सोशल मीडिया पर किसी पोस्ट को रिट्वीट करना फॉरवर्ड करना या फिर शेयर करना क्या अपराध की श्रेणी में आता है या नहीं? परंतु उनकी नजर में तो साफ सुथरे और वेज़ होते हैं। परंतु हो सकता है उससे किन्हीं अन्य वर्ग के दिल में ठेस पहुंचा रहे हो, तो फिर वह मैटर बन जाता है और शिकायतों का दौर शुरू हो जाता है जिसे माफी मांग कर समाप्त कर हल निकालने की कोशिश की जाती रही है। माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए एक फैसले के अनुसार केवल माफी मांगने से काम नहीं चलेगा, ऐसे लोग माफी मांगकर आपराधिक कार्यवाही का सामना करने से नहीं बच सकते।हमने कई बार देखा है कि कई लोगों के पास फेसबुक या अन्य एप्स 5 हज़ार की अधिकतम सीमाएं तक पहुंच जाते हैं तो फिर वह अपनी प्रसिद्ध को आगेबढ़ाते हुए उसी के पार्ट-2 और पार्ट-3 जोड़ देते हैं और यह संख्या हज़ारों से लाखों तक पहुंच जाती है, जिससे सोच अपने आप को सेलिब्रिटी समझने की ओर सो चली जाती है, तो स्वाभाविक रूप से अनेक मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए लीक से हटकर पोस्ट शेयर या फॉरवर्ड कर देते हैं जो उनके लिए जी का जंजाल बन जाता है फ़िर माफी मांगते हैं।परंतु अब हम हजारों ग्रुप्स में देखते हैं कि अनेक पोस्ट शेयर फॉरवर्ड किए हुए मिलते हैं जो ऐसे लोगों द्वाराफॉरवर्ड किया जाता है जिनका उनसे कोई लेना देना नहीं होता बस अनर्गल विचार, अनेक विषयों पर लिखते हैं जिनमें कुछ वर्गों की भावनाओं को ठेस पहुंचती है, लेकिन अब हमें ऐसी पोस्ट शेयर फॉरवर्ड से बचने की जरूरत है वरना हमें आपराधिक कार्यवाही का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा। चूंकि 18 अगस्त 2023 को माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा एक महत्वपूर्ण फैसले में इस अभद्र अपमानजनक पोस्ट को लेकर टिप्पणियां आई है, ऐसे पोस्ट पर माफी से कम नहीं चलेगा बल्कि आपराधिक कार्यवाही का सामना करना पड़ेगा, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर फॉरवर्ड अब सोच समझ कर कीजिएगा जी।

साथियों बात अगर हम दिनांक 18 अगस्त 2023 को आए एक अपेक्स कोर्ट के दो जजों की बेंच के जजमेंट की करें तो, सोशल मीडिया पर अभद्र और अपमानजनक पोस्ट को लेकर एक याचिका पर सुनवाई की। बेंच ने कहा कि सोशल मीडिया पर अपमानजनक पोस्ट करने वालों को सजा देना जरूरी है, ऐसे लोग माफी मांगकर आपराधिक कार्यवाही से नहीं बच सकते। उन्हें अपने कृत्यों का परिणाम भुगतना होगा। कोर्टने तमिल अभिनेताऔर पूर्व विधायकके खिलाफ दर्ज मामले को रद्द करने से इनकार कर दिया। उनके खिलाफ महिला पत्रकारों पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का मामला दर्ज है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा हैकि सोशलमीडिया उपयोगकर्ताओं को इसके प्रभाव और पहुंच के बारे में सावधान रहने की हिदायत देते हुए अभिनेता और तमिलनाडु के पूर्व विधायक द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया है।

साथियों बात अगर हम इस केस को समझने की करें तो, मामला 2018 का है। उन्होंने अपने फेसबुक पर महिला पत्रकारों को निशाना बनाते हुए एक आपत्तिजनक पोस्ट किया था। दरअसल, एक महिला पत्रकार ने तमिलनाडु के तत्कालीन राज्यपाल पर अभद्रता का आरोप लगाया था। महिला पत्रकार के इस आरोप पर उन्होंने अपनी राय रखी थी। उनके इस पोस्ट के बाद काफी विवाद हुआ था। एक राजनीतिक पार्टी ने उनके इस्तीफे की मांग की,इस पोस्ट को लेकर तमिलनाडु में उनके खिलाफ मामले दर्ज किए गए।जैसे ही उन्हें अपनी गलती का एहसास हुआ, उन्होंने तुरंत अपना पोस्ट हटा दिया और बिना शर्त माफी मांगी। एक्टर ने किसी और का पोस्ट शेयर किया था। उस समय उनकी दृष्टि धुंधली हो गई थी क्योंकि उन्होंने अपनी आँखों में दवा डाल रखी थी। इस वजह से वे देख नहीं पाए कि पोस्ट में क्या लिखा है। सोशल मीडिया पर एक्टर विधायक को कई लोग फॉलो करते हैं, जिसके चलते उनके शेयर करते ही यह पोस्ट वायरल हो गई। एक्टर के वकील ने तर्क दिया कि घटना के दिन एक्टर विधेयक अपनी आंखों में कुछ दवा डाल ली थी, जिसके कारण वह अपने द्वारा साझा की गई पोस्ट की सामग्री को नहीं पढ़ नहीं सके। कोर्ट ने कहा कि अगर किसी को सोशल मीडिया का इस्तेमाल जरूरी लगता है तो उसे परिणाम भुगतने के लिए भी तैयार रहना चाहिए। उन्होंने पोस्ट से संबंधित आपराधिक कार्यवाही को रद्द करने की मांग वाली याचिका लगाई थी जिसे खारिज कर दिया गया है। बेंच ने याचिकाकर्ता का के वकील से कहा कि अगर कोई सोशल मीडिया का उपयोग करता है, तो उसे इसके प्रभाव और पहुंच के बारे में अधिक सावधान रहना चाहिए। साथियों बात अगर हम पोस्ट शेयर और फॉरवर्ड के संबंध में भारतीय कानूनों को जानने की करें तो, भारतीय कानून में यूं तो लगभग हर तरह के अपराधों को लेकर प्रावधान और सजा बनाएं गया है।लेकिन ऐसा कोई भी प्रत्यक्ष प्रावधान नहीं है जो सोशल मीडिया पर पोस्ट को रिट्वीट करने फॉरवर्ड करने या शेयर करने को एक अपराध घोषित करता हो। हालांकि, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और भारतीय दंड संहिता के तहत कई प्रावधान ऐसे जरूर होते हैं, जिनके तहत आपराधिक दायित्व बनते हैं। इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी के सेक्शन 67 के अंतर्गत किसी तरह की अश्लील सामग्री को इलेक्ट्रॉनिक रूप में प्रकाशित करना या प्रसारित करना अपराध है, जिसके लिए 3 साल तक की सजा और फाइन का भी प्रावधान है। वही सेक्शन 67 (ए ) इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी में बच्चों से संबंधित किसी तरह की यौन कृत्य वाली सामग्री के प्रकाशित या प्रसारित करने को लेकर भी दंड का प्रावधान है। इसमें 5 वर्ष की कैद और फाइन का प्रोविशन दिया गया है तथा अपराध सिद्ध हो जाने पर 7 वर्ष की सजा और एक्सपेंडेड फाइंड भी किया जा सकता है।इसके अलावा भारतीय दंड संहिता के कुछ सेक्शन जैसे 153(ए) 153(बी) 293, 295(ए) 499 यह सब सांप्रदायिक घृणा



अश्लीलता धार्मिक भावनाओं, को आहत करने और मानहानि से संबंधित हैं। अर्थात यह उस व्यक्ति खिलाफ लागू हो सकते हैं जो अपमानजनक या आपत्तिजनक संदेश साइबर स्पेस से भेजा या शेयर किया जाता है। अब तक इस संबंध में भारतीय न्यायालय द्वारा कोई भी अधिकारिक निर्णय नहीं लिया गया है, लेकिन कुछ केसेस में ध्यान देने योग्य बात ज़रूर कही गई है ।जिससे कुछ बाते स्पष्ट होती है जैसे कि मद्रास हाई कोर्ट ने 2018 में जजमेंट देते हुए नेता व एक्टर की ए बी ए डिसमिस कर दी थी और कहा था कि सोशल मीडिया पर किसी संदेश को शेयर करना फॉरवर्ड करना उसको स्वीकार करना है और समर्थन करने जैसा ही है। शब्द कृत्यों से ज्यादा शक्तिशाली होते हैं ।जैसे कि एक सेलिब्रिटी किसी तरह का संदेश को फॉरवर्ड करता है तो आम जनता या मानने लगती कि इस तरह की चीजें ही चल रही है। इसी मैटर में उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी जिसका निर्णय अभी आया है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि उई बाबा ! सोशल मीडिया का उपयोग करने वाले सावधान रहिएगा जी।सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर फॉरवर्ड अब सोच समझकर कीजिएगा जी!- यदि किसी विवादित पोस्ट को लाइक भी कर दिया तो आप जेल जा सकते हैं।सोशल मीडिया पर अब अभद्र, अपमानजनक पोस्ट पर माफ़ी मांग कर आपराधिक कार्रवाई से नहीं बचा जा सकता सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों का संज्ञान लेना ज़रूरी है।

## आज का राशिफल

मेष राशि-आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। व्यापार को बढ़ाने से धन लाभ में काफी इजाफा होगा। आपकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। किसी काम को करने में आज जल्दबाजी करने से बचें, नहीं तो कार्य कुछ देर के लिए उलझ सकता है। किसी जरूरी काम के पूरा होने पर बधाईयां देने के लिए लोगों का आवागमन लगा रहेगा। आज अपने मित्र से मिलने उनके घर जाएंगे। उनसे मिलकर आपको प्रसन्नता होगी। अगर पहले किसी रिश्तेदार से अनबन हुई है तो आज रिश्तों में सुधार लाने के लिए दिन अच्छा है। आज विरोधी आपसे दूरिया बनाकर रहेंगे।

वृष राशि-आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। ऑफिस में आज किसी बड़े काम की जिम्मेदारी दी जाएंगी, जिसे पूरा करने में आप सफल होंगे। आज सामने आई सभी चुनौतियों का डटकर मुकाबला करेंगे तो सफलता हाथ लगेगी। आज जीवनसाथी के साथ घर पर ही मूवी देखेंगे। आज अपनी काबिलियत से काम को सरलतापूर्वक पूरा कर लेंगे। ड्राई क्लीनर्स के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है। आज आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। छात्रों को आज कॉलेज में होने वाले किसी समारोह में भाग लेने का मौका मिलेगा। नवविवाहित दंपत्ति के रिश्ते में और मजबूती आएगी।

मिथुन राशि-आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगी। जिस काम को कई दिनों से पूरा करने की सोच रहें है वो आज किसी के मदद से पूरा हो जाएगा। आज दूसरों से बात करते समय सही भाषा का प्रयोग करें। अगर पहले से ली हुई जमीन को बेचना चाह रहें है तो आपको इससे काफी फायदा होगा। इस राशि के जो लोग सोशल नेटवर्किंग से जुड़े हैं उनके लिए आज का दिन बढ़िया है। स्वास्थ्य के प्रति आज आपको सतर्क रहना होगा। आज आप नई कार लेने का मन बनाएंगे।

कर्क राशि-आज जिस काम को पूरा करना चाहेंगे वो आसानी से पूरा हो जाएगा। शाम को घर की जरूरत का सामान लेने मार्केट जाएंगे, जाते समय जेब में थोड़े ज्यादा पैसे लेकर जाएं क्योंकि आज खर्च बढ़ सकता है। बिजनेस के सिलसिले से आज किसी जरूरी मिटिंग में हिस्सा लेंगे। परिवार के साथ रात को घर पर डिनर का आनंद उठाएंगे। प्राइवेट ऑफिस में काम करने वालों का आज प्रमोशन होगा। साथ ही बॉस आपकी सैलरी में बढ़ोतरी भी कर सकते है। बच्चों का मन आज पढ़ाई में लगेगा। जीवनसाथी आज आपसे अपने मन की कोई बात शेयर करेंगे।

सिंह राशि-आगे बढ़ने के लिए आज का दिन बेस्ट है। कई दिनों से आपकी तरक्की में आ रही रूकावटें आज दूर हो जाएंगी। इस राशि के बिल्डर्स को आज धनलाभ होगा, साथ ही कोई अच्छा कॉन्ट्रेक्ट मिलेगा। पहले से बनाई हुई योजनाएं आज पूरी हो जाएंगी। परिवार में आज सुख-शांति का माहौल रहेगा। आज बच्चों की सफलता से खुद को गौरवान्वित महसूस करेगें। आज किसी अनजान पर भरोसा न करें। घर की सारी मुश्किलें दूर हो जाएंगी। छात्र आज अपना पूरा ध्यान अपने प्रोजेक्ट को पूरा करने में लगाएंगे। अगर किसी बैंक से लोन लेना चाहते हैं तो आज आप आवेदन कर सकते हैं।

कन्या राशि-आज का दिन बिजनेस में फायदा दिलाने वाला रहेगा। इस राशि के नौकरी कर रहे लोगों को आज आगे बढ़ने का सुनहरा मौका मिलेगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन काफी बढ़िया रहेगा। पढ़ाई-लिखाई में मन लगेगा। अगर आप इंटरव्यू देने जा रहे है तो उसमे सफलता प्राप्त होगी। आज आप सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे। लोग आपके कार्यों की सराहना करेंगे। स्थ्य को फिट रखने के लिए ऑयली खाने से बचें। आपकी थिंक स्थिति में सुधार आएगा। आज आप ऑनलाइन व्यापार शुरू करने की नई योजना बनाएंगे।

तुला राशि-आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज पॉपर्टी में निवेश करने के लिए दिन अच्छा है। आज आप जीवनसाथी के साथ धार्मिक स्थल पर दर्शन करने जाएंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर है। किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम आपके पक्ष में आएगा। आज अचानक आपको आय के नए स्त्रोत मिलेंगे, जिनसे आपको अच्छा मुनाफा होगा। ऑफिस में आज किसी बात को लेकर बॉस से आपको डांट पड़ सकती है। आज ज्यादा क्रोध करने से आपका काम बिगड़ जाएगा। बेहतर होगा कि आज किसी भी बात पर जल्दी गुस्सा करने से बचें।

वृश्चिक राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपकी कार्य क्षमता ऑफिस में आपके दिन को बेहतर बनाने में मददगार साबित होगी। आज आपको अपने विरोधियों से सावधान रहने की जरूरत है। आप बढ़ी हुई ऊर्जा के साथ कोई कार्य करेंगे तो कम समय में पूरा हो जाएगा। जीवनसाथी के जीवन में बदलाव आने से खुशी का माहौल बनेगा। जिससे उनके प्रति आपके मन में और सम्मान बढ़ेगा। घर में चल रही विवाह संबंधी समस्या जल्द ही सॉल्व हो जाएगी। पुरानी जयजाद से आप आपको लाभ होने की संभावना है।

धनु राशि-आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। ऑफिस में आपका कॉन्फीडेन्स देखकर बॉस आपसे खुश हो जाएंगे। अगर आज नए काम को शुरू करें तो आगे चलकर आपको काफी फायदा होगा। आज किसी से बात करते समय मधुर भाषा का प्रयोग करें। विरोधी आज आपसे दोस्ती करने के लिए हाथ आगे बढ़ाएंगे। आज किसी काम को लेकर माता-पिता से परामर्श लेना अच्छा रहेगा। लवमेट आज किसी ट्रिप पर ले जाने का वादा करेंगे। आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा काफी मजबूत बनेगी। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन शानदार रहने वाला है।

मकर राशि-आज का दिन ठीक रहेगा। आज ऑफिस के कार्यों को लेकर किसी पर भरोसा न करें। अपना कार्य खुद करें तो ज्यादा अच्छा रहेगा। बिजनेस में साझेदारी सोच-समझ कर ही करें साथ ही नई योजनाओं को लागू करने से लाभ होगा। परिवार में चल रही अनबन आज समाप्त हो जाएगी। कालात्मक कार्यों में आज आपकी रूचि बढ़ेगी। साथ ही कुछ नया सिखने का मौका मिलेगा। पढ़ाई में छात्रों के लिए यह समय जी-जान लगाकर पढ़ने का है। आज नए प्रोजेक्ट पर काम करने से पहले शिक्षकों से सलाह लेना आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

कुंभ राशि-आज का दिन आपके लिए उन्नति लेकर आया है। प्रॉपर्टी डीलर के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है। कई सालों से नही बिक रही जमीन आज अच्छे दामों में बिक जाएंगी। स्वास्थ अच्छा बनाए रखने के लिए टहलना फायदेमंद साबित होगा। आज आर्थिक लाभ की संभावना बन रही है। आपका मन किसी पुराने मित्र से मिलने का करेगा। हो सकता है आज किसी ऐसे मित्र से फोन पर बात हो जिससे पुरानी यादें ताजा हो जाएंगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

मीन राशि-आज का दिन बढ़िया रहने वाला हैं। इस राशि के ट्रैवेल्स एजेंसी चला रहे लोगों को आज रोज की अपेक्षा ज्यादा फायदा होगा। कहीं रुका हुआ पैसा आज अचानक ही आपको वापस मिलेगा। जिससे आपको बहुत खुशी होगी। आज किसी करीबी से फोन पर काफी देर तक बात होगी। आज घर पर ही परिवार वालो के साथ इंज्वाय करेंगे। आर्ट के क्षेत्र में रुझान वालों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, आपकी पेंटिंग सबको पसंद आएगी। कार्यों में परिवार वालों का सहयोग मिलेगा।

व्यंग्य

# पीठासीन भए पीठाशनि

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त



यह जानकर दुःख हुआ कि एक पीठासीन अधिकारी मात्र दो दहाई वोटों में गड़बड़ करते हुए कैमरे पर पकड़ा गया। आश्चर्य इसलिए हुआ कि देश में ईवीएम की धांधली के नाम पर गड़बड़ होते हुए देखा गया है, लेकिन बैलेट वोट के नाम पर...छीः छीः छीः कभी नहीं देखा है। अरे साहब पीठासीन, सच कहें, आपने तो पूरे पीठासीन अधिकारियों की नाक कटवा दी। हमारे यहाँ ईवीएम पर हजारों वोट जिसे चाहो उसी को पड़ते हैं, फिर चाहे कोई भी बटन दबाओ। एक आप हैं कि बीस-तीस वोट भी संभाल नहीं पाए। हम पूछते हैं, किसने आपको पीठासीन अधिकारी की ट्रेनिंग दी? किसने बना दिया आपको पीठासीन अधिकारी? साहब आप पकड़ में क्या आ गए, आपने पूरी पार्टी को धांधलीखोर सिद्ध कर दिया। हमारी पार्टी ईमानदार नेताओं की पार्टी है। हम ईवीएम में लाख गड़बड़ कर लें मजाल कोई हमें पकड़ पाया हो। आप जैसे लोग ही पार्टी पर धांधलीखोरी और साम दाम दंड भेद का कलंक लगा रहे हैं। थू है आपकी पीठासीनगिरी पर। डूब मरिए चुल्लू भर पानी में। धिक्कार है आपको कि इस पार्टी में रहकर भी आपको धांधली करने का तरीका नहीं आया। आप तो विदेश चले जाइए साहब, आप इस देश में रहने के काबिल नहीं हैं। अरे साहब, आपको धांधली करना नहीं आता तो ईवीएम में हेरफेर करने वाले पहुँचे हुए नेताओं से पूछ लेते, किसी कट्टर जिताऊ नेता से पूछ लेते। हम कहते हैं आप कब सीखोगे? इस पार्टी में इतने वरिष्ठ नेता हैं, उनके अनुभवों का लाभ कब उठायेंगे? किसने कहा था आपको कि दस-बीस वोटों का हेर फेर करें? विपक्षी के पूरे के पूरे वोट खारिज कर दे तो कौन आपको पूछने वाला था। देश में अधिकार भी आपका, नेता भी आपके, सिपाही भी आपके, ऊपर से लेकर नीचे तक, आगे से लेकर पीछे तक सब अपने ही तो थे। फिर कैसे पकड़ में आते? वोट पर तो निशान होता है, मंसूबे पर थोड़ी न होता है निशान। कोर्ट-कचहरी वाले पूछते तो कह देते ज्यादा नखरे न दिखाओ भैया सत्ता में बैठे बड़भैया सब हमारे ही लोग हैं। ज्यादा चीं चपड़ करोगे तो नप जाओगे। कोर्ट में बैठे जज से कह देते क्यों तुम्हें राज्यसभा सदस्य नहीं बनना है? या नहीं तो धमका देते कि जाँच-एजेंसियाँ भिजाऊँ तुम्हारे पास। कुछ भी कहिए साहब पीठासीन अधिकारी भी आप बड़े कच्चे हो। आप पीठासीन न हुए पीठाशनि हो गए। सुनिए साहब पीठासीन जी, आप चंद वोटों के हेर-फेर में क्या पकड़े गए, हम इधर तकलीफ में पड़ गए हैं। अपने चंद बैलेट वोटों की हेर फेर के लिए किसी पीठासीन अधिकारी के पास जाते हैं तो पीठासीन अधिकारी कहता है, मेरे पास मैनुअल वोटिंग कराने का अनुभव नहीं है। हम पार्टी ऑफिस से अपना ईवीएम ला देते हैं तो वह कहता है, यह बैलेट बक्सा नहीं है। वो भी ला देते हैं तो कहता है, यहाँ कैमरे लगे हैं। वो भी हटा देते हैं तो कहता है - हमको अकल नहीं है। हम कहते हैं - पीठासीन साहब, बदनाम हुए तो बदनाम हुए लेकिन हमे किसी भी कीमत पर जिता दो। वे कहते हैं देखिए, आज से हम बैलेट बक्सा के नाम से डरने लगे हैं। हमारा एक भाई पकड़ में आ गया है। कोर्ट-कचहरी के चक्कर लगाने वाला है। उसके बीवी-बच्चे बदनाम होने लगे हैं। उसे पकड़कर विपक्ष की दो कौड़ी वाली यूट्युबिया मीडिया ने पूरे पीठासीन अधिकारियों का अपमान किया है। इसलिए आज से हम कोई बैलेट बक्सा वाली वोटिंग नहीं करायेंगे और जब कैमरे हटा दिए जायेंगे तभी हम धांधली करेंगे। हमने कहा - तो यही बता दीजिए कि कहाँ-कहाँ से कैमरे हटा दें। पीठासीन अधिकारी ने हमको ऊपर से नीचे तक देखा और बोले- चले है कैमरा हटाने। मशीनी कैमरों से खतरनाक विपक्षी कैमरे हैं। कहाँ-कहाँ छिपकर बैठते हैं पता ही नहीं चलता। अब हम आपको किन-किन कैमरों के बारे में बताएँ। हमने कहा- फिर भी... विपक्ष में किन-किन को हटाएँ। वे बोले- विपक्ष में किनको हटाएँ। हटाना तो सभी को है। किसी को भी बाहर नहीं रखना है। सभी स्सालों को जेल में ठूस दो। न रहेंगे बाहर न होंगे चुनाव और न उठेगी बैलेट बक्सों से चुनाव की पुकार। लेकिन यह इतना आसान नहीं है। कुछ लोग भावों में इस कद्र डूब जाते हैं कि उन्हें भगवान दिखाकर कह दो यही रोजगार तो भी मान जाते हैं। धर्म के नाम पर लड़ा दो और कह दो यही विकास है तब भी मान जाते हैं। बारह सौ के सिलेंडर में गैस की जगह ऊँच-नीच भर दो तुरंत सस्ती लगने लगती है। किंतु जहाँ लोग अधिक पढ़े-लिखे हैं वो तो हमें वोट देने से रहे। फिर क्या करें? देखिए पीठासीन अधिकारी जी, हमको तो किसी भी कीमत पर सत्ता बचाए रखना है। इसलिए जीत हमारी ही होनी चाहिए। आप हमारा सहयोग करेंगे तभी हमारी जीत होगी। तो हम क्या करें, बताइए? - आप तो कुछ मत करिए, बस इस बार शहर की मेयरी दिलवा दीजिए। बस कोर्ट में हमारी पार्टी की नाक मत कटवाइए। अपनी चालाकी से विपक्ष की धज्जियाँ उड़ा देना। फिर इसके लिए चाहे आपको अपनी शहादत ही क्यों न देना पड़े। जीवित बचे तो कोई न कोई पद मिल जाएगा। वरना मरणोपरांत कोई न कोई पुरस्कार थमा दिया जाएगा। पीठासीन अधिकारी हँसते हैं। उनके चेहरे पर मुस्कान है। कहते हैं- देखिए जी, हम तो आपको जिता तो देंगे, लेकिन एक बार या दो बार... उससे ज्यादा नहीं। और तुम तो जानते हो कि हम इससे ज्यादा करेंगे तो विपक्ष हमारी लंगोट खींच लेगी। आपने हमारे साथी पीठासीन अधिकारी को दस-बीस वोटों की धांधली में पकड़वा दिया। इसका बदला तो हम बैलेट बक्सा वाले मैनुअल चुनाव से पीछे हटकर ही लेंगे। इसलिए अब आप यहाँ से जाइए। जब कोई विकल्प निकल पड़ेगा तो आपको बुला लेंगे - ईश्वर की कृपा से आप दक्षिणपंथियों के चंगुल से बच गए तो समझ जाना कि आपने गंगा नहा लिया। तो भइया, अब हम इसी जुगाड़ में फंसे हैं कि इन दक्षिणपंथियों के वोट कैसे हथियाएँ। ये ससुरे धर्म के नाम पर, ऊँच-नीच के नाम पर जल्दी लड़ते भी तो नहीं हैं। बस इस बार एक बार जीत जाएँ तो ऐसा बिल पास करेंगे कि हमें बैलेट बक्सा बनाम ईवीएम की बेफिजूल बहस वाले झंझट से छुटकारा मिले। सोचता हूँ आगे से चुनाव रद्द कर स्वयं को आजीवन राजा घोषित कर लूँ। तब देखता हूँ ये विपक्षी क्या उखाड़ते हैं।

विश्लेषण

निर्मल रानी

# उनका है तो परिवारवाद इनका है तो समाजवाद ?



गत दिनों राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी सरकार की उपलब्धियां तो कम गिनाईं परन्तु विपक्ष पर अधिक हमलावर रहे। उन्होंने एक बार फिर मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू,इंदिरा गांधी व राहुल गांधी पर निशाना साधा। कांग्रेस पार्टी पर परिवारवादी राजनीति को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, कि देश ने जितना परिवारवाद का ख़मियाज़ा उठाया है, खुद कांग्रेस ने भी उसका उतना ही ख़मियाज़ा उठाया है। सदन में ही जब कांग्रेस की ओर से 'बीजेपी में फलते फूलते परिवारवाद' पर सवाल किया गया तो मोदी ने कहा कि उनके लिए परिवारवाद का मतलब एक ही परिवार के कई लोगों के राजनीति में आने से नहीं है। उन्होंने कहा, अगर किसी परिवार में अपने बलबूते पर व जनसमर्थन से एक से अधिक लोग राजनीतिक क्षेत्र में भी प्रगति करते हैं, उसको हमने कभी परिवारवाद नहीं कहा है। हम परिवारवाद की चर्चा वो करते हैं, जो पार्टी परिवार चलाता है, जो पार्टी परिवार के लोगों को प्राथमिकता देती है, पार्टी के सारे निर्णय परिवार के लोग ही करते हैं, वो परिवारवाद है। न राजनाथ जी की कोई पॉलिटिकल पार्टी है न अमित शाह की कोई पॉलिटिकल पार्टी है। यानी प्रधानमंत्री ने नेहरू-गांधी परिवार पर हमला बोलने की सुविधाजनक परिभाषा गढ़ डाली। अमितशाह व राजनाथ सिंह का नाम लेकर उन्हें सदन में इसलिये सफ़ाई देनी पड़ी क्योंकि कांग्रेस पार्टी और कई विपक्षी नेता अक्सर यह सवाल करते हैं कि गृह मंत्री अमित शाह के पुत्र जय शाह बीसीसीआई के सचिव से लेकर एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष तक किस आधार पर बन जाते हैं ? विपक्ष पूछता है कि जय शाह के पास अमित शाह का पुत्र होने के अतिरिक्त ऐसी कौन सी योग्यता है जिसके आधार पर उन्हें इतने महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त,मनोनीत या निर्वाचित कराया जाता है? इसी तरह राजनाथ सिंह के एक पुत्र जहाँ भाजपा से विधायक हैं वहीं दूसरे भी किसी महत्वपूर्ण पद पर आसीन हैं। मोदी ने परिवारवाद की नई परिभाषा गढ़ते हुये अपनी ही पार्टी के अनुराग ठाकुर,पियूष गोयल,धर्मेंद्र प्रधान,वसुंधरा व ज्योतिरादित्य सिंधिया,देवेंद्र फ़डनवीस,जतिन प्रसाद,आर पी एन सिंह,राव इंदरजीत सिंह व किरण रिजिजू जैसे उन अनेक नेताओं का बचाओ किया जो अपनी पैतृक राजनीति के ही प्रतीक हैं। परन्तु प्रधानमंत्री के अनुसार जो पार्टी,एक परिवार चलाता है, जो पार्टी परिवार के लोगों को प्राथमिकता देती है, जिस पार्टी के सारे निर्णय एक ही परिवार के लोग करते हैं, ऐसे दलों व नेताओं के परिवारवाद का देश ने ख़मियाज़ा उठाया है?फिर तो प्रधानमंत्री को यह भी बताना चाहिये कि 2014 तक भाजपा का जिस बल ठाकरे व उद्धव ठाकरे की शिवसेना के साथ महाराष्ट्र में 25 वर्षों तक गठबंधन रहा और महाराष्ट्र में अनेक लोकसभा व विधानसभा चुनाव भाजपा - शिवसेना मिलकर लड़ी वह परिवारवादियों से समझौता था या नहीं ? इसी तरह जो शिरोमणि अकाली दल, बादल परिवार की पार्टी है और किसान आंदोलन से पूर्व दशकों तक भाजपा की सहयोगी रही है उसका परिवारवाद प्रधानमंत्री की परिभाषा



से कैसे अलग है ? इसी तरह भाजपा जब चाहे तब हरियाणा में एक ही परिवार की पार्टी इंडियन नेशनल लोकदल से समझौता कर सकती है ? आज भी भाजपा हरियाणा में जिस जननायक जनता पार्टी (जे जे पी) के साथ सत्ता की साझेदार है वह भी एक ही परिवार की पार्टी है। इसी तरह भाजपा जब चाहे कश्मीर में मुफ़्ती मोहम्मद सईद की पारिवारिक पार्टी पी डी पी से समझौता कर सकती है? बिहार में राम विलास पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी क्या परिवारवाद की पार्टी का प्रतीक नहीं? कर्नाटक में भाजपा परिवारवादी राजनीति करने वाले येदियुरप्पा के हाथों में क्यों खेलती है? इसी तरह के और भी कई 'परिवारवादी' दल हैं जिनसे भाजपा गठबंधन करने में परहेज़ नहीं करती। सवाल यह है कि जब प्रधानमंत्री कहते हैं कि -'परिवारवाद का देश ने ख़मियाज़ा उठाया है' फिर आख़िर उन्हीं की परिभाषा वाले 'परिवारवादियों ' से भाजपा के गलबहियां करने का अर्थ व औचित्य क्या ? दरअसल मोदी सहित भाजपा नेताओं को कांग्रेस व कांग्रेस सहयोगी दलों में ही सारा परिवारवाद नज़र आता है। इन्हें केवल राहुल गाँधी,अखिलेश यादव,तेजस्वी यादव जैसे नेता ही परिवारवादी राजनीति के प्रतीक नज़र आते हैं। इन्हें राहुल गाँधी की परिवारक कुंडली तो नज़र आती है परन्तु उनका कन्याकुमारी से कश्मीर व मणिपुर से मुंबई तक की साहस भरी भारत जोड़ो न्याय यात्रा नज़र नहीं आती ? इन्हें राहुल के पिता व दादी की कुरबानी दिखाई नहीं देती ? इन्हें राहुल की मां सोनिया गाँधी द्वारा प्रधानमंत्री जैसे उस पद का त्याग नज़र नहीं आता जिससे आजीवन चिपके रहने के लिये कौन कौन से हथकंडे नहीं अपनाये जा रहे ? लालू यादव व मुलायम सिंह यादव की सामाजिक न्याय की वजह से भी भाजपा इनकी पार्टी की वैचारिक विरोधी है जिसके चलते इनपर परिवारवाद का आरोप लगाती है। पिछले दिनों अपने जिस राजनैतिक गुरु लाल कृष्ण आडवाणी को 'भारत रत्न' देकर उनसे प्रधानमंत्री पद 'हड़पने ' का पश्चाताप किया गया उन्हीं आडवाणी को 22 अक्टूबर 1990 को लालू यादव ने बिहार का मुख्यमंत्री रहते गिरफ़्तार किया था। यह घटनाएं भाजपा आख़िर कैसे भूल सकती है ? इसी तरह मुलायम सिंह यादव द्वारा अक्टूबर 1990 को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री रहते अयोध्या में कर्फ़्यू लगाया गया। उन्होंने बाबरी मस्जिद के आसपास के इलाकों में बैरकेडिंग कर कहा था कि, बाबरी मस्जिद पर कोई परिंदा भी पर नहीं मार सकता। और 30 अक्टूबर 1990 को जब भीड़ ने कारसेवकों के साथ हनुमानगढ़ी की ओर बढ़ना शुरू किया उस समय ढांचे की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा कारसेवकों पर गोलियां दाग़ी गयी थीं जिसमें कई कारसेवक व साधुओं की जानें भी गयी थीं। बाद में यही आंदोलन जब और उग्र हुआ तो 6 दिसंबर 1992 की घटना के रूप में इसकी परिणति हुई।

ज़ाहिर है कांग्रेस,समाजवादी पार्टी व आर जे डी की यही धर्मनिरपेक्ष राजनीति जब रास नहीं आती तो वैचारिक कुंठा से ग्रस्त लोग इनपर परिवारवाद और भ्रष्टाचार जैसे आरोप लगाकर इन्हें बदनाम करने की भी कोशिश करते हैं साथ ही जनसरोकार से जुड़े वास्तविक मुद्दों की तरफ़ से जनता का ध्यान भी भटकाते हैं। यानी इन्हें उनका परिवारवाद तो परिवारवाद दिखाई देता है परन्तु अपना परिवारवाद, समाजवाद नज़र आता है ?

एक नजर

### जिले में महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओं ने दिखाई उत्सुकता



**जगदलपुर, 7 फरवरी ।** जिले में महतारी वंदन योजना अंतर्गत योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओं ने विशेष तौर पर उत्सुकता दिखाई है। इस योजना से आवेदन पत्र भरने के लिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित विशेष शिविरों में महिलाओं में खासा उत्साह परिलक्षित हो रहा है। इस योजना के प्रति महिलाओं ने अपनी खुशी जाहिर की है और उनके चेहरे पर खुशी झलक रही है। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में शासन की यह पहल अनोखी है। योजना की पूरी जानकारी लेने, दस्तावेज देने एवं फार्म भरने की पूरी प्रक्रिया के दौरान महिलाओं में उत्साह एवं प्रसन्नता नजर आ रही है। इस बारे में बातचीत करने पर जगदलपुर शहर के लालबाग निवासी श्रीमती आसमती कश्यप ने स्थानीय हल्बी बोली में बताया कि हम सभी महिलाएं बहुत खुश है कि हमारे खाते में प्रतिमाह 1000 रूपए की राशि आएगी। वे इस योजना अंतर्गत प्राप्त राशि का उपयोग साग-सब्जी तथा अन्य जरूरत के लिए करेंगी। उन्होंने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को इस योजना के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं विजय वार्ड निवासी श्रीमती प्रीति बक्शा ने बताया कि महतारी वंदन योजना महिलाओं के लिए बहुत अच्छी है। इस योजना से मिलने वाली राशि का उपयोग घरेलू कार्यों में करने सहित कुछ राशि बचा कर रखेंगी। इस योजना को महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक पहल निरूपित करते हुए आड़ावाल निवासी स्वाति राव ने कहा कि महतारी वंदन योजनांतर्गत प्राप्त राशि का उपयोग वह अपनी छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करने के लिए करेंगी। आड़ावाल की श्रीमती रुक्मिणी एवं कृष्णादेवी ने भी खुशी जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को महतारी वंदन योजना के लिए धन्यवाद दिया।

### कलेक्टर ने अग्निवीर भर्ती की तैयारियों के संबंध में ली बैठक



**जगदलपुर, 7 फरवरी ।** देश की प्रतिष्ठित सेवा भारतीय सेना के अग्निवीर में युवाओं की भर्ती हेतु कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. की अध्यक्षता में बैठक किया गया। जिला कार्यालय के आस्था कक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री विजय ने कहा कि बस्तर संभाग और जिले से अधिक अधिक युवाओं की अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में सहभागिता हो इसके लिए रोजगार कार्यालय, नेहरू युवा केंद्र को अधिक मेहनत करने की जरूरत है। उन्होंने इसके लिए समय-सारिण बनाकर उसका क्रियान्वयन करने पर जोर दिया। साथ ही जिले में अग्निवीर भर्ती के अधिक पंजीयन करवाने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने एक्स आर्मी मैन समूह के सदस्यों को युवाओं में अग्निवीर भर्ती के लिए प्रोत्साहित करने सहित शारीरिक दक्षता, लिखित परीक्षा की तैयारी करवाने में आवश्यक सहयोग करने कहा। पुलिस अधीक्षक श्री सलभ सिन्हा ने कहा कि युवाओं को भर्ती प्रक्रिया में शारीरिक दक्षता के लिए बटालियन और सीआरपीएफ के अधिकारियों द्वारा भी प्रशिक्षण देने में सहयोग किया जाएगा।

### कोयले से लदे ट्रक में लगी आग

**भिलाई, 7 फरवरी।** भिलाई नेवई थाना क्षेत्र कोयला लदे ट्रक में आग लगने की घटना सामने आ रही है आग कैसे लगी यह अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है लेकिन फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंचकर आग को काबू किया कोयला जलकर खाक हो गया है घटना के बाद से ट्रक चालक पुलिस मामले की छानबीन कर रही है किसका ट्रक है और कहां कोयला जा रहा था नेवई टीआई प्रशांत मिश्रा बीती रात को 11- 30 बजे मरोदा ओवर ब्रिज के पास चालक ट्रक लेकर पहुंचा था कि अचानक से उसे धुआं उठता दिखाई दिया शीशे में धुआं देखक उसने ट्रक रोक दिया गाड़ी से नीचे उतरा तो आग की लपटें निकलनी शुरू हो गई थी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया राहगीरों ने इसकी सूचना नेवई पुलिस को दी आग को काबू करने में फायर ब्रिगेड पहुंच गई थी



# कलेक्टर ने समाधान शिविरों में महतारी वंदन योजना का फार्म भरने के दिए निर्देश



**कांकेर, 7 फरवरी ।** कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने आज समय-सीमा की बैठक में जिले में आयोजित समाधान शिविरों में महतारी वंदन योजना के तहत आवेदक महिलाओं से निर्धारित प्रारूप में ऑफलाइन, ऑनलाइन फॉर्म भराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के संवेदनशील क्षेत्रों में स्थित गांवों में विशेष रूप फोकस करते हुए समाधान शिविरों में ही पात्र महिलाओं से फॉर्म भराने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिए, जिससे 20 फरवरी तक लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत हितग्राहियों को फॉर्म भराया जा सके। साथ ही ग्राम पंचायत एवं नगर पंचायत स्तर पर ऑनलाइन आवेदन के लिए अमला बढ़ाने के भी निर्देश सभी जनपद सी.ई.ओ. व सी.एम.ओ. को दिए। शासन की मंशानुसार इसे सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निष्पादित करने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज सुबह 10.00 बजे से आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि महतारी वंदन योजना के तहत किसी भी पात्र हितग्राही को नहीं लौटाएं। अगर उनके पास बैंक खाता नहीं भी है, तो खाता खुलवाकर ऑनलाइन प्रविष्टि पूर्ण करें। उन्होंने तकनीकी समस्याएं दूर करते हुए संबंधित विभागों के समन्वय से लक्ष्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने राशन कार्ड नवीनीकरण की जिले में स्थिति के बारे में पूछा। इस पर खाद्य अधिकारी ने बताया कि अब तक 69 प्रतिशत कार्ड का नवीनीकरण पूर्ण हो चुका है, जो प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। साथ ही यह भी बताया कि बचे हुए हितग्राहियों को पीडीएस सेंटर में बुलवाने पंचायतों में लगातार मुनादी कराई जा रही है। बैठक में कलेक्टर ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भानुप्रतापपुर में औचक निरीक्षण के दौरान अनेक अनियमितताएं पाई गईं। कुछ रिकॉर्ड दुरूस्त नहीं मिले, वहीं व्यवस्थाएं भी लचर मिलीं। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि पर्याप्त प्रशिक्षण और सुविधाएं मुहैया कराने के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं आता, तो ऐसे गैर जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए उनके वेतन रोकें जाएं। शासकीय कार्यालयों में भवनों में विद्युत देयकों के लम्बित प्रकरणों का जल्द से जल्द भुगतान करने संबंधित विभागों करने अधिकारियों को कलेक्टर ने निर्देशित किया, साथ ही विभिन्न कार्यालयों का एक साथ भुगतान करने सेंट्रलाइज व्यवस्था करने जिला कोषालय अधिकारी को निर्देश दिए। इसके अलावा विभिन्न एजेण्डा पर चर्चा करते हुए आवश्यक कार्रवाई के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

इस दौरान कलेक्टर ने विभागवार लम्बित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ निराकृत करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। बैठक में एडीएम श्री बी.एस. उईके, जिला पंचायत के सी.ई.ओ. श्री सुमित अग्रवाल, सहायक कलेक्टर श्री प्रखर चंद्राकर सहित सभी अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी व विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## पुलिस ने नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के आरोपी को 24 घंटे में गिरफ्तार कर भेजा जेल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरन्दुल, 7 फरवरी।** 14वर्षीय नाबालिक बालिका के गुम होने पर उसकी माता जी दिनांक 05.02.2024 को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग बालिका को दिनांक 26.01.2024 को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर भगा ले गया है, प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना प्रभारी किरन्दुल द्वारा तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए थाने में गुम इंसान क्रमांक 03/2024 तथा अपराध क्रमांक 12/2024 धारा 363 भादवि कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा श्री गौरव राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राम कुमार बर्मन के निर्देशन व स्ध्रह्लक्ककिरन्दुल कपिल चंद्रा के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी किरन्दुल प्रहलाद कुमार साहू के अगुवाई में नाबालिग अपहृत बालिका की पता तलाश हेतु टीम गठित की गई। पता तलाश दौरान नाबालिग अपहृत बालिका की गीदम में होने की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल थाना प्रभारी प्रहलाद साहू द्वारा पुलिस टीम व अपहृत नाबालिग बालिका के माता पिता को साथ लेकर गीदम के लिये रवाना हुआ, गीदम सूचना प्राप्त स्थल पर पहुंचने पर पाया कि आरोपी राजेश सोनी पिता भास्कर सोनी उम्र 19 वर्ष निवासी गीदम नाबालिग अपहृत बालिका को अपने साथ रखा हुआ था जिसे बरामद कर महिला विवेचक द्वारा महिला डेस्क में बारिकी से पूछताछ कर कथन लेने पर अपने कथन में गीदम निवासी राजेश सोनी से जान पहचान होना तथा दिनांक 26.01.2024 को राजेश सोनी द्वारा बुलाने से गीदम जाने बाद आरोपी राजेश सोनी द्वारा अपने दोस्त के किराये के मकान में ले जाकर शादी का झांसा देकर 26.01.2024 से 04.02.2024 तक कई बार जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाना बताने व मामला गंभीर प्रकृति का होने से प्रकरण में धारा 366,376 (2)(ढ) भादवि, 04 पाक्सो एक्ट जोड़ी जाकर आरोपी राजेश सोनी पिता भास्कर सोनी उम्र 19 वर्ष निवासी गीदम को आज दिनांक 06/02/2024 को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रहलाद कुमार साहू, उप निरीक्षक हेमंत कुमार साहू, दीनानाथ वैष्णव, प्रधान आरक्षक 956 उमेश कुंजाम एवं महिला आरक्षक क्रमांक 720, 922, 848 अहम भूमिका रही है

### बालाटिकरा एवं मुरतोण्डा स्कूल के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**सुकमा,7 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मंगलवार को कृषि विज्ञान केन्द्र, सुकमा के प्रक्षेत्र में छिंदगढ ब्लॉक के बालाटिकरा एवं सुकमा ब्लॉक के मुरतोण्डा हाई स्कूल की कक्षा 9वीं तथा 10वी के 120 छात्राओं ने स्कूल की अध्यापिकाओ के साथ शैक्षणिक भ्रमण किया। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख एच. एस. तोमर ने कृषि विज्ञान केन्द्र के बारे में जानकारी देते हुए प्रक्षेत्र में लगी हुई सरसों, मक्का फसल के साथ साथ विभिन्न इकाइयों, बीज प्रक्रिया इकाई के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। डॉ संजय सिंह राठौर, तकनीकी सहायक, मत्स्य पालन ने मछली के जीवन चक्र, मछली पालन के विषय पर विस्तार से जानकारी दी। शैक्षणिक भ्रमण को सफल बनाने में कृषि विज्ञान केन्द्र के ज्योतिष कुमार पोटला एवं मनोज कुमार बघेल का सराहनीय योगदान रहा।

## प्रधानमंत्री आवास योजना में चंदर,नीलावती एवं महादई को मिला पक्का मकान



**जगदलपुर, 7 फरवरी ।** जगदलपुर शहर के समीप बाबू सेमरा एवं खुटपदर में प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत लाभान्वित हितग्राही सरकार की सहायता से पक्का और अच्छा मकान बनवाकर अब खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहे हैं। इस बसाहट के चंदर, नीलावती एवं महादई ने बताया कि अपने जीवन में धूप, बारिश और ठण्ड को काफी सह चुके हैं,जब कच्चा मकान था और बारिश होती थी तो छत से पानी टपकने की परेशानी के साथ ही रात में सांप- बिच्छू का डर बना रहता था। लेकिन अब सरकार की सहायता से पक्का आवास मिला तो परिवार के सभी सदस्य सहूलियत के साथ रह रहे हैं। इन लाभार्थियों ने बताया सरकार से आवास के लिए जो सहायता राशि मिली थी, उस राशि में अपनी बचत राशि को मिलाकर अतिरिक्त कमरे बनाकर सबके लिए सुरक्षित रहवास की जरूरत को पूरा किये हैं। यह सब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के गरीब परिवारों को पक्का आवास सुलभ कराने की अनूठी योजना से फलीभूत हुई है। ज्ञात हो कि इन हितग्राहियों के आवासों को देखने पहुंचे कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. और अन्य अधिकारियों ने भी उक्त पक्का मकानों की प्रशंसा कर उन्हें बधाई दी। इसी तरह जगदलपुर ब्लॉक अंतर्गत नगरनार निवासी प्रहलाद कश्यप का परिवार दो साल पहले तक मिट्टी से बने खपरैल वाले घर में बारिश, ठंड और धूप के मौसम में जैसे-तैसे रहकर दिन गुजार रहे थे लेकिन अब प्रधानमंत्री आवास योजना की सहायता से पक्का मकान में सुकून के साथ जिंदगी बिता रहे हैं। अभी हाल ही में नगरनार साप्ताहिक बाजार में साग-सब्जी की खरीदी कर रहे प्रहलाद से भेंट होने पर उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब परिवारों को स्वयं का घर मुहैया कराने के लिए वरदान साबित हो रही है। करीब दो साल पहले जब उनका नाम प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास बनाने के लिए ग्राम सभा से अनुमोदित कर भेजा गया तो प्रहलाद ने सपने में भी नहीं सोचा था कि वह अपना पक्का मकान बना लेंगे। लेकिन जब ग्राम पंचायत से उन्हें सूचना मिली कि उनके नाम पर प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लिए एक लाख 20 हजार रुपये की स्वीकृति दी गई है तो वे काफी खुश हुए और परिवार के सदस्यों को यह जानकारी दी। परिवार के लोगों ने भी पक्का मकान बनाने की मनोकामना पूरी होने की उम्मीद जताई। इसके बाद स्वीकृति के अनुरूप पहली किश्त की राशि प्रहलाद के बैंक खाते में अंतरित हुई तो उसे पूरा यकीन हो गया कि अब वह किसी भी हालत में पक्का मकान के सपने को अवश्य साकार करेगा।प्रहलाद ने आवास निर्माण की स्वीकृति के बाद स्वयं ही मकान बनाने का निर्णय लिया और घर-परिवार के लोगों के साथ घर बनाने के काम में लग गया। प्रहलाद को मकान बनाने के काम का मजदूरी भी मनरेगा से मिली तो वह इस काम में पूरी लगन के साथ जुट गया और डेढ़ साल पहले अपना खुद का पक्का मकान तैयार कर लिया। अब उसके परिवार के लिए सुरक्षित रहवास का पुख्ता इंतजाम हो गया तो पूरा परिवार खेती-किसानी कर खुशहाली के साथ जीवन व्यतीत कर रहा है और पक्का मकान बनाने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हैं। प्रहलाद बताते हैं कि वे गांव के जलीन माता के पुजारी भी हैं तो वे हमेशा पूरे गांव के लोगों के लिए सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हैं।

### स्थानीय उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**सुकमा,7 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार विदेश व्यापार और विकास आयुक्त, मिहान सेज, डीजीएफटी क्षेत्रीय प्राधिकरण नागपुर द्वारा निर्यात बंधु स्कीम अंतर्गत निर्यात आउटरीच कार्यक्रम के तहत सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित स्वामी विवेकानंद परिसर सुकमा में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान प्रजेंटेशन के माध्यम से डीजीएफटी के कार्य, उद्देश्य एवं स्कीम, वस्तुओं के आयात-निर्यात (आईईसी) के लिए पोर्टल में पंजीयन एवं कस्टम की प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डीजीएफटी का उद्देश्य समुदायों की निर्यात क्षमता की पहचान करना और विकास के अवसर देना, विदेश व्यापार नीति बनाना और समन्वय करना, आयात और निर्यात के लिए लाइसेंस प्रदान करना, देश के निर्यात और आयात को विनियमित और प्रतिबंधित करना इत्यादि शामिल है। कार्यशाला में आयात निर्यात में भारतीय डाक निर्यात बैंक की भूमिका, सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम विकास के कार्य और उनके विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया। सुश्री स्नेहल धोकेय असिस्टेट डीजीएफटी (आईटीएस) ने बताया कि स्थानीय उद्यमियों एवं व्यापारियों को उनके उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ श्री देवनारायण कश्यप ने कार्यशाला में उपस्थित उद्यमियों को जिले से ज्यादा से ज्यादा निर्यात के लिए प्रोत्साहित करते हुए कार्यशाला का लाभ उठाने को कहा।

कार्यशाला में जिले के उद्यमियों, व्यापारियों एवं स्व सहायता समूह महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और निर्यात संबंधी अपने अनुभव को साझा किया। विदित हो कि भारत सरकार द्वारा निर्यात आउटरीच कार्यक्रम के माध्यम से एक जिले की उत्पादन क्षमता को ध्यान में रखते हुए उसे निर्यात के लिए प्रोत्साहित करने पर विशेष फोकस किया जा रहा है। इस अवसर पर डिपार्टमेट आफ पोर्ट्स श्री विनोद कुमार ध्रुव एसडीआई आफ रिजन, सहायक संचालक कृषि विभाग श्री पीआर बघेल, श्री जयनारायण भगत जीएम डीटीआईसी, चेंबर आफ कामर्स छत्तीसगढ़ श्री श्री कैलाश कश्यप मैनेजर केवीआईबी, पीपीआईए फेलो श्री सौरभ कुमार, दोरनापाल एसडीओ, एमएसएमई के अधिकारी सहित संबंधित विभाग के अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित थे।

### रामाराम और सुकमा मेला की तैयारियों के संबंध में हुई बैठक



**सुकमा,7 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुकमा जिले के प्रसिद्ध रामाराम और सुकमा मेला प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मनाया जायेगा। इस वर्ष रामाराम मेला 20 फरवरी 2024 को आयोजित किया जाएगा। वहीं सुकमा मेला 21 फरवरी 2024 को आयोजित किया जाएगा।मेले के आयोजन और समस्त व्यवस्थाओं के संबंध में सोमवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में देवी मां चिटमिट्टीन अम्मा मंदिर ट्रस्ट के सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की संयुक्त बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में कलेक्टर श्री हरिस. एस ने मेला आयोजन करने की राय मेला ट्रस्ट समिति के सदस्यों से ली। साथ ही मेले के सफल आयोजन के लिए विभिन्न विभागों को दायित्व सौंपा गया। बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्री दुलीचंद बंजारे, संयुक्त कलेक्टर श्री सूरज कश्यप सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण, रामाराम मेला ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष श्री मनोज देव, श्री करण देव सहित मांझी, पुजारी सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

### महतारी वंदन योजना : पात्रता रखने वाली सभी महिलाओं का पंजीयन कराने कलेक्टर ने निर्देश दिए

**सुकमा,7 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** महतारी वंदन योजना के सफल क्रियान्वयन और पात्रता रखने वाले सभी महिलाओं को योजना का लाभ दिलाने के लिए उनका पंजीयन के निर्देश दिए कलेक्टर श्री हरिस.एस ने समय सीमा की बैठक में दिए। उन्होने पंचायतों और आंगनबाड़ी केद्रों में पर्याप्त मात्रा में पंजीयन फार्म उपलब्ध कराने और 20 फरवरी तक अनिवार्य रूप से फार्म भरवाने कहा है। उन्होने आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रतिदिन प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों को पंजी में संधारित करने और परीक्षण कर ऑनलाइन पोटर्ल में एन्ट्री कराने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन और अन्य गतिविधियों पर चर्चा की। कलेक्टर ने पीएम विश्वकर्मा योजना, आयुष्मान कार्ड की समीक्षा की। उन्होंने दोनों योजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूलों में विद्युतीकरण के सम्बंध में आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान जिला स्तरीय अधिकारी एवम् कर्मचारिगण उपस्थित थे।



### निर्मल आंगनबाड़ी अभियान के तहत 615 आंगनबाड़ी में दिया गया स्वच्छता से शिक्षा ओर का संदेश



**सुकमा,7 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला सुकमा में 19 दिसम्बर 2023 से 10 जनवरी 2024 तक निर्मल आंगनवाड़ी अभियान चलाय गया। एस्पिरेशनल भारत कॉलेबोरेटिव नीती आयोग के सहयोगी पिरामल फाउंडेशन के माध्यम से निर्मल आंगनवाड़ी अभियान बच्चो कि शिक्षा को मद्देनजर रखते हुए %निर्मल आंगन% अभियान को संचालित किया।आभियान सुकमा, छिंदगढ और विकासखंड कोटा मे चलाया गया। जिसमे आंगनवाड़ी परिसर, मुख्य कक्ष , रसोई, स्टोर रूम की साफ़ सफाई करने, सामानो को व्यवस्थित रखने और बच्चों कि शिक्षा मे सकारात्मकता परिवर्तन लाया गया। इस अभियान मे नीती आयोग के सहयोगी पिरामल फाउंडेशन के माध्यम से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सरपंच,सचिव को अभियान कि जानकारी दिया गया और इस अभियान को अपने ग्राम पंचायत मे सुचारू रूप से चालाने के लिए ध्यान केंद्रित किया। इस अभियान के माध्यम से 615आंगनवाड़ी को सुचारू रूप से ठीक किया गया और इस अभियान को सफल बनाने के लिए और निर्मल आंगनवाड़ी अभियान के माध्यम से घर जैसा वातावरण आंगनवाड़ी मे देने का और बच्चों कि ज्यादा से ज्यादा शिक्षा को प्रभावित करने का प्रयास निरंतर सुकमा के समस्त अधिकारीगण के साथ मिलकर किया गया है।

# महतारी वंदन योजना के लिए आवेदनों का पंजीयन प्रारंभ

**सुकमा, 7 फरवरी ।** महतारी वंदन योजना के तहत आवेदनों का पंजीयन जिले में 05 फरवरी से प्रारंभ हो गया है। कलेक्टर श्री हरिस. एस के निर्देशानुसार एवम् जिला पंचायत सीईओ श्री देवनारायण कश्यप के मार्गदर्शन में पंचायत और महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से सभी पंचायतों में घर-घर सर्वे कर फार्म भरवाए जाने हेतु प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन रविवार को किया गया। विदित हो कि महतारी वंदन योजना अंतर्गत 5 फरवरी से ऑनलाइन व ऑफलाइन आवेदन का पंजीयन प्रारंभ हो गया है। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी हैं। अनंतिम सूची 21 फरवरी को जारी की जाएगी। अनंतिम सूची पर आपत्ति 21 से 25 फरवरी तक की जा सकती है। आपत्ति का निराकरण 26 से 29 फरवरी तक किया जाएगा। अंतिम सूची का प्रकाशन 1 मार्च को होगा एवं स्वीकृति पत्र 5 मार्च को जारी होगा तथा पात्र महिला हितग्राही को राशि का अंतरण 8 मार्च को किया जाएगा। महतारी वंदन योजना की सफल संचालन हेतु प्रभारी नियुक्त- जिला कार्यालय हेतु श्री जितेंद्र सिंह बघेल जिला बाल संरक्षण अधिकारी, परियोजना कार्यालय सुकमा हेतु श्री उत्तम प्रसाद, परियोजना कार्यालय छिंदगढ़ हेतु श्री वीरेंद्र खरे, परियोजना कार्यालय तोंगपाल हेतु श्रीमती प्रियंका खरे, परियोजना कार्यालय दोरनापाल और कोंटा हेतु सुश्री दीक्षा वैध को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।जिले के हितग्राहियों को योजना के संबंध में जानकारी अथवा समस्या होने पर उक्त प्रभारी अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि महतारी वंदन योजना के लिए छत्तीसगढ़ राज्य की स्थानीय निवासी एवं विवाहित महिला पात्र होगें। आवेदन के कैलेण्डर वर्ष अर्थात् जिस वर्ष आवेदन किया जा रहा है, उस वर्ष की 1 जनवरी को विवाहित महिला की आयु 21 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता महिला भी योजना के लिए पात्र है। योजना अंतर्गत पात्र महिला को प्रतिमाह 1000 रुपए का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा। सामाजिक सहायता कार्यक्रम, विभिन्न पेंशन योजनाओं से पेंशन प्राप्त करने वाली महिलाओं को 1000 रुपए से कम पेंशन राशि प्राप्त होने से शेष अंतर की राशि का भुगतान किया जाएगा। महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए स्व सत्यापित स्वयं की पासपोर्ट साईज फोटो, स्थानीय निवासी के संबंध में निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड या मतदाता पहचान पत्र दस्तावेज, स्वयं का एवं पति का आधार कार्ड, यदि हो तो स्वयं का एवं पति का पैन कार्ड, विवाह का प्रमाण पत्र, ग्राम पंचायत व स्थानीय निकायों द्वारा जारी किया गया प्रमाण पत्र की आवश्यकता होगी। विधवा होने की स्थिति में पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, परित्यक्ता होने की स्थिति में समाज द्वारा जारी, वार्ड, ग्राम पंचायत द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। जन्म प्रमाण पत्र कक्षा 10वीं या 12वीं की अंकसूची या स्थानांतरण प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। पात्र हितग्राही का बैंक खाते का विवरण एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति तथा स्व-घोषणा पत्र, शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। आवेदन करने लिए ऑनलाईन पोर्टल द्धह्लह्लश्चह्य-//222.द्वड्डद्धह्लड्डह्लद्ध1ड्ढठ्ठस्त्रड्डठ्ठ.ष्द्दह्यह्लड्डह्लद्ग.द्द श्1.द्वठ्ठ तथा मोबाईल एप द्वारा आवेदन आंगनबाड़ी केन्द्र से, ग्राम पंचायत, बाल विकास परियोजना कार्यालय, नगरीय क्षेत्रों में आने वाले वार्डों में एवं आवेदक स्वयं पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। महतारी वंदन योजना की विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग,एकीकृत बाल विकास परियोजना,आंगनबाड़ी केन्द्रों से सम्पर्क कर सकते हैं।

### सीपीआई के कर्णधार मनीष कुंजाम ने दिया इस्तीफा



**सुकमा।** कोंटा के पूर्व विधायक तथा बस्तर में भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के कर्णधार मनीष कुंजाम ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। श्री कुंजाम पार्टी के शीर्ष नेताओं से नाराज़ हैं लेकिन इसकी अधिकृत पुष्टि नहीं हुई है।सीपीआई सूत्रों ने कहा कि गत विधानसभा चुनाव में कांग्रेस -भाजपा पार्टी को जबरदस्त टक्कर मनीष कुंजाम ने दी थी किन्तु पार्टी की कोई रणनीति इस चुनाव में देखने को नहीं मिला।इस संदर्भ में मनीष कुंजाम से संपर्क करने की कोशिश किया गया किंतु उनसे चर्चा नहीं हो पाया।

ज्ञात हो कि मनीष कुंजाम झंडाबरदार नेता हैं, उन्होंने सुकमा जिले में लाल झंडा को बुलंद किया है और सैकड़ों कार्यकर्ता व ग्रामीण उनके दीवाने हैं। कुंजाम ने एक बार अविभाजित मध्यप्रदेश शासनकाल में अपना लोहा मनवा लिया।

## एक नजर

### महतारी वंदन योजना के फर्जी लिंक से सावधान रहने की अपील

**महासमुंद।** महिला एवं बाल विकास विभाग ने महतारी वंदन योजना में आवेदन के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल हो रहे फर्जी लिंक से महिलाओं को सावधान रहने की अपील की है। विभाग के अधिकारियों ने कहा है कि महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए विभाग द्वारा www.mahtarivandan.cgstate.gov.in और मोबाइल एप जारी किया गया है, इस लिंक और एप पर महिलाएं ऑनलाइन आवेदन कर सकती है। आवेदन के लिए किसी भी तरीके का शुल्क नहीं देना है। इसके अलावा महिलाएं अपने इलाके के आगंनबाड़ी केंद्र, ग्राम पंचायत सचिव, बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) और वार्ड प्रभारी से संपर्क कर उनके लॉगिन यूजर आईडी से आवेदन कर सकती है। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पात्र आवेदकों को फॉर्म भरने के लिए कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा फर्जी लिंक सोशल मीडिया में वायरल किया गया है। महिलाओं के मोबाइल, व्हाट्सअप या किसी अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से https://www.mahtarivandanyojana.info/beneficiary-apply नाम से लिंक आएं तो इस लिंक का उपयोग नहीं करें। विभाग द्वारा आवेदन के लिए किसी भी निजी संस्था अथवा व्यक्ति को अधिकृत नहीं किया गया है।

### उद्यम स्थापित करने अजजा वर्ग के युवाओं से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए महासमुंद जिले में वर्ष 2023-24 के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत युवाओं के लिए निर्माण क्षेत्र जैसे दोना पत्तल, फर्नीचर, आलमारी निर्माण, अगरबत्ती, साबुन, वाशिंग पाउडर आदि निर्माण से संबंधित इकाई के लिए अधिकतम लागत 50 लाख एवं सेवा क्षेत्र जैसे मुर्गी पालन, मछली पालन, च्वाईस सेंटर, ब्यूटी पार्लर, रिपेयरिंग कार्य, टेलरिंग कार्य आदि सेवा क्षेत्र से संबंधित कार्य हेतु अधिकतम लागत 20 लाख रुपए निर्धारित है। आवेदक द्वारा आवेदन पश्चात् एवं बैंक द्वारा ऋण स्वीकृति उपरांत शहरी क्षेत्र में स्थापित उद्योग को 25 प्रतिशत एवं ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित उद्योगों को 35 प्रतिशत अनुदान स्वीकृत किया जाता है। उन्होंने बताया कि वेबसाईट 222.द्मन्1द्बष्श्रठ्ठ-द्घद्बठ्ठद्द.द्दश्1.द्बठ्ठ में लॉगिन कर एजेंसी-डीआईसी का चयन कर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र महासमुंद, बीटीआई रोड, इंदिरा गांधी महिला जिम के सामने, जेके.सीमेंट के पास महासमुंद में कार्यालयीन समय पर संपर्क कर सकते है।

### राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए ग्राम स्तर पर लगा शिविर



**महासमुंद।** कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशानुसार सभी अनुभागों में राजस्व शिविर लगाया जा रहा है। जिसमें समस्त हल्का पटवारियों द्वारा अविवादित नामांतरण एवं बंटवारा के मामलों की ऑनलाइन भुंइया में दर्ज करना, नवीन ऋण पुस्तिका बना कर प्रदाय करना, भू-अभिलेखों की नकल प्रदाय करना, नक्शा बटांकन एवं सीमांकन के लिए आवेदन प्राप्त कर निराकरण करना, जाति प्रमाण के लिए वंशावली तैयार कर प्रदाय करना एवं राजस्व से संबंधित अन्य कार्य संपादित किया जा रहा है। जहां ग्रामीण राजस्व प्रकरणों के संबंध में आवेदन लेकर पहुंच रहे हैं।

### सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 12 को

**महासमुंद।** जिला पंचायत महासमुंद के सामान्य प्रशासन समिति की बैठक सोमवार 12 फरवरी 2024 को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। बैठक में कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, प्रधानमंत्री सड़क योजना, जल संसाधन विभाग सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। सर्व संबंधितों को बैठक में जानकारी के साथ उपस्थित होने को कहा गया है।

### लोकसभा निर्वाचन के लिए नोडल अधिकारी तैयारी करें प्रारंभः कलेक्टर

**रायगढ़, 7 फरवरी।** आगामी लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने आज जिले के नोडल अधिकारियों एवं सहायक नोडल ऑफिसर्स की पहली बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ली। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि सभी नोडल अधिकारी अपने दायित्वों के अनुरूप लोकसभा निर्वाचन हेतु अपने स्तर पर तैयारी प्रारंभ कर लें। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण प्रकिया अनुसार आगामी 8 फरवरी को मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। यदि किसी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में अभी भी नहीं जुड़ पाया है तो अभी भी आवेदन कर सकते हैं। ईवीएम मशीनों के एफएलसी का कार्य भी प्रगतिरत है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप तैयारियां की जावे तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अध्ययन कर लें और पालन सुनिश्चित करें। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय ने मतदान दलों के गठन, स्ट्रांग रूम, वेब कास्टिंग, डाक मतपत्र, लॉ-ऑर्डर, मतदान दलों व अधिकारी-कर्मचारियों के प्रशिक्षण तथा मतदान दलों के परिवहन के लिए रूट चार्ट और वाहनों की व्यवस्था के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सेक्टर ऑफिसर्स की नियुक्ति, व्यय प्रेक्षण हेतु दल का गठन करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

### सचिव महीने-महीने भर पंचायत का नहीं खोलता ताला ,वृद्धा पेंशन,जाति प्रमाण,आयुष्मान कार्ड सभी हो रहे प्रभावित

# प्रधानमंत्री आवास के लिए पंचायत भवन के चक्कर काट रहे हितग्राही

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**पत्थलगांव, 7 फरवरी।** ग्राम पंचायत गोढी बी के हितग्राहियों में इन दिनो काफी आक्रोश है,ग्राम सचिव गोकुल चौहान द्वारा महिने-महिने भर पंचायत भवन का ताला ना खोलने से हितग्राही रोज आकर पंचायत भवन का चक्कर काट रहे है। एक ओर जहा पूरे प्रदेश मे प्रशासनिक अमले द्वारा अपनी सक्रियता दिखाकर प्रधानमंत्री आवास पूर्ण कराने की कोशिश की जा रही है तो वही ग्राम पंचायत गोढी बी मे प्रधानमंत्री आवास के लिए हितग्राही महिने-महिने भर चक्कर लगाने को मजबुर है। दिन सोमवार को ग्राम पंचायत गोढी बी मे कुछ ऐसा ही देखने को मिला,जहा एक दर्जन से भी अधिक ग्रामीण इकटठा होकर ग्राम सचिव के आने का इंतजार कर रहे थे,परंतु लंबे इंतजार के बाद भी ग्राम सचिव गोकुल चौहान रोजाना की भांति सोमवार को भी अनुपस्थित पाया गया,जिससे नाराज होकर ग्रामीणो ने तत्काल सचिव को पंचायत से हटाने की मांग की जाने लगी। पंचायत भवन के समक्ष एकत्रित ग्रामीण श्रीमती गोमती बाई पति कार्तिक पैंकरा,दिलसो बाई पति पुनी राम भगत,बी.के.सिंह पिता बैजनाथ पैंकरा एवं धनसिंह ने ग्राम सचिव की जमकर शिकायत की। उन्होने बताया कि ग्राम सचिव गोकुल चौहान महिने के अधिकांश दिन पंचायत भवन से नदारत रहता है,जिसके कारण ग्रामवासियों को भारी दिक्कतो का सामना करना पड रहा है। उन्होने बताया कि जाति प्रमाण पत् के साथ आयुष्मान कार्ड,महतारी वंदन,मृत्यु प्रमाण पत् एवं पंचायत से होने वाले अनेक शासकीय कार्यो के लिए ये रोजाना पंचायत भवन के सामने एकत्रित होकर ग्राम सचिव के आने का इंतजार करते है,परंतु हर रोज उनका इंतजार बैरंग रह जाता है,ग्राम सचिव महिने-महिने भर पंचायत मे नही आता,जिसके कारण इन दिनो ग्राम गोढी बी के ग्रामवासियों को अनेक प्रकार की दिक्कतो का सामना करना पड रहा है।।

**नहीं बन पाये पी.एम.आवास-:** ग्राम गोढी बी में पी.एम आवास की काफी बुरी स्थिति है,गांव के रहने वाले युवक संतोष पैंकरा ने बताया कि सचिव की लापरवाही के कारण गांव में दर्जनों की तादाद में पी.एम आवास का काम अधूरा पड़ा है,उन्हे सचिव की ओर से आगे की रूपरेखा एवं कार्य प्रगति का विवरण ना मिलने के कारण हितग्राही अपना मकान पूर्ण नही कर पा रहे है। उनका कहना था कि गांव में सौ से भी अधिक पी.एम. आवास स्वीकृत हुये है पर दो आवास ही अब तक पूर्ण हो पाये है,उनका कहना था कि ग्राम सचिव पर उसकी लापरवाही को लेकर कठोर कार्यवाही करने की जरूरत है,जिससे शासकीय योजनाओ का ग्राम पंचायत में सही ढंग से क्रियान्वन हो सके।।

**कलेक्टर से की शिकायत-** ग्राम गोढी बी के बुजुर्ग धनसिंह पैंकरा ने बताया कि ग्राम सचिव का रवैया पंचायत भवन मे पदभार लेने के बाद से ही इसी तरह का चल रहा है,जिसके कारण गांववासी काफी परेशानियों का सामना कर रहे है,उन्होने बताया कि सचिव की लापरवाही के कारण पिछले दिनो गांव वाले एकत्रित होकर लिखित मे इस बात की शिकायत जनपद के अलावा जिला कलेक्टर के पास भी भेजे थे,परंतु ग्राम सचिव की हटधर्मिता के सामने बडे अधिकारीयों भी एक नही चल पा रही।।

--इस संबंध मे जब जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पवन पटेल से जानकारी लेनी चाही तो वे जिला टी.एल मे शामिल रहने के कारण कुछ नही बता पाये। वही ग्राम सचिव से बात करनी चाही तो पहले उन्होंने फोन नही उठाया,उसके पश्चात फोन को स्वीच ऑफ कर दिये।

## जनदर्शन में कलेक्टर के निर्देश पर दिव्यांग अमन की सहायता के लिए कार्रवाई



**रायगढ़, 7 फरवरी।** कोतरा रोड निवासी श्री अमन भारद्वाज अपने माता-पिता के साथ जनदर्शन में पहुंच कर आवेदन के माध्यम से पेंशन एवं सहायक उपकरण की मांग रखी। उन्होंने कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल को बताया कि वे निजी कंपनी में कार्य करने के दौरान दुर्घटना में दोनों हाथ एवं पैर खो चुके है। उन्होंने पेंशन एवं सहायक उपकरण प्रदान करने का निवेदन किया। श्री भारद्वाज की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर श्री गोयल ने श्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि आवेदन पर प्राथमिकता से कार्य करते हुए संबंधित को कंपनी से मुआवजा प्रदान करायें। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को श्री भारद्वाज के इलाज एवं समाज कल्याण को विभागीय योजना का लाभ प्रदान करने हेतु निर्देशित किया। मौके पर विभागीय अधिकारियों ने त्वरित कार्य करते हुए कलेक्टर को अवगत कराया। इसी प्रकार जूटमिल निवासी श्री अभिमन्यु टंडन दिव्यांगों को मिलने वाली सुविधा को लेकर जनदर्शन में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि हड्डी रोग के कारण उन्हें चलने-फिरने में दिक्कत होती हैं। उन्होंने ट्राइसाइकिल और पेंशन की मांग की। इसी तरह तहसील खरसिया के ग्राम-देहजरी निवासी बलराम पटैल अपनी दिव्यांग पुत्री भारती पटैल को लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि उनकी पुत्री का विकलांगता परीक्षण पश्चात 75 प्रतिशत मानसिक विकलांग का प्रमाण-पत्र जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उन्होंने ग्राम पंचायत में आवेदन भी किया है, लेकिन आज पर्यन्त उनकी पुत्री को किसी प्रकार का कोई पेंशन प्राप्त नहीं हो पा रहा है। कलेक्टर श्री गोयल ने समाज कल्याण विभाग को उक्त दोनों आवेदनों पर प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए।जनदर्शन में श्री कीर्तन सरल अपनी पुत्री कु.मनीषा सरल को छात्रवृत्ति दिलाने के संबंध में आवेदन लेकर आये थे। उन्होंने बताया कि उनकी पुत्री का राष्ट्रीय प्रावीण्य सह छात्रवृत्ति परीक्षा में चयन होने के उपरांत भी वे छात्रवृत्ति से वंचित हो रही है। उन्होंने इस संबंध में कलेक्टर से आवश्यक सहयोग प्रदान करते हुए छात्रवृत्ति दिलाये जाने का आग्रह किया। कलेक्टर श्री गोयल ने जिला शिक्षा अधिकारी को आवेदन पर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिए।

### अंशकालीन व्याख्याता के लिए 26 फरवरी तक आवेदन

**रायगढ़, 7 फरवरी।** किरोड़ीमल शासकीय पालीटेक्निक, रायगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में अध्यापन कार्य हेतु इलेक्ट्रीकल इंजी.एवं कम्प्यूटर साइंस विभाग में एक-एक अंशकालीन व्याख्याता की आवश्यकता है, जिसके लिए 26 फरवरी 2024 तक आवेदन मंगाये गये है। इच्छुक आवेदक नियत तिथि तक अपना आवेदन शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों के साथ प्राचार्य किरोड़ीमल शासकीय पालीटेक्निक, रायगढ़ के नाम प्रेषित कर सकते है। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर स्वीकार नहीं किए जायेंगे। इसके लिए शैक्षणिक अर्हता छ.ग.तकनीकी शिक्षा (शिक्षण संवर्ग पालीटेक्निक)राजपत्रित सेवा भर्ती नियम 2014 के अनुसार होगी। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए प्र.प्राचार्य किरोड़ीमल शासकीय पालीटेक्निक, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

## महतारी वंदन रथ को कलेक्टर व जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**बीजापुर 7 फरवरी ।** प्रदेश में एक मार्च 2024 से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश में महतारी वंदन योजना लागू किया गया है योजना अंतर्गत पात्रता रखने वाले महिलाओं का आवेदन जिले में 5 फरवरी से भरना प्रारंभ हो गया है।जिले में व्यापक प्रचार-प्रसार कर सुदूर अंचल के महिलाओं को महिला सशक्तिकरण स्वालंबन और आत्मनिर्भर बनाने राज्य शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना का समुचित लाभ सभी पात्र हितग्राहियों तक सुगमतापूर्वक पहुंचाने हेतु जिले के सभी विकासखंड में प्रचार प्रसार किये जाने हेतु 4 महतारी वंदन रथ को आज कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती बी पुष्पा राव, नवपदस्थ सीइओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नन्दनवार,श्री घासीरामनाग, श्री नंद किशोर राणा पार्षद व गणमान्य नागरिक श्री संजय लुक्कड़ एवं सभी सेक्टर पर्यवेक्षक एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।पात्रता योजना अंतर्गत राज्य के स्थानीय निवासी विवाहित महिला जिस वर्ष आवेदन किया जा रहा है उसे वर्ष की 1 जनवरी को आयु 21 वर्ष से कम ना हो विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्तता महिला भी योजना अंतर्गत पात्र होगी। योजना अंतर्गत अपात्रता होंगे- जिनके परिवार का कोई भी सदस्य आयकरदाता हो जिनके परिवार का कोई भी सदस्य भारत सरकार अथवा राज्य सरकार के शासकीय विभाग उपक्रम मंडल स्थानीय निकाय में स्थाई अस्थाई संविदा पदों पर कार्यरत प्रथम वर्ग द्वितीय वर्ग एवं तृतीय वर्ग के अधिकारी कर्मचारी हो जिनके परिवार का कोई भी सदस्य वर्तमान अथवा भूतपूर्व सांसद विधायक हो जिनके परिवार का कोई भी सदस्य भारत सरकार अथवा राज्य सरकार के बोर्ड निगम मंडल के वर्तमान एवं पूर्व अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष हो।योजना अंतर्गत पात्र महिला को ?1000 प्रति माह का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जावेगा। पेंशन योजना से पेंशन प्राप्त करने वाली महिलाओं को रुपए 1000 से कम पेंशन राशि प्राप्त होने से शेष अंतर की राशि का भुगतान किया जाएगा। योजना के लिए आवेदन ऑनलाइन पोर्टल है 222.द्वड्डद्धह्लड्डह्द्ब1ड्ठठ्ठस्रड्ठ.ष्द्दह्लड्डह्लद्ग.द्दश्1.द्बठ्ठ तथा मोबाइल एप द्वारा आवेदन किया जा सकता है। आंगनबाड़ी केंद्र, ग्राम पंचायत सचिव , बाल विकास परियोजना अधिकारी की लॉगिन आईडी से किया जा सकता है आवेदक स्वयं पोर्टल के माध्यम से भी कर सकेंगे। आवेदन पत्र की सम्पूर्ण प्रक्रिया निःशुल्क होंगी। योजना सम्बंधित जानकारी हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पास के शिविर स्थल, ग्राम पंचायत सचिव, सेक्टर पर्यवेक्षक से किया जा सकता है।

### महतारी वंदन फॉर्म की रोज ऑनलाइन एंट्री पूरी करते चलेंःकलेक्टर

**रायगढ़, 7 फरवरी।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने महतारी वंदन योजना को लेकर अधिकारियों से कहा कि योजना का लाभ लेने जो आवेदन मिल रहे हैं उनकी हर दिन ऑनलाइन एंट्री पूर्ण करते चलें। उन्होंने महिला बाल विकास विभाग के साथ पंचायत सचिवों के सहयोग से कार्य तेजी से करने के निर्देश समय-सीमा की बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि काफी संख्या में ऑफलाइन आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। घर-घर सर्वे का काम चल रहा है। उसी गति से भरे हुए फॉर्म की ऑनलाइन एंट्री भी जरूरी है। उन्होंने इसके लिए पर्याप्त संख्या में ऑपरेटर और मैन पावर लगाने के निर्देश डीपीओ महिला बाल विकास के साथ सीईओ जनपदों को दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने इसके साथ ही लोगों को फर्जी वेब लिंक में किसी प्रकार की जानकारी साझा नही करने सावधान करने के लिए कहा। महतारी वंदन के आवेदन से जुड़ी किसी भी प्रकार की समस्या के निदान हेतु जिला प्रशासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नंबर को गांव-गांव में प्रचारित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने जिले में किसानों के केसीसी निर्माण में धीमी गति को लेकर उप संचालक कृषि पर कड़ी नाराजगी जताई ।

## कन्या स्कूल में सामूहिक प्रयास से हुआ कंप्यूटर कक्षा का शुभारंभ



**पत्थलगांव, 7 फरवरी।** यहा के कन्या पूर्व माध्यमिक शाला पत्थलगांव में प्रधान पाठक दयाल सिंह ठाकुर उत्कृष्ट शिक्षक नित्यानंद यादव तथा पुष्पराज भोय, जुडीग्रेस टोप्पो, रमावती धुर्वा, शकुंतला भोय के विशेष सहयोग एवं शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के सहयोग व सामूहिक सहभागिता के विशेष प्रयास पर सोमवार को कंप्यूटर कक्षा का शुभारंभ अनुविभागीय अधिकारी सुश्री आकांक्षा त्रिपाठी,विकासखंड शिक्षा अधिकारी धनीराम भगत, खंड स्त्रोत समन्वयक वेदानंद आर्य, संकुल प्राचार्य लीलाधर बंजारा, संकुल समन्वयक धनु राम यादव तथा संकुल घरजियाबथान से नरेंद्र यादव एवं मुकेश यादव तथा अनेक पालक एवं एस एम सी के सदस्यों की उपस्थिति में एस डी एम सुश्री आकांक्षा त्रिपाठी द्वारा इसका शुभारंभ किया गया। कंप्यूटर कक्षा के शुभारंभ हो जाने से कक्षा छठवीं से लेकर आठवीं तक के बालिकाओं को स्मार्ट क्लास के माध्यम से शिक्षा अध्यापन तथा अनेक नवाचारी शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा साथ ही साथ कंप्यूटर के प्रारंभिक ज्ञान एवं कंप्यूटर के प्रयोग को बच्चे अध्यापन के साथ-साथ सीख कर अपने हुनर को आगे बढ़ाएंगे। विकासखंड पत्थलगांव का यह एकमात्र शाला हमेशा एक आदर्श संकुल शाला के रूप में अपने आप को नित नए प्रयास से आगे बढ़ाकर विकासखंड सहित जिले का नाम को गौरवान्ति कर रहा है। निश्चित ही इस पाठशाला को देखकर विकास खंड के अनेक प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के शिक्षक तथा एसएमसी के सदस्य इसका अवलोकन करते हुए अन्य शालाओं में भी इस तरह की कार्य करते हुए अपने शाला को बहुआयामी पाठशाला के रूप में विकसित कर बच्चों के समुचित विकास के लिए प्रयास करेंगे। इस दौरान एस.डी.एम सुश्री आकांक्षा त्रिपाठी ने इस कार्य को देखते हुए सब की प्रशंसा किये और आधुनिक कंप्यूटर सेट दिलाने की बात कही है। यहाँ के बच्चे अब बहुत उत्साहित एवं उत्सुक होकर कंप्यूटर जैसे बहुत ही प्रभावशाली माध्यम को सीख कर खुशी का इजहार कर रहे हैं और शिक्षक भी इस कार्य से अपने आप को गौरव महसूस कर रहे हैं साथ ही पालकों को भी इस विद्यालय के प्रति आत्मविश्वास तथा हाईटेक स्कूल के नाम से जानकर अधिक से अधिक संख्या में बच्चों को दर्ज करने की बात कही जा रही है। नव-अवसर पर बच्चों के द्वारा आनंद मेला का भी आयोजन किया गया था। जिसमें विकासखंड के अनेक पाठशालाओं से बच्चे एवं शिक्षक तथा अन्य पालकगण उपस्थित होकर इस आनंद मेला का लुत्फ उठाए।

**शाला में नवीनता लाने की दिशा में अनेक प्रयास-** कन्या पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षक शिक्षकीय कार्य के अलावा अतिरिक्त समय में लगातार शाला को आकर्षक बनाने में तथा शैक्षिक वातावरण विकसित करने में शाला में नवीनता लाने की दिशा में अनेक प्रयास किया जाता रहा है इसलिए यह पाठशाला अनुकरणीय प्रशंसनीय पाठशाला के रूप में चित्रपीठ हो रहा है,इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने भी पाठशाला के उतरोत्तर के लिए सभी को शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी,इस कार्यक्रम में आए अतिथियों को अंत में शनिवार को बैगलेस-डे पर बच्चों द्वारा निर्मित स्मृति चिन्ह भेंट स्वरूप प्रदान किया गया।

## अंदकुरी गांडा समाज ने कलेक्टर व एसपी को ऊंचाई में छूट के लिए सौंपा ज्ञापन



**बीजापुर,7 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर संभाग के अनुसूचित जाति वर्ग हेतु पुलिस भर्ती में ऊंचाई छूट के लिए अंदकुरी गांडा समाज समन्वयक समिति जिला कोंडागांव के द्वारा ज्ञापन दिया गया । ज्ञात हो कि छतीसगढ़ पुलिस विभाग में भर्ती निकाला गया है । जिसमें अनुसूचित जाति वर्ग का ऊंचाई 168 सेंटीमीटर किया गया है । बस्तर संभाग अति संवेदनशील क्षेत्र होने के कारण अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों का ऊंचाई अनुसूचित जनजाति के बराबर या 5 सेंटीमीटर का अंतराल में रहता था । परंतु छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग द्वारा जो विज्ञापन में अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के साथ भेदभाव कर पुरे बस्तर संभाग में सामान्य वर्ग के बराबर ऊंचाई को 168 सेंटीमीटर रखा गया है । यह खेद का विषय है कि बस्तर संभाग की स्थानीय युवा पुलिस भर्ती की तैयारी के लिए रात दिन एक करके तैयारी करते रहता है । भर्ती के शुरुआत में ही उसकी ऊंचाई में काट दिया जाता है तथा कोंडागांव जिला में केवल इस भर्ती में चार ही पद निकल गया है । जबकि छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जाति वर्ग को 13त्न आरक्षण प्रदान किया गया है । कोंडागांव जिला में अनुसूचित जाति वर्ग को केवल 3 या 4 प्रतिशत ही दिया जाता है । यह भर्ती रोष्टर के अनुसार तथा जनसंख्या के अनुसार नहीं निकाला गया है । जिसमें हम अनुसूचित जाति वर्ग के अंदकुरी गांडा समाज समन्वयक समिति जिला कोंडागांव के लोग खेद व्यक्त करते हैं । इस संबंध में आज अंदकुरी गांडा समाज के अनुसूचित जाति वर्ग के लोग 6 फरवरी 2024 को जिला कलेक्टर के माध्यम से माननीय श्री विजय शर्मा जी उपमुख्यमंत्री गृह एवं जेल विभाग छत्तीसगढ़ शासन को ज्ञापन सौपे साथ ही साथ पुलिस अधीक्षक जिला कोंडागांव को भी ज्ञापन सोपा गया । अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों का यह मांग है कि जो बस्तर संभाग में वर्षों से स्थानीय अनुसूचित जाति वर्ग निवासरत करते हैं और अनुसूचित जाति वर्ग का जो पहले भर्ती निकाला जाता था । उसमें अनुसूचित जनजाति के बराबर या 5 सेंटीमीटर का अंतराल रहता था परंतु आज यह जो छत्तीसगढ़ शासन द्वारा भर्ती निकल गया है उसमें अनुसूचित जाति वर्ग को सामान्य वर्ग के बराबर रखा गया है अनुसूचित जाति वर्ग का यही मांग है कि ऊंचाई में पुलिस विभाग द्वारा जो ज्ञापन निकाला गया है । उसमें 158 या 163 सेंटीमीटर किया जाए। इस दौरान अन्दकुरी गांडा समाज के प्रदेश सचिव अनिल कोर्राम, अन्दकुरी गांडा समाज के जिला अध्यक्ष करन कोर्राम, जिला युवा अध्यक्ष वीरेंद्र बघेल, उपाध्यक्ष दिनेश कुमार नाग, प्रदेश युवा सदस्य पवन मरकाम, कोंडागांव ब्लॉक सह सचिव सुनिल बघेल, ब्लॉक प्रतिनिधि धरम बघेल, महात्मा गांधी वार्ड मंडल सचिव रितेश कोर्राम, युवा ब्लॉक अध्यक्ष बड़ेराजपुर सतानंद कुलदीप और समाज के पदाधिकरी उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान जुम्बा नृत्य, दौड़,चित्रकला,रंगोली,भाषण का आयोजन



**बीजापुर,7 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भैरमगढ़, दिनांक 06.02.2024, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के में दिनांक 15 जनवरी 2024 से 15 फरवरी 2024 तक जिले में 34 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन जिला बीजापुर मे किया जा रहा है , इस दौरान विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 06/01/24 को थाना भैरमगढ़ परिसर में स्कूली छात्र छात्राओं,आम नागरिकों, अनुविभागीय अधिकारी श्री तारेश साहू, थाना प्रभारी हृदय वर्मा जुम्बा नृत्य प्रशिक्षिका रागिनी, लेखिका साहू, यातायात शाखा से यातायात प्रभारी केशव ठाकुर,प्रधान आरक्षक दिनेश खांडे ,आरक्षक अवध सिन्हा और यातायात शाखा के अन्य कर्मचारी व महिला सेल से पूनम शर्मा, थाने के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे.स्कूली बच्चें व आम जनता को यातायात नियमों का पालन करने जागरूक किया गया।

### प्रधानमंत्री आवास योजना में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगीः हेमंत



**बीजापुर,7 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने विगत वर्षों में अपूर्ण आवासों की स्थिति को देखते हुए मंगलवार को ग्राम पंचायतवार समीक्षा की। जिले में विगत वर्षों में कुल 884 आवास अब तक प्रारंभ नहीं है। जनपद सीईओ की उपस्थिति में अप्रारंभ आवासों की वस्तु-स्थिति का आंकलन करते हुए तत्काल प्रारंभ करने निर्देश दिए। ग्राम पंचायत के अमले एवं जनपद सीईओ को प्रतिदिवस आवास की प्रगति से अवगत कराने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के ग्राम पंचायत वार अपूर्ण आवासों का कारण सचिवों से जाना गया। जिला सीईओ ने बैठक में कहा कि बीजापुर जिला प्रधानमंत्री आवास योजना की दृष्टि से महत्वपूर्ण जिला है। हर गरीब परिवारों को पक्का छत उपलब्ध कराने के लिए इस योजना को समय सीमा निर्धारित की है। इसके लिए किसी भी प्रकार की लापरवाही पाई जाने पर कार्रवाई की जावेगी। योजना से जुड़े सभी अधिकारी, कर्मचारी इसे प्राथमिकता से लेते हुए, समय सीमा में पूर्ण करायेंगे। जो हितग्राही आवास निर्माण में रूचि नहीं ले रहे हैं, नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

## जवानों ने 5 किलो का आईईडी किया बरामद



**बीजापुर,7 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** डीआरजी एवं केरिपु 222 की टीम द्वारा आज अपरान्ह 12.00 बजे रेडडी- कमकानार रोड पर कमकानार से 01 किमी पहले 05 किग्रा का आईईडी बरामदएरिया डॉमिनेशन पर निकली थी टीम, डी- माईनिंग के दौरान कमकानार से 01 किमी पूर्व पगडण्डी मार्ग से 5 किग्रा का आईईडी बरामद बीडीएस 222 की टीम द्वारा मौके पर किया गया निष्क्रिय


## एक नजर

### आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती के लिए दावा-आपत्ति 14 फरवरी तक

**बलौदाबाजार,7 फरवर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना लवन अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र खैन्दा-1 में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती हेतु दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया है। मूल्यांकन समिति के अनुमोदन पश्चात् दावा आपत्ति 5 फरवरी से 14 फरवरी 2024 तक अभ्यर्थी कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना लवन में कार्यालयीन समय प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक आवेदन जमा कर सकते है। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

### बिलाईगढ़ कांग्रेस विधायक कविता प्राण लहरे की दबंगई खुलकर आई सामने

**कसडोल 7 फरवरी।** सारंगढ़- बिलाईगढ़ जिले के विधानसभा बिलाईगढ़ के कांग्रेस विधायक कविता प्राण लहरे ने 3 फरवरी 2024 को अपने जन्मदिन पर नपं भटगांव के मुख्य नपा अधिकारी को शासन के फ्लैक्स , होर्डिंग को हटाकर अपनी फ्लैक्स लगाने के लिए दूरभाष पर बोली ! जिसके लिए नपा अधिकारी मधुलिका सिंह चंदेल द्वारा शासन का फ्लैक्स होर्डिंग के ऊपर में , मैं नहीं लगवा सकती और कहीं लग जाएगा बोली । तो कांग्रेस विधायक कविता प्राण लहरे द्वारा दूरभाष पर मारने पीटने की धमकी दिया गया। जो महिला अधिकारी का अपमान है । नपा अधिकारी मधुलिका सिंह चंदेल द्वारा लिखित शिकायत कलेक्टर जिला सारंगढ़ -बिलाईगढ़, पुलिस अधीक्षक जिला सारंगढ़ -बिलाईगढ़ , संयुक्त संचालक नगरी प्रशासन बिलासपुर , अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बिलाईगढ़ , नपं अध्यक्ष भटगांव , पुलिस थाना भटगांव में कार्यवाही हेतु लिखित शिकायत की है । वही इस संबंध में डां दिनेश लाल जांगड़े ने कहा की ऐसे विधायक को तत्काल गिरफ्तार करना चाहिए, जो अपने आप को मुख्यमंत्री से बड़ा समझ रही है । एक विधायक जैसे जिम्मेदार संवैधानिक पद का दुरुपयोग कर एक महिला अधिकारी को मारने पीटने की धमकी दे रही है जो अशोभनीय है, वही प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महिला मोर्चा लक्ष्मी साहू ने कहा कि ये एक महिला अधिकारी का अपमान नही है बल्कि ये पूरे प्रदेश की महिलाओं का अपमान है जो महिला होकर एक महिला अधिकारी को मारने पीटने की धमकी दे रही है । ऐसे विधायक को तत्काल हटाया जाना चाहिए एवं शासन द्वारा उचित कार्यवाही करनी चाहिए।



# जिले में महतारी वंदन योजना फॉर्म भराने का कार्य निरंतर जारी

**कलेक्टर ने आज भरदा एवं गुरूर में पहुँचकर कार्यों का किया अवलोकन, योजना का लाभ लेने के लिए जिले की महिलाएं बहुत ही उत्साहित**

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 7 फरवरी।** महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य में प्रारंभ की गई 'महतारी वंदन योजना' के अंतर्गत बालोद जिले में पात्र विवाहित महिलाओं का फॉर्म भराने का कार्य निरंतर जारी है। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिले के आला अधिकारियों और महिला एवं बाल विकास विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के द्वारा इस कार्य की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। जिससे की जिले की कोई भी पात्र महिला इस योजना का लाभ लेने के लिए वंचित न हो सके। कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल आज जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम भरदा के ग्राम पंचायत कार्यालय एवं नगर पंचायत गुरूर के शांति नगर वार्ड नंबर 14 में पहुँचकर कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान श्री चन्द्रवाल ने ग्राम पंचायत कार्यालय भरदा में फॉर्म भराने के कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों से बातचीत कर कार्य के प्रगति के संबंध में आवश्यक जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अब तक जमा किए गए कुल आवेदन की संख्या आदि के संबंध में जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि फॉर्म भराने के कार्य में सहयोग हेतु रोजगार सहायकों एवं बिहान की दीदियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। श्री चन्द्रवाल ने नगर पंचायत गुरूर के शांति नगर वार्ड नंबर 14 में भी पहुँचकर फॉर्म भराने के कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से बातचीत कर आवश्यक जानकारी ली तथा कार्यों को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा राज्य में प्रारंभ की गई महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए बालोद जिले के महिलाएं बहुत ही उत्साहित नजर आ रही हैं। जिले के महिलाओं ने इस योजना को अपने लिए अत्यंत महत्वाकांक्षी एवं अत्यंत कारगर बताते हुए इस योजना की भूरी-भूरी सराहना की है। इस योजना की सराहना करते हुए गुरूर विकासखण्ड के भरदा निवासी श्रीमती अश्वनी साहू ने कहा कि इस योजना से प्रतिमाह मिलने वाली 01 हजार रुपये की राशि उनके लिए मददगार साबित होकर मुश्किल वक्त का सराहा बनेगा। इसी तरह इस योजना की सराहना ग्राम भरदा निवासी श्रीमती जश्मिन बानो ने भी किया है। उन्होंने कहा है कि यह योजना हम सभी महिलाओं के लिए आर्थिक संबलता का आधार बनकर हमें आत्मनिर्भर बनाने में बहुत ही सहायक सिद्ध होगा। इस दौरान जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, एसडीएम श्री जीडी वाहिले, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री विपिन जैन सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।



# प्रधानमंत्री आवास योजना एवं जल जीवन मिशन के कार्यों को प्राथमिकता से करें पूरा:कलेक्टर

- कलेक्टर ने की विभिन्न विभागों के कार्यो की समीक्षा,समय सीमा के भीतर कार्य करने के दिए निर्देश

**बलौदाबाजार,7 फरवरी।** कलेक्टर चंदन कुमार ने सँयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय सीमा के तहत विभागीय कार्यो की काम काज की समीक्षा किए. जिसमें उन्होनें केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित जानकारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है। उन्होनें आज विशेष रूप से पीएम आवास योजना के संबंध में जानकारी लेते हुए हितग्राहियों को इस योजना से शत प्रतिशत लाभान्वित करने के लिए पूरी संवेदनशीलता से कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है, इसके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी प्रकार उन्होंने पीवीटीजी समुदाय के वृद्धजनों को पेंशन योजना से शत प्रतिशत लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने गांव में सर्वे सूची बनाने तथा जल जीवन मिशन के कार्यो को प्राथमिकता से पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। इसके साथ जिले मे पीएम श्री योजना के तहत 6 चिन्हाकित स्कूलों में कार्य एवं विभिन्न विभागों के चल रहे निमार्ण निकायों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कलेक्टर ने काम में तेजी लाने के निर्देश संबधित अधिकारीयों को दिए है। उक्त बैठक में विभागवार लंबित आवेदनों के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों के प्रमुखों से कहा कि आप सभी आवेदन जो आम जनता के द्वारा कलेक्टर शिकायत शाखा,सीपी ग्राम्स,जन शिकायत पीजीएन एवं लोक सेवा गारंटी आदि के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। उनका निराकरण कर जिला कार्यालय को शीघ्र सूचित करें। सभी आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय सीमा के भीतर ही हो जाना चाहिए साथ ही राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर विशेष ध्यान देने कहा हैं। साथ ही आयुष्मान भारत पीएमजेएवाय,पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना,दीनदयाल अत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण),पीएम उज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना,किसान क्रेडिट कार्ड (चष्ट्ट),पीएम पोषण अभियान, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण (स्वामित्व), जनधन योजना,जीवन ज्योति बीमा योजना,सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना,इसके अतिरिक्त सिकल सेल एनीमिया उन्नमूलन वन अधिकार पट्टा व्यक्तिगत एवं सामूहिक,वन धन केंद्र,पीएम स्वनिधि योजना,पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्वला योजना,पीएम मुद्रा लोन योजना,स्टार्टअप इंडिया,स्टैंडअप इंडिया पीएम आवास योजना (शहरी),स्वच्छ भारत अभियान (शहरी) पीएम भारतीय जन औषधि परियोजना,उजाला योजना,पीएम सौभाग्य योजना सहित जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में रनिंग जल कनेक्शन स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन,अपर कलेक्टर बीसी एक्का,डीएफओ मयंक अग्रवाल,सहित सभी सँयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर समस्त विभागों के जिला प्रमुख,सभी सीएमओ एवं उपस्थित रहें।

## समाचार संक्षेप

### महतारी वंदन योजना के फर्जी लिंक से सावधान रहने की अपील

**बलौदाबाजार,7 फरवरी।** महिला बाल विका विभाग ने महतारी वंदन योजना में आवेदन के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल हो रहे फर्जी लिंक से महिलाओं को सावधान रहने की अपील की है। विभाग के अधिकारियों ने कहा है कि महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए विभाग द्वारा www.mahtarivandan.cgstate.gov.in और मोबाइल ऐप जारी किया गया है, इस लिंक और एप्प पर महिलाएं ऑनलाइन आवेदन कर सकती है। आवेदन के लिए किसी भी तरीके का शुल्क नही देना है। इसके अलावा महिलाएं अपने इलाके के आगंनबाडी केन्द्र,ग्राम पंचायत सचिव, और बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) से संपर्क कर उनके लॉगिन यूजर आईडी से आवेदन कर सकती है। महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पात्र आवेदकों को फॉर्म भरने के लिए कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा फर्जी लिंक सोशल मीडिया में वायरल किया गया है। महिलाओं के मोबाइल, व्हाट्सअप या किसी अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से https://www.mahtarivandanyojana.info/beneficiary-apply नाम से लिंक आएं तो इस लिंक का उपयोग नही करें। विभाग द्वारा आवेदन के लिए किसी भी निजी संस्था अथवा व्यक्ति को अधिकृत नही किया गया है।

### निः शुल्क आयुर्वेद और होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन

**छुरा 7 फरवरी।** संचालनालय आयुष रायपुर के निर्देशानुसार व जिला आयुर्वेद अधिकारी गरियाबंद के मार्गदर्शन मै विकास खंड स्तरीय निः शुल्क आयुर्वेद और होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन शीतला माताजी मंदिर परिसर छुरा मे संपन्न हुआ. शिविर मे शिशिर ऋतू मे होने वाले मौसामी बीमारी शर्दी, खासी, बुखार, डायरीया, मलेरिया आदि से बचने के उपाय व औषधियों का वितरण किया गया साथ ही शिविर मे गैर संचारी रोग, हाइ ब्लड प्रेसर, मधुमेह, वातरोग, लकवा, सन्धिवात, साइटीका, आदि का जांच व उपचार किया गया, शिविर मे ग्रामीणों का उत्साह देखते बना, शिविर प्रभारी डॉ विनोद ठाकुर ने आयुर्वेद उपचार के फायदे ग्रामीणों को विस्तार से बताते हुए मौसामी भजियो मे पाए जाने वाले पोषक तत्वों व उपयोग विधि को समझाया डॉ प्रीति साहू ने ग्रामीणों को आयुष हेल्थ वेलनेस सेन्टर मे उपलब्ध सेवाओं के बारे मे ग्रामीणों को अवगत करवाई साथ ही आयुर्वेद चिकित्सा को प्रथम चिकित्सा पद्धति के रूप मे अपनाने की अपील की,शिविर मे 250 मरीजों का जाँच व उपचार किया गया जिसमे 105 रोगियों को होमियोंपेथीक दवा व 155 रोगियों को आयुर्वेद पद्धति से उपचार किया गया, शिविर मे मुख्यातिथि के रूप मे पधारे नगर पंचायत छुरा के अध्यक्ष खोमन चंद्राकर ने आयुष विभाग के द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं, चिकित्सा विधि को विस्तार से जाना तथा आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को लोगो को अपनाने की अपील की शिविर मे शल्य चिकित्सक डॉ ऐश्वर्य साहू, होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ मिथलेश ठाकुर, श्यामा दीवान, रुपसिंग नेताम, द्वारिका गोयल, शरद, झरना साहू, मंसाराम,खेमचंद, शेखर,ने अपनी सेवा प्रदान की. शिविर मे नगर पंचायत छुरा के उपाध्यक्ष रिंकू सचदेव,उज्जवल जैन,थानसिंग निषाद,आदि ने सहयोग प्रदान किया।



# धान खरीदी की व्यवस्था से किसान हुए प्रसन्न

- जिले के 1 लाख 56 हजार 713 किसानों ने 8 लाख 72 हजार 163 मी.टन धान बेचा
- किसानों को 19 सौ करोड़ 40 लाख रूपये से अधिक राशि का हुआ भुगतान
- निर्विवाद रूप से धान खरीदी होने पर कलेक्टर ने जताया आभार

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,7 फरवरी।** धान खरीदी के अंतिम दिन 97 उपार्जन केन्द्रों में कुल 823 किसानों ने 13 हजार 660 क्विंटल धान बेचकर धान खरीदी त्यौहार का समापन किया। 1 नवम्बर से प्रारंभ हुई धान खरीदी के तहत जिले के 1 लाख 56 हजार 713 किसानों से 8 लाख 72 हजार 163 मे..टन धान खरीदी की गई है। जिसके एवज में सभी किसानों को कुल 19 सौ करोड़ 40 लाख 4 हजार 32 रूपये राशि का भुगतान किया गया है। इस वर्ष धान खरीदी की समुचित व्यवस्थाओं से किसान काफी गदगद हुए है। उन्होंने शासन की खरीदी व्यवस्था की तारीफ करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया है। जिले के खाद्य अधिकारी विमल दुबे ने बताया कि जिले में 1 लाख 60 हजार 817 किसान पंजीकृत थे। जिसमें 166 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 1 लाख 56 हजार 713 किसानों ने 8 लाख 72 हजार 163 मे.टन धान बेचे है। जो कि कुल रकबा का 97.45 प्रतिशत है। जिसमें मोटा धान 2 लाख 15 हजार 714 मे.टन, पतला 5 हजार 542में.टन एवं सरना 6 लाख 50 हजार 907 मे.टन शामिल है। इसके साथ ही 91 प्रतिशत धान का उठाव उपार्जनों केन्द्रों से किया जा चुका है। आने वाले दिनों में उक्त उठाव 100 प्रतिशत हो जायेगी।

इसी तरह जिले के 15 सहकारी बैंक शाखाओं के माध्यम किसानों के खाते में 19 सौ करोड़ 40 लाख 4 हजार 32 रूपये राशि का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जा चुका है। लाभान्वित किसानों में शाखा कोसमंदी के 5923 किसानों को 67 करोड़ 86 लाख रूपये,पलारी 6159 किसानों को 70 करोड़ 9 लाख 83 हजार रूपये, निपनिया 11086 किसानों को 1 सौ 40 करोड़ 98 लाख 31 हजार रूपये, कोदवा 10182 किसानों को 1 सौ 22 करोड़ 81 लाख 51 हजार रूपये, वटगन 6532 किसानों को 83 करोड़ 72 लाख 9 हजार रूपये, भटभेरा 8457 किसानों को 99 करोड़ 44 लाख 2 हजार रूपये, कसडोल 13714 किसानों को 1 सौ 59 करोड़ 64 लाख 8 हजार रूपये, हथबंद 8346 किसानों को 100 करोड़ 85 लाख 79 हजार रूपये, भाटापारा 12415 किसानों को 1 सौ 46 करोड़ 95 लाख 1 हजार रूपये, लवन 13739 किसानों को 1 सौ 59 करोड़ 83 लाख 51 हजार रूपये, टुण्डरा नवीन 9838 किसानों को 1 सौ 14 करोड़ 58 लाख 4 हजार रूपये, बलौदाबाजार 17156 किसानों को 2 सौ 7 करोड़ 85 लाख 38 हजार रूपये, सिमगा 15679 किसानों को 1 सौ 80 करोड़ 56 लाख 43 हजार रूपये, बया 9442 किसानों को 1 सौ 52 करोड़ 79 लाख 56 हजार रूपये एवं रोहांसी 8046 किसानों को 96 करोड़ 4 लाख 67 हजार रूपये राशि का भुगतान किया गया है। गत वर्ष की तुलना में जिले में इस वर्ष 7 हजार 547 अधिक किसानों अपने धान बेचे है। इसी तरह पिछले वर्ष की तुलना में रिकार्ड तोड़ 2 लाख 53 हजार 557 मे.टन धान की खरीदी की गई है। कलेक्टर ने धान खरीदी में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति जताया आभार कलेक्टर चंदन कुमार ने जिलें मे निर्विवाद पूर्ण तरीके से धान खरीदी होने पर खरीदी में लगे विभिन्न विभागों के सभी मैदानी कर्मचारी, अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशो के अनुरूप धान खरीदी में किसी भी किसान को कोई तकलीफ न हो इसका मैदानी कर्मचारियों ने विशेष ध्यान रखा। सभी ने बहुत मेहनत किया जिसका ही परिणाम है कि धान खरीदी में कोई बड़ी समस्याओं का सामना जिले में नहीं करना पड़ा। किसानों के लिए बारदानों से लेकर किसानों के पीने की पानी तक कि व्यवस्था सुचारू रूप से किया गया था जो कि काबिलेतारीफ है।

# बलवा कर मारपीट करने वाले 4 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 7 फरवरी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जिले मे घटित अपराधिक मामलों में त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गए है, जिसके पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी भाटापारा श्री आशीष अरोड़ा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी हेमंत पटेल थाना हथबंद द्वारा त्वरित कार्यवाही कर बलवा कर एक ही परिवार के तीन चार लोगों से मारपीट करने वाले ग्राम सिनोधा के आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी राम कुमार साहू निवासी गोरदी थाना हथबन्द् ने रिपोर्ट दर्ज कराया की घटना दिनांक 4.2.2024 को रात्रि में मलाई मेला वह डांस का कार्यक्रम था, जिसमें आसपास के ग्रामीण भी आए थे सुबह करीब 5ः00 बजे ग्राम सीनोधा के जीतु यदु, दाऊवा यदु, समरु यदु, राहुल यदु, मोहित यदु, जोहन यदु, समीर यदु, सूरज वर्मा, सभी एक राय होकर गली में गाली बकते हुए गोरदी वाले को नहीं छोड़ेंगे कहने लगे, जिसे घर से बाहर निकाल कर मना करने पर सभी एक राय होकर मां-बहन की गंदी-गंदी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुका व लाठी डंडा से मुझे वह मेरी पत्नी व लड़का को मारपीट कर पहुंचाये हैं, की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्र. 21/2024 धारा 147,149,294,323,506 भादवी दिनांक 4.2.2024 को कायम कर विवेचना मे लिया गया है! प्रकरण की विवेचना दौरान घटना में संलिप्त 04 आरोपियों को, गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। प्रकरण में शेष आरोपियों की पता तलाश किया जा रहा है।



### धान खरीदी पर कांग्रेस विधायकों का बहिर्गमन नौटंकी, बघेल ड्रामेबाजी के बजाय प्रमाणित तथ्य प्रस्तुत करें: भाजपा

**राजिम 7 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि धान कीमत की अंतर राशि के भुगतान के लिए राज्य की भाजपा सरकार ने कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत 12 हजार करोड़ का प्रावधान कर एक और मोदी की गारंटी को पूरा कर दिया है। छत्तीसगढ़ के किसानों एवं भाजपा किसान मोर्चा ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार माना है। श्री शर्मा ने कहा कि इस योजना से किसानों को प्रति एकड़ 19,257 रु. की अतिरिक्त राशि प्राप्ति होगी और यह राशि किसानों को एकमुश्त प्राप्त होगी। यह राशि पूर्ववर्ती भूपेश सरकार द्वारा झुला-झुलाकर चार किश्तों में दी जाने वाली राशि की दोगुना से भी अधिक है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री शर्मा ने योजना के नामकरण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार होती तो इसका नामकरण परिवारवाद के भेंट चढ़ गया होता। भाजपा की साय सरकार द्वारा इस बार 145 लाख टन धान की खरीदी कर इतिहास रच दिया गया। श्री शर्मा ने धान खरीदी पर कांग्रेसी विधायकों द्वारा बहिर्गमन को नौटंकी करार देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को कोई भी ड्रामेबाजी से बचने की नसीहत दी और चुनौती देते हुए कहा कि वे ऐसे किसानों की प्रमाणित सूची जारी करें जो किसान धान बेचने के लिए पात्र हैं और जिन्हें निर्धारित समय पर टोकन प्राप्त नहीं हुआ या टोकन प्राप्त हुआ और धान नहीं बिका। इस तरह की राजनीतिक नौटंकियों से पूर्व मुख्यमंत्री बघेल को अब बाज आना चाहिए। इससे पहले भी जितने ड्रामे बघेल ने किए हैं, उन तमाम ड्रामों की पोल खुल गई है और जनता ने ऐसे ड्रामेबाज लोगों को जमीन दिखा दी है।

# एथलेटिक चैंपियनशिप प्रतियोगिता 8 फरवरी से 11 फरवरी तक

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दल्लीराजहरा 7 फरवरी।** 43 वे राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक चैंपियनशिप प्रतियोगिता हैदराबाद में 8 फरवरी से 11 फरवरी तक संपन्न होगी। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए राजहरा माइंस एथलेटिक क्लब के छह खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक सुदर्शन सिंह के नेतृत्व में दल्ली राजहरा से हैदराबाद तेलंगाना के लिये रवाना हुए द्य बीएसपी राजहरा खदान में कार्यरत तारा सिंह सीनियर ऑपरेटर 5 किलोमीटर पैदल चाल एवम 5 किलोमीटर दौड़ में भाग लेंगे द्य राजहरा खदान के मोहनलाल सीनियर ऑपरेटर हैमर थ्रो ,राजहरा टाउनशिप के मास्टर टेक्नीशियन कृष्णमूर्ति शॉट पुट डिसकस और हैमर थ्रो में भाग लेने लेंगे जबकि सेवा निवृत कर्मचारी बालमुकुंद सिंह हैमर थ्रो स्पर्धा में भाग लेंगे द्य बालमुकुंद सिंह पूर्व में भी हैमर थ्रो प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर एशियाई गोल्ड कप जीत चुके हैं , शेषनाथ गुप्ता 5000 मीटर पैदल चाल और परमेश्वर डहरवाल 5 किलोमीटर पैदल चाल तथा 10द्यद्य दौड़ में भाग लेंगे। संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य से कुल 52 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेने जा रहे हैं द्य जबकि बालोद जिला से कुल 7 खिलाड़ी है द्य कांकेर लोकसभा और बस्तर लोकसभा के कुल 20 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए जा रहे हैं जिसका नेतृत्व सुदर्शन सिह एनआईएस कोच करेंगे। सभी प्रतियोगियों को कांकेर लोकसभा सांसद मोहन मंडावी एवं बस्तर लोकसभा सांसद दीपक बैज ने भी बधाई संदेश भेजा है द्य भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालन निर्देशक खदान भिलाई इस्पात संयंत्र विपिन गिरी, राजहरा माइंस खदान समूह के मुख्य महाप्रबंधक आरबी गहरवाल , सी श्रीकांत महाप्रबंधक पीएम सीपुरकर ,महाप्रबंधक कार्मिक विभाग प्रमुख आर रेड्डी, उपमहा प्रबंधक कार्मिक नगर प्रशासक मंगेशसर ,राजहरा माइंस एथलेटिक क्लब के अध्यक्ष प्रवीण मराठे , क्लब के महासचिव कुलदीप सिंह एवं अनेक खेल प्रेमियों ने सभी खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। टीम का नेतृत्व कर रहे एन आई ए कोच सुदर्शन सिंह ने कहा कि हैदराबाद में आयोजित नेशनल प्रतियोगिता में राजहरा खदान के सभी खिलाड़ियों का मनोबल ऊंचा और उत्साह जनक है आशा है कि जिले के समस्त खिलाड़ी पदक जीत कर लौटेंगे।




## ईश्तहार

सर्व धारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम देवडोंगर पटवारी हल्का 02 राजनिरीक्षक मण्डल माकड़ी जिला कोण्डागांव छ.ग. में स्थित कृषि भूमि खसरा नम्बर 25 रकबा 3.8440 हेक्टयर 09 एकड़ भूमि बीरू पिता स्व.चैतू के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है मेरे पक्षकार डोरा पिता बीरू को विश्वनीय सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि बीरू पिता स्व.चैतू की तबियत खराब रहती है और वृद्ध होने से सोचने समझने में असमर्थ है जिसका फायदा किसी भी व्यक्ति या परिवार के सदस्यों के द्वारा यदि मेरे पक्षकर के पिता श्री बीरू पिता स्व. चैतू के द्वारा मेरे पक्षकार की जानकारी के बगैर किसी भी प्रकार का कोई भी अंतरण (वसीयत, दान, हकत्याग, विकय,) किया जाता है तो उसे शुन्य माना जावेगा क्यों कि उपरोक्त संपत्ति में उसके उत्तराधिकारियों का भी अधिकार अर्जित होता है ।

अतः उपरोक्त ईश्तहार प्रकाशन के उपरान्त यदि किसी व्यक्ति, संस्था, सरकार के साथ किसी भी प्रकार का उपरोक्त वर्णित अंतरणों में मेरे पक्षकार के पिता बीरू पिता स्व.चैतू के द्वारा किया जाता है तो उसे शून्य माना जावेगा एवं किया गया अंतरण के संबध में अंतरिति स्वयं जिम्मेदार होगा ।

**स्थान:- कोण्डागांव**
**दिनांक:- 06/02/24**

मुहर

**मनोज कुमार नेताम (अधिवक्ता) लंजोड़ा तह.थाना कोण्डागांव जिला कोण्डागांव छ.ग .**

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202401092100067**

विषय -अ-6 अ मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2023-2024

**कुरूभाठ प. ह. न. 00029)**
**पक्षकारों का विवरण -**
**आवेदक पक्षकार- खेदुराम सिन्हा,**
**अनावेदक पक्षकार-**

## ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक खेदुराम सिन्हा आ. कुंवरलाल सिन्हा जाति कलार, निवासी ग्राम राका, पोस्ट मुरमुन्दा, तहसील डोंगरगढ, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदक के आधिपत्य एवं स्वामित्व में ग्राम कुरूभाठ प.ह.नं. 29, रा.नि.मं. लाल बहादुर नगर, तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाव में खसरा नंबर 415/1 रकबा 0.303 हे. कृषि भूमि स्थित है जिसमें मेरी जाति लोधी दर्ज की गई है जो कि गलत व त्रुटि पूर्ण है। आवेदक के राजस्व रिकार्ड भूमि में जाति लोधी दर्ज होने से मुझे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जबकि मेरी जाति कलार है तथा कलार के स्थान पर लोधी दर्ज होने के कारण मुझे शासन के योजना के लाभ से वंचित होना पड़ रहा है इसलिए मैं अपने दाखिल खारिज में दर्ज जाति कलार के अनुसार ही राजस्व रिकार्ड में लोधी के स्थान पर कलार दर्ज कराना चाहता हूं। आवेदक के राजस्व रिकार्ड में दर्ज भूमि में लोधी के स्थान पर कलार दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 19.02.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24/01/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
डोंगरगढ़



मोदी की गारंटी
विष्णु का सुशासन

हमने बनाया है
हम ही संवारेंगे

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

# छत्तीसगढ़
## में धान खरीदी का नया कीर्तिमान

अब तक सर्वाधिक 24.72 लाख किसानों से
सर्वाधिक 145 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी

गत वर्ष से 2.30 लाख अधिक किसानों से खरीदा धान

किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी

संवाद आर.ओ. 39579/33



खुशहाल किसान
बढ़ा आत्मसम्मान



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क


कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26